Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 54
लखनऊ, बुधवार, 11 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-9

साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकार के लिए नए खतरे



## रास के सभापति धनखड़ पर भरोसा नहीं : विपक्ष



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** में जारी हंगामें के बीच विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ गोलबंद हो गया और उनके खिलाफ गंडिया गुट अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है, जिसमें उन पर उच्च सदन के अध्यक्ष के रूप में पक्षपातपूर्ण आचरण का आरोप लगाया गया। उपराष्ट्रपति उच्च सदन के अध्यक्ष हैं।

सदन में यदि इस प्रस्ताव को लाने की अनुमति मिलती है तो विपक्षी दलों को इसे पारित कराने के लिए साधारण बहुमत की जरूरत होगी, लेकिन फिलहाल उनके पास संख्या बल नहीं है। वर्तमान समय में राज्यसभा में कुल 243 सदस्य हैं और इसमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास बहुमत है। विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया है कि उसके इस कदम के पीछे संसदीय लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ने का एक मजबूत संदेश है। संविधान के अनुच्छेद 67 में उपराष्ट्रपति की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने से जुड़े तमाम प्रावधान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 67(बी) में कहा गया है, उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के एक प्रस्ताव, जो सभी सदस्यों के बहुमत से पारित किया गया हो और लोकसभा द्वारा सहमति दी गई हो, के जरिए उनके पद से हटाया जा सकता है। लेकिन कोई प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कम से कम 14 दिनों का नोटिस नहीं दिया गया हो, जिसमें यह बताया गया हो ऐसा प्रस्ताव लाने का इरादा है।

नोटिस पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, द्रमुक, समाजवादी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कुछ अन्य विपक्षी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, द्रमुक नेता तिरुची शिवा और तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन के हस्ताक्षर इस नोटिस पर नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर रॉय, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी, मुख्य सचेतक जयराम रमेश, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला तथा कई अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने धनखड़ के खिलाफ दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। विपक्षी दलों द्वारा सभापति धनखड़ के विरुद्ध यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब लोकसभा एवं राज्यसभा, दोनों सदनों में सत्ता पक्ष ने अमेरिकी उद्योगपति जार्ज सोरोस के मुद्दे पर काग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर हमला तेज कर दिया है।

कांग्रेस महासचिव रमेश ने मीडया से बातचीत में बताया कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने एकजुट होकर सर्वसम्मति से राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है। कांग्रेस नेता ने (शेष पृष्ठ 9)

## अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए चलाया जाए अभियानः एलजी

**संजय राय।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार जारी है। हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों को तोड़ा जा रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे अवैध प्रवासी बांग्लादेशी लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को आदेश दिया है कि विशेष अभियान चलाकर दो महीने के भीतर अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करें और इनके खिलाफ समयबद्ध तरीके से कड़ी कार्रवाई की जाए। यह कदम गत शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से हजरत निजामुद्दीन दरगाह और बस्ती हजरत निजामुद्दीन के उलेमाओं और मुस्लिम नेताओं की मुलाकात, और उनके द्वारा उपराज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन के बाद उठाया गया है। इसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू समेत अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की थी और दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने के खिलाफ नागरिक समाज के सदस्यों ने विरोध जुलूस निकाला। पुलिस के एक अधिकारियों ने बताया कि विरोध-प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित हुआ और यात्रियों को असुविधा हुई। विरोध जुलूस के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है।




नई दिल्ली के तीन मूर्ति चौक पर मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ दिल्ली के सामाजिक संगठनों ने बांग्लादेश दूतावास पर विरोध मार्च निकाला। फोटो : रंजन डिमरी/द पायनियर

किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उपराज्यपाल सचिवालय के अनुसार, दिल्ली के प्रमुख उलेमाओं और यहां के मुस्लिम निवासियों ने अपने ज्ञापन में राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को दिल्ली में न तो मकान किराए पर देने और न ही किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा उन्हें रोजगार देने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने उनके बच्चों को किसी भी सरकारी या निजी स्कूल में प्रवेश नहीं देने का भी अनुरोध किया है। मुस्लिम नेताओं ने इन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा सड़कों फुटपाथों, पार्कों और अन्य सरकारी जमीनों पर किए जबरन कब्जे को खाली कराने और इनके द्वारा हासिल किए गए अवैध आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र समेत अन्य सरकारी दस्तावेजों को तुरंत रद्द करने की भी मांग की है। अगर किसी मस्जिद या मदरसे ने ऐसे घुसपैठियों को पनाह दी हुई है तो उन्हें तुरंत बाहर निकालना चाहिए। इसके लिए उन्होंने पहले की ही तरह दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियोंकी पहचान के लिए चलाए गए विशेष अभियान को दोबारा चलाने की मांग करते हुए उन्हें तुरंत बांग्लादेश वापस भेजने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा है कि मामले की गंभीरता के मद्देनजर उपराज्यपाल ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ मुस्लिम समुदाय की मांग के अनुसार कड़ी और समयबद्ध कार्रवाई करने के लिए दो महीने का विशेष अभियान शुरू करने और इस संबंध में नियमित रूप से सचिवालय को साप्ताहिक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।



मुंबई के कुर्ला में बेस्ट की बस द्वारा पैदल चलने वालों और वाहनों को टक्कर मारने के बाद मलबे के पास लोग जमा हो गए। पीटीआई

## मुंबई बस हादसे में सात लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** में नशे में धुत बस ड्राइवर की घोर लापरवाही से बस चलाने और नियंत्रण खो देने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 42 लोग घायल हो गए। यह भयावह घटना सोमवार रात को उत्तर-मध्य मुंबई के कुर्ला में उस समय हुई जब बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (बेस्ट) की इलेक्ट्रिक बस को नशे में धुत ड्राइवर ने 20 से 25 वाहनों को टक्कर मार दी। यह दुर्घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे कुर्ला (पश्चिम) के भीड़भाड़ वाले बाजार में हुई, जब भीड़भाड़ वाली बेस्ट बस कुर्ला रेलवे स्टेशन से उत्तरी मुंबई के अंधेरी (पूर्व) के साकी नाका इलाके की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार बस, जिसे कथित तौर पर शराब के नशे में ड्राइवर चला रहा था, ने नियंत्रण खो दिया, अंबेडकर नगर के प्रवेश द्वार से टकराने से पहले सड़क पर चल रहे पैदल यात्रियों को भी कुचल दिया। दुर्घटना में शामिल बस हैदराबाद स्थित ओलेक्ट्रा (शेष पृष्ठ 9)



## एनआईए ने लाओस मानव तस्करी, साइबर गुलामी मामले में मुख्य आरोपी को दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को लाओस मानव तस्करी और साइबर गुलामी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता हासिल की। जिसे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के सहयोग से पकड़ा गया। एनआईए ने एक बयान में कहा कि कामरान हैदर की गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी सिंडिकेट को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अपने सह-आरोपी के साथ, हैदर कथित तौर पर पीड़ितों के लिए फ्लाइट टिकट और दस्तावेजों की व्यवस्था करने और गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र में संपर्कों की मदद से उनकी 'अवैध सीमा पार' की सुविधा प्रदान करने में सीधे तौर पर शामिल था। गोल्डन ट्राएंगल म्यांमार, थाईलैंड और लाओस के कुछ हिस्सों को मिलाकर एक बड़े, पहाड़ी क्षेत्र (शेष पृष्ठ 9)

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार के भाषण का लिया संज्ञान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय के जस्टिस शेखर कुमार यादव के बयान का उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से विवरण और ब्यौरे मंगवाए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर कुमार ने कहा था कि देश बहुसंख्यक के हिसाब से चलेगा।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण की समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय से विवरण और जानकारियां मंगाई गई हैं तथा मामला विचाराधीन है। न्यायाधीश ने विहिप के एक समारोह में कहा था कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति यादव ने यह टिप्पणी आठ दिसंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विहिप के प्रांतीय विधिक प्रकोष्ठ एवं उच्च न्यायालय इकाई के सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। बहुमत के अनुसार काम करने वाले कानून सहित विभिन्न मुद्दों



पर बात करते न्यायमूर्ति यादव का वीडियो एक दिन बाद व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस पर विपक्षी दलों सहित विभिन्न धड़ों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उन्होंने न्यायाधीश के कथित बयानों पर सवाल उठाए तथा इसे घृणास्पद भाषण करार दिया।

अधिवक्ता और गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश खन्ना को एक पत्र लिखकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आचरण की आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया। भूषण ने कहा कि न्यायाधीश ने न्यायिक नैतिकता के साथ-साथ निष्पक्षता और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी ने एक तटस्थ मध्यस्थ के रूप में न्यायपालिका की भूमिका कमजोर की है तथा इसकी स्वतंत्रता में जनता के विश्वास को क्षीण किया है। भूषण ने पत्र में कहा, न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए एक मजबूत संस्थागत प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, हम आपके कार्यालय (प्रधान न्यायाधीश) से आग्रह करते हैं कि न्यायमूर्ति यादव द्वारा न्यायिक अनियमितताओं की जांच के लिए तत्काल एक आंतरिक समिति गठित करके तथा उनसे सभी न्यायिक कार्य वापस लेकर न्यायपालिका की संस्था में लोगों का विश्वास बहाल करें। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात ने आठ दिसंबर को प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा कि उक्त न्यायाधीश का भाषण उनकी शपथ का उल्लंघन है तथा उन्होंने मांग की कि न्यायालय में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। करात ने इस मामले में शीर्ष अदालत से कार्वाई करने का अनुरोध किया। इसी प्रकार, बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बयान की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।

## महाराष्ट्र में डाले गए वोटों और वीपीपैट के मिलान में कोई अंतर नहीं : ईसीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**भारत** के चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि पिछले महीने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में डाले गए वोट और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीपीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई भी गड़बड़ी नहीं पाई गई। ईसीआई ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औचक तरीके से चुने गए मतदान केंद्रों से वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती सफलतापूर्वक पूरी हुई।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन महायुति की शानदार जीत के बाद विपक्षी दलों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वीवीपैट पर्चियों की गिनती का उद्देश्य ईवीएम में दर्ज वोटों का मिलान वीवीपैट पर्चियों से करना है। उसने कहा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे थे। अधिकारियों ने महाराष्ट्र के 288 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,440 वीवीपैट मशीनों का सत्यापन किया। बयान में कहा गया है कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षकों ने (शेष पृष्ठ 9)

## सुप्रीम कोर्ट ने केएमपी एक्सप्रेसवे का बढ़ा मुआवजा बरकरार रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के लिए हरियाणा में अधिग्रहित की गई कुछ भूमि स्वामियों को देय मुआवज़ा बढ़ा दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के नवंबर 2021 के उस फ़ैसले को रद्द कर दिया, जिसमें झज्जर के जिला राजस्व अधिकारी-सह-भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (एलएसी) के मुआवज़े को बढ़ाने के आदेश को रद्द कर दिया गया था।

एलएसी ने 15 सितंबर, 2020 को पारित एक आदेश में मुआवज़े को बढ़ाकर 19,91,300 रुपये प्रति एकड़ कर दिया था, साथ ही समान स्थिति वाले भूमि स्वामियों को उच्च न्यायालय द्वारा पहले दिए गए वैधानिक लाभ भी दिए। न्यायालय ने कुछ भूमि स्वामियों द्वारा उच्च न्यायालय के नवंबर 2021 के फ़ैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फ़ैसला सुनाया था।

पीठ ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत नवंबर 2004 की अधिसूचना पर गौर किया कि झज्जर जिले में अपीलकर्ताओं की



जमीन एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की गई थी और मार्च 2006 में एक फैसले के तहत 12.50 लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा निर्धारित किया गया था। अदालत ने नोट किया कि फैसले से व्यथित होकर कुछ समान स्थिति वाले भूमि मालिकों ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, झज्जर के समक्ष मुआवजा बढ़ाने के लिए एक संदर्भ दिया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। पीठ ने आगे कहा कि ऐसे भूमि मालिकों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने मई 2016 में वैधानिक लाभों के साथ मुआवजा बढ़ाकर 19,91,300 रुपये प्रति एकड़ कर दिया। पीठ ने कहा कि 30 जून 2016 को अपीलकर्ताओं ने एलएसी, झज्जर के समक्ष अधिनियम की धारा 28-ए के तहत एक आवेदन दायर किया, जिसने कहा कि अपीलकर्ता उच्च न्यायालय के मई 2016 के फैसले का लाभ पाने के हकदार थे और मुआवजा बढ़ा दिया। अधिनियम की धारा 28-ए न्यायालय के निर्णय के आधार पर मुआवजे की राशि के पुनर्निर्धारण से संबंधित है। मामला फिर से उच्च न्यायालय के समक्ष आया जिसने एलएसी के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायालय द्वारा दिए गए पिछले फैसले का हवाला देते हुए, पीठ ने कहा कि यह माना गया था कि धारा 28-ए के उद्देश्यों और कारणों के विवरण से पता चलता है कि प्रावधान के अधिनियमन के पीछे अंतर्निहित उद्देश्य समान या (शेष पृष्ठ 9)

## पटियाला हाउस कोर्ट ने अभिनेता धर्मेंद्र को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की पटियाला हाउस कोर्ट ने गरम धरम ढाबा फ्रेंचाइजी से संबंधित धोखाधड़ी के एक मामले में पूर्व सांसद और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य को समन भेजा है। राष्ट्रीय राजधानी के व्यवसायी सुशील कुमार की शिकायत के आधार पर समन जारी किया गया है। कुमार ने आरोप लगाया है कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था। अन्य दो आरोपियों को भी आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के अपराध के लिए समन भेजा गया है।

वकील डी. डी. पांडे ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने दिल्ली के व्यवसाई सुशील कुमार की शिकायत पर 89 वर्षीय अभिनेता के खिलाफ यह आदेश पारित किया। सुशील कुमार ने आरोप लगाया था कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश का प्रलोभन दिया गया था। न्यायाधीश ने पांच दिसंबर को पारित आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि आरोपी व्यक्तियों ने अपनी साझा मंशा के तहत शिकायतकर्ता को निवेश के लिए प्रेरित किया। अदालत ने कहा कि साक्ष्यों से धोखाधड़ी के अपराध का खुलासा होता है।

न्यायाधीश ने कहा कि प्रथम दृष्टया अभिनेता और सह आरोपी दीपक भारद्वाज व उमंग तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मामला प्रतीत होता है। न्यायाधीश ने आरोपियों को 20




फरवरी 2025 को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद दस्तावेज गरम धरम ढाबा से संबंधित हैं और आशय पत्र पर उक्त रेस्तरां का लोगो भी लगा हुआ है। न्यायाधीश ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पक्षकारों के बीच लेनदेन गरम धरम ढाबा से संबंधित है और आरोपी संख्या एक (धर्म सिंह देओल) की ओर से आरोपी संख्या दो (भारद्वाज) और तीन (तिवारी) द्वारा किया जा रहा था।

रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य प्रथम दृष्टया इंगित करते हैं कि आरोपी व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को अपने साझा इरादे के तहत आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और धोखाधड़ी के अपराध से जुड़ी चीजों का विधिवत खुलासा किया गया है। अदालत ने भुगतान के बाद परियोजना के बारे में पूछताछ करने पर शिकायतकर्ता को कथित रूप से आपराधिक धमकी देने के मामले में भारद्वाज और तिवारी को तलब किया। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पक्षों के बीच लेन-देन गरम धरम ढाबा से संबंधित है और आरोपी धरम सिंह देओल (धर्मेंद्र) की ओर से सह-आरोपी द्वारा यह लेन-देन किया जा रहा था। शिकायत के अनुसार, अप्रैल 2018 में सह-आरोपी ने धरम सिंह देओल (धर्मेंद्र) की ओर से उनसे संपर्क किया था और उत्तर प्रदेश में एनएच-24।एनएच-9 पर गरम धरम ढाबा की फ्रेंचाइजी खोलने का प्रस्ताव दिया था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने सितंबर 2018 में 17.70 लाख रुपए की राशि का चेक सौंपा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी ने उन्हें जवाब देना बंद कर दिया। पुलिस जांच ने आशय पत्र के निष्पादन की पुष्टि की, लेकिन कहा कि मामला अनुबंध के उल्लंघन से संबंधित एक नागरिक विवाद था। पुलिस ने नोट किया कि कुमार अब फ्रेंचाइजी नहीं चाहते थे और इसके बजाय उन्होंने अपने निवेश की वापसी मांगी। चूंकि कोई संज्ञेय अपराध नहीं पाया गया, इसलिए पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं थी।

### सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल

## नाम में क्या रखा है!

**बिस्वजीत बनर्जी।** जौनपुर

**उत्तर प्रदेश** के जौनपुर जिले के देहरी गांव में अनोखे सामाजिक-सांस्कृतिक बदलाव में कई मुस्लिम परिवारों ने अपने नामों के साथ हिंदू उपनाम जैसे दुबे और तिवारी जोड़ रहे हैं। उनका दावा है कि उनके पूर्वज हिंदू थे। इसे सांप्रदायिक सद्भाव और अपनी विरासत का सम्मान करने का कदम बताया जा रहा है। उन्होंने अपने वंश का सम्मान करने के लिए गायों की सेवा और पारंपरिक हिंदू अनुष्ठानों जैसी प्रथाओं को भी अपनाया है।

जौनपुर के जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर स्थित देहरी गांव में मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी है। कथित तौर पर यह चलन दो साल पहले शुरू हुआ था जब कुछ ग्रामीणों ने अपने वंश का पता लगाया, जिससे व्यापक जिज्ञासा और बहस छिड़ गई। उसके बाद गांव के लगभग 30 से 35 मुस्लिम परिवारों ने इन जातियों से ऐतिहासिक संबंध होने का दावा करते हुए दुबे, तिवारी, ठाकुर और कायस्थ जैसे उपनाम अपना लिए हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब देहरी के नौशाद अहमद ने अपनी शादी के निमंत्रण कार्ड पर नौशाद अहमद दुबे नाम छपवाया। जब इसका कारण पूछा गया, तो नौशाद ने बताया, उनके पूर्वज (शेष पृष्ठ 9)

# कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता: मुख्यमंत्री

● कहा, समय के अनुरूप खुद को तैयार न करने वाले छूट जाते हैं पीछे

**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए योगी**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता है, उसका प्रवाह निरंतर चलता रहता है, इसलिए हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा। समय के अनुरूप सोचने और चलने की आदत डालनी होगी। समय के अनुरूप खुद को तैयार न कर पाने वाले पिछड़ कर पिछलग्गू हो जाते हैं।

सीएम योगी मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम समय के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को जोड़ते हुए टीम भावना के साथ समाज और देश हित के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। जब सामूहिकता की भावना और टीम वर्क से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी उसी के अनुरूप सार्थक आएंगे। परिणाम ही प्रयास और तैयारी के स्तर का वास्तविक परिचय देता है। टीम वर्क और परिणाम के बीच साम्य को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता को भी उद्धृत किया। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का बचपन इंसेफेलाइटिस के दुष्चक्र में 1977 से लेकर 40 साल तक फंसा रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत हो गई। पहले उपचार की व्यवस्था नहीं थी। उपचार की व्यवस्था हुई, वैक्सीन आया तो वायरस ने अपना नेचर चेंज कर लिया। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो प्रदेश और केंद्र सरकार ने टीम भावना के साथ, डब्लूएचओ, यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग तथा सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय से मिलकर लड़ाई लड़ी। इसका परिणाम रहा कि 40 साल की समस्या का समाधान 2 साल में हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज की पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल के उपयोग में अनावश्यक अत्यधिक समय बिताने से बचे। अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बिताए। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जीवन से सीख लेने की बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार लीक से हटकर कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। यह क्षेत्र समाज सेवा, सामाजिक चेतना, महिला एवं बाल उत्थान, अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन या समाज से जुड़ा कुछ भी हो सकता है। हम किसी भी एक क्षेत्र को चुनकर आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज ही के दिन दस वर्ष पूर्व उन्हें दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। कैलाश सत्यार्थी का जीवन प्रत्येक क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरक है।

## संस्थाओं और मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

**संस्थापक** सप्ताह के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की उत्कृष्ट संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंच से 200 पुरस्कार वितरित किए गए। करीब 800 पुरस्कार संस्थाओं के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। संस्थापक समारोह के मुख्य महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह की पुस्तक 'शिक्षा की भारतीय अवधारणा' का विमोचन भी किया गया।

## करुणा का भूमंडलीकरण करना समय की मांग: कैलाश सत्यार्थी



**प्रख्यात** समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करुणा का भूमंडलीकरण करना समय की मांग है। करुणा को सिर्फ दया या परोपकार की तरह नहीं लिया जा सकता। यह सामान्य मानवीय गुण नहीं, दैवीय शक्ति है। हमें जीवन में चेतना और प्रज्ञा की यात्रा में करुणा के महत्व को समझना होगा। चेतना बुद्धि का विकास करती है तो इस चेतना को प्रज्ञा तक जाने के लिए करुणा का होना अपरिहार्य है।

उन्होंने कहा कि करुणा का अर्थ दूसरों की तकलीफ को अपनी तकलीफ की तरह महसूस करना और उसे दूर करने के लिए पूरी सामर्थ्य से जुट जाना है। उन्हें खुशी है कि आज वह करुणामय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हैं। योगी जी मानवता के उद्धार का कार्य पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। हर नागरिक का भी यही सपना होना चाहिए।

# विकास कार्यों की रफ्तार और तेज की जाए: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसकी लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की रफ्तार और तेज की जाय, बजट का समय से सदुपयोग किया जाय। महाकुंभ में ग्रामीण विकास विभाग की सभी शाखाओं के स्टाल लगाए जांय। श्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। कहा कि महाकुंभ में ग्रामीण विकास विभाग की सभी शाखाओं के स्टाल लगाए जांय। उन्होंने कहा कि समूह की दीदियों के सभी जनपदों के स्टाल/प्रदर्शनी लगाई जाय और समूहों की उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को प्रदर्शित की जाय। मनरेगा आजीविका मिशन, पीएमजीएसवाई, आदि सभी के स्टाल लगाए जांय। बताया गया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार भी प्रदर्शनी भी महाकुंभ में लगायी जायेगी। कहा कि महाकुंभ में स्टालों की व्यवस्था के लिए सुयोग्य अधिकारी लगाये जाय। कहा कि वहां पर सोलर एनर्जी युक्त टीएचआर प्लान्ट का माडल भी लगाया जाय। कहा कि बीमा सखी के कान्सेप्ट को समझ कर आजीविका मिशन की सखियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जाय। पी एम सूर्य धर योजना के तहत सूर्य सखी के रूप में सी एल एस को ऐज वेन्डर इम्पैनल्ड कराने पर विचार किया जाय। एम एस एम ई में भी दीदियों की सेवाएं लेने के लिए विचार विमर्श किया जाय। कहा कि जहां जहां बी एम एम तैनात नहीं हैं, वहां पर उस पद के दायित्वों की जिम्मेदारी ए डी ओ ( आई एस बी) को देने की कार्यवाही की जाय।

# तत्परता और संवेदनशीलता से हो जनता की समस्याओं का समाधान: योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

● जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

**सोमवार** दोपहर बाद गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण तत्परता और शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा

**गोरखनाथ** मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोवंश को दुलारकर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश के साथ सीएम योगी स्नेहिल भाव से कुछ देर खेलते भी रहे।

# मुख्यमंत्री ने हाथरस में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में मथुरा-कासगंज हाइवे पर हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में लगे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे भूखण्ड संख्या 979 ब्लॉक-आर. एन. रतनलाल नगर कानपुर की मूल लीजडीड वास्तव में कहीं खो गई है इसका प्रयोग अवैध होगा। श्रीमती प्रीत कौर पत्नी श्री गुरबिंदर सिंह

**सूचना**

मैं अमित कुमार S/o श्री राम शंकर नि० 128/129, Y- ब्लॉक ,किदवई नगर कानपुर ,मैंने अपना नाम अमित कुमार गुप्ता S/o श्री राम शंकर गुप्ता कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अभिलेखों में मेरी पुत्री रिया सिंह की जन्मतिथि 13 फरवरी 2008 दर्ज है जो कि गलत हैं। वास्तविक जन्मतिथि 13 अगस्त 2010 है। अतः इसे ही सही व शुद्ध माना जाए। कल्पना सिंह पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र बहादुर सिंह, निवासी पूरे औदान सिंह मजरे हथनासा झामपुर जनपद रायबरेली

**सूचना**

मैं, कोयला पत्नी अब्दुल्लाह खान, निवासी- ग्राम कनौता, पोस्ट सिसवरिया, जनपद गोंडा। मैंने दिनांक 26.062024 को नोटरी कुंवर राकेश चंद्र के समक्ष शपथ पत्र देकर सभी प्रयोजनों के लिए अपना नाम बदलकर साजिदा रख लिया है।

**सूचना**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्री मोहित अग्रवाल पुत्र श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी 16-ए पटियाला हाउस, अशोक मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ की सम्पत्ति भूखण्ड नंबर 2, खसरा नंबर 520 मि. का भाग, जो ग्राम गणेशपुर रहमानपुर, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ में स्थित है, जिससे सम्बन्धित दस्ता. मूल विक्रय विलेख का अंतिम पृष्ठ, जो क्रमांक संख्या 13585, दिनांक 10/12/2009 पर उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 20.11.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गया था। यदि किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्थान या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर सूचित करें और उपरोक्त समयावधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। **बी. एन. त्रिपाठी** एडवोकेट, निवास: सी-15, नेहरू विहार, कल्याणपुर, लखनऊ, मोबाइल: 9336127853

**सूचना**

**सूचना**

सर्वज्ञात हो कि फ्लैट संख्या- A 82/31/01 तृतीय तल, ब्लॉक-A 82, 2 बेड रूम, (टाइप-A), आश्रय-1, सुलभ आवास सेक्टर-1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ उक्त सम्पत्ति का आवंटन और रजिस्ट्री सुषमा राय पत्नी कमलेश राय के पक्ष में हुआ सुषमा राय से दिनांक 29.08.2016 क्रमांक 13375 की रजिस्ट्री से पंकज यादव ने उक्त सम्पत्ति को क्रय किया है, सुषमा राय के नाम का मूल आवंटन पत्र व रजिस्ट्री दिनांक 28.01.2015 क्रम संख्या 1093 का उप निबन्धक(द्वितीय) एच के पाण्डेय के मूल हस्ताक्षर वाला रजिस्ट्री अन्तिम पृष्ठ कहीं खो गया है उक्त खोया हुआ मूल आवंटन पत्र व रजिस्ट्री का अन्तिम पृष्ठ कहीं बंधक नहीं है न ही कोई अन्य प्रयोग किया गया है, इच्छुक क्रेता पियूष श्रीवास्तव C/o राकेश चन्द्र श्रीवास्तव (सम्पर्क संख्या- 8896109111) मौजूदा सम्पत्ति स्वामी पंकज यादव पुत्र लायक सिंह यादव से बैंक ऋण द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय करने के इच्छुक हैं, यदि किसी को उक्त सम्पत्ति का खोया हुआ मूल आवंटन पत्र व रजिस्ट्री दिनांक 28.01.2015 क्रम संख्या 1093 का उप निबन्धक (द्वितीय) एच के पाण्डेय के मूल हस्ताक्षर वाला रजिस्ट्री का खोया हुआ अन्तिम पृष्ठ मिले अथवा इस प्रकाशन से किसी को लेन देन आपत्ति हो तो कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रोशनाबाद में लिखित आपत्ति देवें अथवा लिखित सम्पर्क करें 7565004453

## भाजपाराज में बिजली के बाद क्या पता पानी के निजीकरण का भी नंबर आ जाए: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पहले भाजपाई बिजली का निजीकरण करेंगे, फिर बिजली की रेट बढ़ाएंगे, उसके बाद कर्मचारियों की छंटनी करेंगे, फिर ठेके पर लोग रखेंगे और ठेकेदारों से भाजपाई कमीशन लेंगे। फिर बिजली का बिल बढ़ाकर जनता का शोषण करेंगे, बढ़े बिल का हिस्सा बिजली कंपनियों से पिछले दरवाजे से लेंगे, फिर भाजपाई इस भ्रष्ट कमाई का सरकार बनाने में इस्तेमाल करेंगे। सरकार बनाकर जनता की जेब खाली करने का यही कुचक्र किसी और रूप में दोहराएंगे। यादव ने कहा कि बिजली के बाद क्या पता पानी के निजीकरण का भी नंबर आ जाए। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों को कर्मचारियों और आम जनता के गुस्से और आक्रोश का भी डर नहीं हैं क्योंकि ये चुनाव वोट से नहीं, खोट से जीतते हैं। जहां जनता सजग होती है और प्रशासन ईमानदार होता है, वहां भाजपा वाले हार जाते हैं।

# बूथ जितना मजबूत होगा भाजपा भी होगी उतनी ही सशक्त: धर्मपाल सिंह

● भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन पर्व 2024' अवध क्षेत्र की कार्यशाला आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के 'संगठन पर्व' 2024 के तहत प्रदेश में हो रहे पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के संदर्भ में सोमवार को विश्वेश्वरैया सभागार लखनऊ में अवध क्षेत्र की कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया और संगठनात्मक चुनाव से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, प्रदेश की सह चुनाव अधिकारी रंजना उपाध्याय, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संगठन पर्व के तहत हुई अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में प्राथमिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान पूरा हो चुका है। बूथ समितियों के गठन और मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। जितना मजबूत बूथ और मण्डल की इकाई होगी भाजपा भी उतनी ही मज़बूत होगी। मजबूत बूथ और मण्डल इकाइयां ही 2027 के चुनावों में भाजपा की तीसरी बार लगातार सरकार बनाने में सहयोगी होंगी। सभी बूथों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। इसके लिए शक्तिकेंद्र स्तर पर विस्तारक तय किए जाएंगे जो तीन दिन तक स्थानीय स्तर पर प्रवास कर बूथ समितियों का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की भी प्रक्रिया चल रही है। निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि 45 वर्ष की आयु तक के कार्यकर्ता ही मण्डल अध्यक्ष बने।

# सुरक्षित व व्यवस्थित होना चाहिए महाकुंभ: मनोज कुमार सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाकुम्भ-2025 की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में 40- 45 दिन की अवधि में देश-विदेश से करीब 40 करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। महाकुम्भ सुरक्षित व सुव्यवस्थित होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और विंध्याचल में विंध्यवासिनी कॉरिडोर समेत कई धार्मिक स्थल का निर्माण हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि जो लोग इस बार महाकुंभ में आएंगे, उसमें से बहुत बड़ी संख्या में लोग इन स्थानों पर भी जाएंगे। इसे ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि प्रयागराज महाकुंभ में सुरक्षा-व्यवस्था के बेहतर प्रबंध होने चाहिए। पुलिस विभाग और संबंधित विभागों को इस बार करीब 250 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। प्रयागराज में बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है। सभी कार्य महाकुंभ से पूर्व पूरे हो जायेंगे। लगभग 40,000 पुलिस दल वहां पर डेप्लॉय किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था में लगी सभी विभागों व एजेन्सियों द्वारा आपस में तालमेल रखा जाये। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि महाकुंभ एक डिजिटल महाकुंभ के रूप में पहचाना जाए। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं और हमारा फोकस न सिर्फ डिजिटल फैसिलिटेशन पर है बल्कि डिजिटल सिक्योरिटी देने पर भी है।

# खास प्रशिक्षित घुड़सवार पुलिस महाकुंभ में करेगी भीड़ नियंत्रण

**भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड के घोड़े भी करेंगे क्राउड कंट्रोल का काम**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महाकुम्भ** में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में तैनात रहेगी। महाकुम्भ में जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओं की राह सुगम करने के लिए खास ट्रेंड है। पुलिस के जवान जहां पैदल नही पहुंच पाएंगे, वहां माउंटेड पुलिस जाकर श्रद्धालुओं की राह आसान करेगी। इसके लिए 130 घोड़े और 166 पुलिस कर्मी व स्टाफ तैनात किये गए है। इसमें भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का काम करेंगे। मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों के डाइट का और उनकी चिकित्सकीय सुविधा का खास ध्यान रखा जा रहा।

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माउंटेड पुलिस की भूमिका अहम होगी। भीड़ नियंत्रण और कठिन क्षेत्रों में गश्त के लिए माउंटेड पुलिस का उपयोग कुशलता और प्रभावशीलता का प्रतीक है। इनके मजबूत प्रशिक्षण और शानदार घोड़ों की सहायता से, कुम्भ मेला पुलिस बल न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि कुम्भ के विशाल आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। घुड़सवार पुलिस की मौजूदगी भीड़ में अनुशासन बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा देने का काम करेगी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि घोड़ों को विशेष तरीके से ट्रेंड किया गया है। घोड़ों को मुरादाबाद और सीतापुर ट्रेंनिंग सेंटर में प्रशिक्षित किया गया है। महाकुम्भ को देखते हुए माउंटेड पुलिस को खास ट्रेनिंग कराई गई है, जिससे ये श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचा सकें, बल्कि भीड़ को नियंत्रित करते हुए उनके लिए सुगम राह बनाएं। माउंटेड पुलिस थल के साथ ही पानी मे भी जाकर क्राउड मैनेजमेंट करने में दक्ष है। घुड़सवार पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक प्रेम बाबू ने बताया कि महाकुम्भ मेले के लिए सेना से अमेरिकन बाम ब्लड, इंग्लैंड का थ्रो नस्ल का घोड़ा खरीदा गया है। इसके अलावा भारतीय नस्ल के घोड़े भी है। इनमें से कुछ घोड़े सेना से भी खरीदे गए है।

प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि रोजाना घोड़ों को महाकुम्भ मेला क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियों से परिचय कराने के लिए घुड़सवार पुलिस सुबह और शाम मेला क्षेत्र में गस्त पर निकलती है। घोड़ों के लिए तीन पशु चिकित्सक भी नियुक्त किये गए है।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) इलाहाबाद
Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ALLAHABAD

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)अधिनियम 2002 के नियम-8(1) के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **इंडियन बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, (धारा 54, 2002) की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की सपठित नियम 3, 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी को मांग सूचना पत्र से यहाँ विस्तृत रूप से नीचे दी गयी राशि 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए निर्गमित किया।

ऋण-ग्रहिता/ जमानतकर्ता के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋण-ग्रहिता/जमानतकर्ता और सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋण-ग्रहिता/जमानतकर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्व-साधारण को सामान्य रूप से एतद्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय **इंडियन बैंक** के अधीन रहेगा।

**उधारकर्ता/जमानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

यह सूचना इस अधिग्रहण के आयोजन के सम्बन्ध में कर्जदारों, जमानतकर्ताओं और बंधककर्ताओं को बकाया जमा करने के लिए कहा जा रहा है।

**विवरण निम्नुसार हैं:-**

| क्र. सं. | ऋणी/प्रोपराइटर/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि<br>कब्जा की तिथि<br>बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|
| **शाखा: जानकीपुरम शाखा** | | | |
| 1. | 1. **मेसर्स विजय ट्रेडर्स (ऋणी),** पंजीकृत कार्यालय: 616/30बी, सीतापुर रोड, वेदनाथपुरम, लखनऊ-226021<br>2. **श्री राम कृष्ण सिंह तोमर (ऋणी, प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता) पुत्र रणविजय सिंह तोमर,** मकान प्लॉट सं. 5, खसरा सं. 37 (एम), मोहिबुल्लाहपुर, वार्ड-फैजुल्लागंज तहसील एवं जिला- लखनऊ<br>3. **श्रीमती बीनू सिंह पत्नी राम कृष्ण सिंह तोमर (जमानतकर्ता),** मकान स्थित प्लॉट सं. 5, खसरा सं. 37 (एम), मोहिबुल्लाहपुर, वार्ड- फैजुल्लागंज तहसील एवं जिला- लखनऊ<br>4. **श्री मनोज कुमार सिंह पुत्र गिरजा सिंह (जमानतकर्ता),** मकान स्थित प्लॉट सं. 5, खसरा सं. 37 (एम), मोहिबुल्लाहपुर, वार्ड- फैजुल्लागंज तहसील एवं जिला- लखनऊ | (ए). संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट सं. 5, खसरा सं. 37 (एम), ग्राम मोहिबुल्लाहपुर, वार्ड-फैजुल्लागंज/जानकीपुरम तहसील एवं जिला-लखनऊ, क्षेत्रफल 72.30 वर्ग मीटर (778 वर्ग फीट), **मालिक:** श्री राम कृष्ण सिंह तोमर पुत्र रणविजय सिंह तोमर (प्रोपराइटर, जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता)<br>विक्रय विलेख बुक संख्या 1, जिल्द संख्या: 2566 (पंजीकरण संख्या: 378), पृष्ठ संख्या 197 से 212 क्रमांक संख्या 378 दिनांक 14.01.2005 को उप रजिस्ट्रार-IV, लखनऊ में पंजीकृत<br>**चौहद्दी: पूर्व:** 20 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** सरोज का मकान, **उत्तर:** सुरेश पी. सिंह का मकान, **दक्षिण:** सुरजीत कुमार शुक्ला का मकान<br>**(बी).** स्टॉक/इन्वेंट्री, बुक डेब्ट्स एवं फर्म की अन्य चल संपत्तियों सहित फर्म की संपूर्ण मौजूदा संपत्तियों के दृष्टिबंधक के सभी भाग व खण्ड।<br>**(सी).** व्यावसायिक वाहन- अच्छा वाहक संख्या के साथ पंजीकृत: UP32SN3548 (मेसर्स विजय ट्रेडर्स के नाम पर) के दृष्टिबंधक के सभी भाग व खण्ड। | 05.10.2024<br>07.12.2024<br>रु. 53,93,165.01 एवं उसपर ब्याज |

दिनांक: 11.12.2024 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में राजधानी में प्रदर्शन

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगेः रामलाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बांग्लादेश** हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को राजधानी में लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज चौराहे तक जन आक्रोश रैली निकाली गयी। इस प्रदर्शन में दर्जनों हिन्दू संगठनों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी मैदान में आयोजित सभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल समेत विभिन्न मत पंथ से जुड़े साधु—संतों ने संबोधित किया। बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति की ओर से हनुमान सेतु के सामने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा गया।

संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों,अन्यथा बांग्लादेश को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। रामलाल ने कहा कि यदि तुरंत हिंसा बंद नहीं हुई तो बांग्लादेश का भी वहीं हस्र होगा जो आज पाकिस्तान का है। वहां के राजनेताओं को यह समझना चाहिए जब तक संसद भंग न हो तब तक अंतरिम सरकार ये गैर कानूनी है। संयुक्त राष्ट्र संघ व मानवाधिकार संगठन तुरन्त हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में क्रूरतम अत्याचार हो रहा है। हिन्दुओं की नृशंस हत्या हो रही है। मां—बहनों का अपहरण व हत्या हो रही है। हमारी मांग है कि वहां के हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो और इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास तुरन्त रिहा किया जाय। बांग्लादेश के हिन्दुओं का आहवान किया कि हिम्मत से डटे रहो भारत का हर हिन्दू आपके साथ खड़ा है। रामलाल ने कहा कि देश में छुपे गद्दारों से सावधान व सचेत होने की जरूरत है। विदेशी ताकतों के हस्तक बनकर जो लोग भारत में भी बांग्लादेश होने की संभावना तलाश रहे हैं वह किसी भ्रम में न रहे, आज भारत जागृत और संगठित है, एक जुट है। उन्होंने सभी दलों से भी आग्रह किया कि वे भी हिंदुओं के लिए आवाज उठाएं, बिना हिंदू वोट के कोई दल भी जीत नहीं सकता है।

उन्होंने कहा कि जागृत हिन्दू समाज सभी समस्याओं का समाधान है। हिन्दू अगर एकजुट हो जाय तो सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है। हिन्दू समाज संगठित रहता है तो आपत्ति नहीं आती। इस्कान मंदिर लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी अपरिमेय श्याम दास ने कहा कि बांग्लादेश में मानवता शर्मसार हो रही है। भारत सरकार हस्तक्षेप करे ताकि वहां के हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता। लखनऊ

**आतंकी** गतिविधियों में शामिल रहे हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी कमरूज्जमा उर्फ डा. हुरैरा उर्फ कमरुद्दीन को एनआईए की विशेष अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह असम के होजाई का रहने वाला है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने इस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

12 सितंबर 2018 को एटीएस ने इसे कानपुर से गिरफ्तार किया था। वर्ष 2017 में यह असम से जम्मू कश्मीर चला गया था। वहां इसने प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन की सदस्यता ग्रहण की और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हो गया। यह कानपुर में रहकर एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। यह सिद्धी विनायक मंदिर, साई मंदिर व जेके टेंपल को विस्फोटक के जरिए उड़ाने की फिराक में था। इसने कई बार इन मंदिरों की रेकी की थी। इसके मोबाइल में इन मंदिरों के फोटो व वीडियो भी मिले थे। इससे कुछ माह पहले एके-47 के साथ इसकी एक तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके एक साथी ओसामा बिन जावेद को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

### एनआईए ने दाखिल किया था आरोप पत्र

**लोक** अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक 28 सितंबर 2018 को भारत सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी विवेचना एनआईए को सौंप दी। एनआईए ने अपनी जांच के बाद इसके खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी व 121, के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 17, 18 व 39 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। सात मई 2019 को इसके खिलाफ आरोप तय हुआ था। इस मामले की रिपोर्ट एटीएस के उपनिरीक्षक हरेंद्र यादव ने दर्ज कराई थी।

### देशभक्ति की भावना के बिना ज्ञान समाज के लिए घातक

**विशेष** जज ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि आरोपी एक पढ़ा लिखा व्यक्ति है। यदि किताबी ज्ञान बिना चरित्र एवं देशभक्ति की भावना के होता है, तो वह ज्ञान समाज और देश के लिए अत्यधिक घातक नागरिक पैदा करता है। इस देश का संविधान और स्वाधीनता संग्राम का संघर्ष अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर आधारित है। उन सेनानियों का कोई ऐसा सपना नहीं था कि देश में धर्म आधारित सरकार हो। लेकिन आज ऐसे आतंकी संगठन के सदस्य पूरे देश को धर्म के नाम पर बांट रहे है और चुनी हुई सरकार को हटाकर शरीयत कानून लागू करना चाहते है। लिहाजा ऐसे में अदालत की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मामलो में इतना कठोर दंड दे कि जिससे कट्टरपंथी आतंकवादियों को सीधा संदेश जाए कि अगर वह कानून और संविधान के ख़िलाफ़ कोई काम करेंगे तो उन्हें आजीवन पछताना पड़ेगा।

# इंदिरा नगर में पांच मंजिला अवैध कॉम्पलेक्स पर चला बुलडाजेर

- एलडीए ने मोहनलालगंज व सरोजनीनगर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर हरकत में आयी प्रवर्तन टीम ने इंदिरा नगर में अवैध रूप से निर्मित किये गये पांच मंजिला व्यावसायिक कॉम्पलेक्स पर बुलडोजर चलाया। वहीं, मोहनलालगंज व सरोजनी नगर क्षेत्र में लगभग 25 बीघा क्षेत्रफ ल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा गोसाईंगंज, पीजीआई व मोहनलालगंज क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित किये जा रहे 5 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। मंगलवार को एलडीए ने इंदिरानगर सहित अन्य इलाके में बड़ी कार्रवाई की। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर अमर अग्रवाल व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के ग्राम.चांदन में मानस सिटी कालोनी के पास भूमि खसरा संख्या-288 पर लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से पांच मंजिला व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। जिसके लोअर ग्राउंड, अपर ग्राउंड व प्रथम तल पर 24 दुकानें और द्वितीय एवं तृतीय तल पर 10 फ्लैट्स बनाये गये थे। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये गये उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। ओदश पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन.5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन, सहायक अभियंता शिवा सिंह, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय पुलिस फोर्स की उपस्थिति में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

# मुख्य सचिव ने 23 कैदियों और तीन जेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह ने जिला कारागार, लखनऊ में आयोजित तिनका तिनका इंडिया अवॉर्ड्स 2024 में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उन्होंने 23 कैदियों और 3 जेल कर्मचारियों को तिनका तिनका इंडिया अवॉर्ड्स 2024 से सम्मानित किया। 23 कैदियों में से 13 सजायाफ्ता और 10 विचाराधीन कैदी हैं।

मुख्य सचिव ने अवार्ड से सम्मानित बंदियों व अन्य कर्मियों को बधाई दी और प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन एवं फाउंडेशन द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है। इस अवार्ड ने प्रतिभाशाली व्यक्तियों को एक मंच प्रदान किया है, जिससे उनकी कला सबके सामने आ सके।

इससे पूर्व, उन्होंने वीडियो वॉल, महिला अस्पताल के क्रेच आदि का भ्रमण किया तथा कैदियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विचाराधीन कैदी आनंद सिंह ने मुख्य सचिव की पेंटिंग मुख्य सचिव को भेंट की।

इस साल अवॉर्ड के लिए चार श्रेणियां थीं– पेंटिंग, स्पेशल मेंशन, बंदिनी और जेल स्टाफ। इन चार श्रेणियों में कुल 26 विजेता हैं। इन विजेताओं में 23 बंदी और 3 जेल कर्मचारी हैं। 23 कैदियों में से 13 सजायाफ्ता हैं और 10 विचाराधीन हैं। पेंटिंग विजेताओं में 11 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। इस साल पेंटिंग का विषय 'जेल में मुलाकात' था। तिनका तिनका बंदिनी पुरस्कार के तहत इस साल तिहाड़ जेल 6 में बंद एक विदेशी नागरिक (जाम्बिया, दक्षिण अफ्रीका) को भी सम्मानित किया गया। इस साल विजेताओं में सबसे ज्यादा बंदी उत्तर प्रदेश राज्य के हैं। चार श्रेणियों में यूपी के 7 बंदियों ने अवॉर्ड हासिल किया है।

# हाईकोर्ट से पूर्व सांसद अतुल राय को राहत नहीं

- दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती की आत्मदाह का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ



**दुराचार** का आरोप लगाने वाली युवती व उसके एक साथी द्वारा आत्मदाह करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में आत्मदाह के मुकदमे को निरस्त करने की मांग की गई थी।

जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश पूर्व सांसद की याचिका पर विस्तृत सुनवाई के पश्चात दिया है। पीठ ने 20 नवंबर को ही अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। अतुल राय पर दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। युवती ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इस मामले में उसे दबाव में लेने के लिए उसे और उसके साथी को प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी वजह से दोनों ने 16 अगस्त 2021 को सुप्रीम कोर्ट के गेट के सामने आत्मदाह कर लिया था।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है। लिहाजा उसके खिलाफ मृतका व उसके साथी को आत्मदाह के लिए उकसाने का भी मामला नहीं बनता है। साथ ही यह भी कहा गया कि घटना सुप्रीम कोर्ट के सामने दिल्ली में हुई है। ऐसे में लखनऊ पुलिस को इस मामले की विवेचना करने का क्षेत्राधिकार नहीं था और न ही लखनऊ की स्थानीय अदालत में ट्रायल चलाया जा सकता है। पीठ ने दोनों ही दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि मृतका व उसके साथी को आत्मदाह के लिए उकसाना और इसकी साजिश करने के सम्बंध में बचाव के लिए जो भी दलीलें प्रस्तुत की गई हैं, वो ट्रायल का विषय है। हाईकोर्ट आरोपों की सच्चाई और साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं कर सकता। अभियोजन कथानक के मुताबिक मृतका व उसका साथी अमिताभ ठाकुर के लखनऊ स्थित घर पर गए थे व वहीं से फेसबुक लाइव भी किया था। इसके बाद दिल्ली जाकर आत्मदाह कर लिया। लिहाजा यह कहा जा सकता है कि घटना का कुछ अंश लखनऊ में भी घटित हुआ था और इसलिए स्थानीय अदालत को मामले को सुनने का पूर्ण क्षेत्राधिकार प्राप्त है।

# अभियान चलाकर लाभार्थियों की समस्याओं का निस्तारण करें बैंकः निदेशक सूडा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सम्मुख बैंक से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण बैंकों द्वारा कराया जाना चाहिए। लाभार्थियों से जुड़ी शिकायतों को सक्षम बैंक अधिकारियों द्वारा पूर्ण गंभीरता से लिया जाए व अभियान चलाकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उक्त बातें आज सूडा भवन में बैंकर्स संग आयोजित आवश्यक बैठक में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहीं। निदेशक सूडा ने कहा कि समस्याओं के निपटारे हेतु बैंकों को विभाग की ओर से पूरा सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाता रहेगा। अतः मिशन मोड में शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिससे पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उक्त बैठक में सहायक निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, श्रीमती सविता शुक्ला ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक में मुख्य रूप से पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण तथा लाभार्थियों के सम्मुख आने वाली बैंक से जुड़ी समस्याओं व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज समेत बैंक से सम्बद्ध अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। आपको बताते चलें कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन के रूप में 10000 रुपए, द्वितीय लोन के रूप में 20000 रुपए व तृतीय लोन के रूप में 50000 रुपए का ऋण बैंक द्वारा दिया जाता है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह यानी एसएचजी का बैंक लिंकेज किया जाता है। स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से उनकी बचत के अनुरूप व बैंक अपनी ग्रेडिंग के हिसाब से उनकी बचत का अधिकतम चार गुना ऋण देते हैं।

## नवाचार और उद्यमिता से ही नए भारत का सपना होगा सचः डॉ.जीएन सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में इनोवेशन हब की ओर से दो दिवसीय इन्क्युबेटर ट्रेनिंग प्रोग्राम का मंगलवार को समापन हो गया। इन दो दिनों में सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने इनक्यूबेटर को इनक्यूबेशन सेंटर सफलतापूर्वक संचालित करने के टिप्स दिए। अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार डॉ जीएन सिंह रहे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनना है तो हर क्षेत्र में नवाचार और स्किल्ड को बढ़ावा देना होगा। छात्रों को नई आईडिया विकसित करने होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी इनक्यूबेटर से अपील किया कि बच्चों को कंपनी बनाने के लिए प्रेरित कीजिए। सभी इनक्यूबेटर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कहा की माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश अब हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एसपी मिश्रा नवाचार और ग्रांट्स के बारे में बताया। जबकि आईआईटी दिल्ली के डॉ आशुतोष पस्तोर ने सस्टेनेबिलिटी का इनक्यूबेटर के बारे में बताया. कार्यक्रम में डीन इनोवेशन प्रो बीएन मिश्रा, एसो डीन डॉ अनुज कुमार शर्मा, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानवाधिकार दिवस का पर्याय तभी सार्थक सिद्ध होगा जब आप पहले मानव बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश मानवाधिकार आयोग के सदस्य न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार दिवस का पर्याय तभी सार्थक सिद्ध होगा जब आप पहले मानव बनेंगे। दूसरी ओर मानवाधिकारों ने सभी लोगों के समग्र विकास के लिए अनुकूल बुनियादी स्थितियों को सुनिश्चित करने एवं लोकतांत्रिक समाज के विकास में अहम भूमिका निभाई है। मेहरोत्रा मंगलवार को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर संबोधित कर रहे थे।

मानवाधिकार विभाग की ओर से आयोजित हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, तुरंत अभी विषय पर पर अपने संबोधन में लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मानवाधिकार सभी लोगों और सभी देशों के लिए उपलब्धि के सामान्य मानक की तरह है। क्योंकि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त इन्होंने सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के दौरान बीबीएयू के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. विनोद खोबरागड़े की अध्यक्षता में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये विद्यार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सर्वप्रथम विधि अध्ययन विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. प्रीति मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके पश्चात प्रो. शशि कुमार ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रुपरेखा की जानकारी दी। साथ ही डॉ. राशिदा अतहर ने सभी को अतिथियों के परिचय से अवगत कराया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ. अजय सिंह कुशवाहा ने किया। समस्त कार्यक्रम के दौरान डॉ. राशिदा अतहर, डॉ. रश्वेत श्रृंखल, शोधार्थी एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये प्रतिभागी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शिया कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी और जागरूकता रैली का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अंतरराष्ट्रीय** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को शिया पीजी कॉलेज के विधि संकाय में एक संगोष्ठी और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधिक सेवा केंद्र, शिया पीजी कॉलेज और भारतीय प्रगतिशील युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम थी 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य– वर्तमान परिप्रेक्ष्य।' संगोष्ठी में विशेषज्ञ वक्ताओं ने रखे विचारसंगोष्ठी का विषय था 'मानवाधिकार एवं भारतीय संविधान– वर्तमान परिप्रेक्ष्य।' मुख्य वक्ता प्रो. एस. सादिक हुसैन आबिदी (प्राचार्य/इंचार्ज, विधि संकाय) ने मानवाधिकार के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अजय वीर (सूचना अधिकारी) ने राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग और भारतीय संविधान के संदर्भ में चर्चा की। विधिक सेवा केंद्र के निदेशक डॉ. वहीद आलम ने मानवाधिकारों की संकल्पना, उसकी परिभाषा और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला।

## 14 दिसम्बर तक घर-घर जाकर पोलियो ड्राप पिलाएगी टीम

**लखनऊ।** शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने के लिए पूरे प्रदेश में 14 दिसंबर तक 69,316 टीमों एवं 25,331 पर्यवेक्षकों के द्वारा घर –घर जाकर पल्स पोलियो की ड्राप पिलाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता ने बताया कि पोलियो वायरसजनित अत्यंत संक्रामक बीमारी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रदेश के 75 जनपदों में चलेगा। जिसमें 3.29 करोड़ बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही 7190 ट्रांजिट टीमें और 3,419 मोबाइल टीम बस और टैंपो स्टैन्ड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्टों सहित दूरस्थ क्षेत्रों में काम करेंगी।

## लविवि को क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में स्थान मिला

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय ने अपने पहले ही प्रयास में क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में उपलब्धि हासिल कर ली है। विश्वविद्यालय ने 78 भारतीय संस्थानों में 59वां स्थान, एशिया में 661 संस्थानों में से 545वां और दुनिया में 1501+ रैंक बैंड में स्थान प्राप्त किया है। यह पहली बार था जब विश्वविद्यालय ने इस रैंकिंग के लिए आवेदन किया था। क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग विश्वविद्यालयों का उनके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन करती है। जिसमें सस्टेनेबिलिटी अनुसंधान, शिक्षण, संचालन और साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

## फर्जीवाड़े के आरोप में रिटायर्ड कानूनगो समेत नौ लोगों पर मुकदमा

संवाददाता। मोहनलालगंज

**खुझौली** में फर्जी वसीयतनामा तैयार कर ऊसर भूमि कब्जाने का आरोप लगाकर रिटायर्ड कानूनगो समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के खुझौली निवासी शिव बहादुर सिंह का आरोप है कि रिश्ते में दादा मंशा सिंह की परवरिश उनके परिवार ने की थी। लेकिन उन्नाव निवासी दिनेश कुमार सिंह ने फर्जी वसीयतनामा तैयार कर कीमती ऊसर भूमि अपने नाम करा ली गई। मामले में शिव बहादुर सिंह ने दिनेश कुमार सिंह रिटायर्ड कानूनगो विजय बहादुर सिंह अयोध्या सिंह अभिषेक सिंह मुकेश कुमार घनश्याम यादव गोविंद राजकुमार रावत और चंद्रशेखर यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसएचओ अमर सिंह ने बताया केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मुआवजे के लिए भटक रहे विद्युत दुर्घटनाओं का शिकार 14 परिवार

- कई माह से अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी नहीं मिली आर्थिक मदद, सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई शिकायत

संवाददाता। मोहनलालगंज

**विद्युत** दुर्घटनाओं का शिकार इंसानों और बेजुबानों का मुआवजा पाने के लिए एक दर्जन से अधिक परिवार कई महीनों से बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं। इन सभी मामलों में विद्युत सुरक्षा निदेशालय की जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है। फिर भी विभाग के अफसर पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद का मरहम लगाने में लापरवाही बरत रहे हैं। जिसे लेकर कुछ जागरूक परिवारों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

मोहनलालगंज खण्ड में 25 फरवरी 2020 से लेकर 13 अक्टूबर 2024 तक विद्युत दुर्घटना का शिकार हुए पांच इंसानों के परिवार को अब तक मुआवजे का मरहम नही लगाया जा सका है। इसी तरह 10 जुलाई 2023 से लेकर 13 अक्टूबर 2024 तक नौ पालतू बेजुबान विद्युत दुर्घटना का शिकार हुए। इनके पशुपालकों को भी कई माह से आर्थिक सहायता मिलने का इंतजार है। विद्युत दुघटनाओं के इन चौदह मामलों में विद्युत सुरक्षा निदेशालय भी अपनी जांच रिपोर्ट बिजली विभाग के अधिकारियों को सौंप चुका है। फिर भी पीड़ित परिवारों को कई माह बीतने के बाद भी आर्थिक सहायता नही मिल सकी है। लिहाजा विद्युत दुर्घटनाओं का मुआवजा पाने के लिए पीड़ित परिवारों के लोग खण्ड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। अधिशासी अभियन्ता श्रवण कुमार सिंह ने बताया विद्युत दुर्घटनाओं के सभी मामलों में जरूरी औपचारिकताएं पूर्ण कर आर्थिक सहायता के लिए ससमय प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका है। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर रिमाइंडर भी भेजे जा चुके हैं। खण्ड स्तर पर किसी तरह की कार्रवाई शेष नही है।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग शुरू, खिलाड़ियों में जोश का माहौल

- विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का युवा खिलाड़ियों के लिए अनूठा प्रयास कर रहा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें खेल के उत्कृष्ट मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल 'सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग' नई ऊंचाइयों को छू रही है। इस लीग के छठवें चरण के अंतर्गत आयोजित 'क्रिकेट चैंपियनशिप' के लीग मुकाबले मंगलवार को शुरू हुए, जिनमें खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखने लायक था। इस चैंपियनशिप ने न केवल खेल के प्रति युवा पीढ़ी का रुझान बढ़ाया है, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अनोखा अवसर भी प्रदान किया है। लीग मुकाबलों के पहले दिन चार इंटर स्कूल मैच खेले गए, जिनमें हर मैच रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। पहले मुकाबले में रेडिएंट पब्लिक स्कूल और विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज आमने-सामने हुए। विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मैच जीत लिया।

दूसरा मुकाबला साईं इंटर कॉलेज और गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज ने अपनी टीम के सामूहिक प्रयासों से शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल और यूपी गवर्नमेंट राजकीय सैनिक इंटर कॉलेज के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। यूपी गवर्नमेंट राजकीय सैनिक इंटर कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 38 रनों से मैच अपने नाम किया। दिन के अंतिम मुकाबले में मणिपाल पब्लिक स्कूल और शिवानी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें शिवानी पब्लिक स्कूल ने 22 रनों से जीत दर्ज की। मैच के अंत में विजेता टीमों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक डॉ. सिंह का कहना है कि सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक मजबूत खेल मंच प्रदान करना है।

### आम आदमी पार्टी प्रमुख ने खोला वादों का पिटारा

# ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा, बच्चों को फ्री कोचिंग



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को शहर के ऑटो रिक्शा चालकों के लिए 10 लाख रुपये की बीमा का ऐलान किया। केजरीवाल ने कोंडली विधानसभा क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा चालक के परिवार के सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन किया। आप प्रमुख ने ऑटो चालकों को उनकी बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपए की सहायता देने का भी वादा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटो चालकों को पोशाक भत्ते के रूप में साल में दो बार 2,500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने उनके बच्चों को मुफ्त कोचिंग और पूछो ऐप की फिर से शुरूआत करने का भी आश्वासन दिया। यह ऐप दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम द्वारा विकसित डेटाबेस तक पहुंच स्थापित करने में मदद करता है जिससे लोगों को पंजीकृत ऑटो चालकों को कॉल करने की सुविधा मिलती है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होना है।

अरविंद केजरीवाल ने ऑटो वालों को पहली गारंटी देते हुए कहा कि ऑटो वाले बहुत गरीब हैं। जब ये बेटी की शादी करते हैं, तो इन्हें तकलीफ होती है। अगर किसी भी ऑटो वाले की बेटी की शादी होगी तो सरकार की तरफ से उनकी बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। दूसरा, सरकार ने कहा है कि ऑटोवालों को वर्दी पहनना अनिवार्य है। एक ऑटो वाले के लिए अपनी कमाई में से वर्दी बनाना मुश्किल हो जाता है। तो साल में दो बार, होली और दीपावली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए हर ऑटोवाले को दिए जाएंगे। तीसरा, हर ऑटोवाले का 10-10 लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस और 5-5 लाख रुपए का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस करवाया जाएगा। चौथी गारंटी है कि हम चाहते हैं कि ऑटोवालों के बच्चे बड़े होकर आगे बढ़ें। आईएएस, आईपीएस, वकील, डॉक्टर बनें। तो अगर इनके बच्चों को किसी भी प्रतिस्पर्धी परीक्षा के लिए कोचिंग की जरूरत है तो उस कोचिंग की फीस सरकार देगी। ताकि इनके बच्चे आगे बढ़ें। पांचवीं गारंटी पूछो एप की है। ऑटोवालों की डिमांड है कि पूछो एप को दोबारा चालू किया जाए, तो इस एप को दोबारा चालू किया जाएगा। यह पांच ऐलान मैं सभी ऑटोवाले भाइयों के लिए करना चाहता हूं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के ऑटोवालों के साथ मेरा बहुत पुराना रिश्ता है। मुझे आज भी याद है, 2013 में हमारी नई-नई पार्टी बनी थी। उस वक्त दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी। दिल्ली में ऑटोवालों को लोग दुत्कारा करते थे कि मीटर से नहीं चलते हैं, बद्तमीजी करते हैं, लूटते हैं। सबसे पहले मुझे याद है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में ऑटोवालों की एक बहुत बड़ी सभा की थी। मैं उस सभा में देश का पहला पॉलिटिशयन था, जब मैं ऑटोवालों के समर्थन में खड़ा हुआ था। मैंने कहा था कि अगर ऑटोवाले लूटते हैं, डाका डालते हैं, तो यह तो अपनी बड़ी-बड़ी कोठियां बना लेते। यह लोग सिस्टम के पीड़ित हैं। मैंने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम इन लोगों के लिए सिस्टम ठीक करेंगे।

## केजरीवाल का छलावा नहीं चलेगा: भाजपा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा आज फिर दिल्ली के आटो रिक्शा चालकों को सपना बेचने का प्रपंच रचा एवं घोषित किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की पिछले 12 साल से अरविंद केजरीवाल आटो वालों को छल रहे हैं, उन्हे परिजन बताते हैं पर उनकी रोजगार परिस्थितियों को उनके अनुकूल करने के लिए कुछ नही करते। कोविड़काल हो या आज का सामान्य समय केजरीवाल सरकार ने आटो वालों को केवल सपने दिखाये हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आज अपने कार्यालय में मिलने आये कुछ आटो वालों की मांगे सुनी और स्वीकार करते हुए कहा की भाजपा सत्ता में आयेगी तो आटो चालकों के जीवन में सार्थक परिवर्तन लाने का काम करेगी।

### सचदेवा ने दिए 7 आश्वासन

1. हर लाइसेंस धारी आटो वाले के बच्चों की स्कूल शिक्षा निशुल्क होगी और उच्च शिक्षा वजीफा देगी।
2. सभी आटोवालों के लिए विशेष योजना ला कर मोदी की योजनाओं के अंतर्गत जीवन बीमा कवर दिया जायेगा।
3. जिन पर निजी आवास नही है उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा
4. ट्रैफिक पुलिस से मिलकर आटो वालों के लियें हालट एंड गो स्टैंड बनेंगे।
5. लास्ट माइल कनेक्टिविटी योजना का भाग बना कर रोजगार बढ़ाय जाएगा।
6. ई-आटो रिक्शा लेने वाले दो वर्ष तक प्रति माह बिजली रीचार्ज सहयोग राशि
7. दिल्ली के सभी आटो फिटनेस सेंटरों में कमेटी बनेगी जिसमे दो आटो चालक प्रतिनिधि शामिल किया जायेगा

### फिर धोखा देने की साजिश : कांग्रेस

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2014 में गारंटी का ढोल पीटने वाले अरविन्द केजरीवाल ने 11 वर्षों में ऑटो/टैक्सी वालों से किया कोई भी वायदा नही निभाया, सिर्फ उनके साथ धोखा किया और ऑटो ड्राईवर आज अपने को ठगा महसूस कर रहे है।

# केजरीवाल सरकार ने बस मार्शल पर कोई योजना नहीं बनाई : उपराज्यपाल

- एलजी ने मुख्यमंत्री को कानून समर्थित योजना तैयार करने को कहा
- बोले, नियुक्तियों को लेकर दिल्ली सरकार ने मौखिक घोषणा कर बेवकूफ बनाया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बस मार्शल के तौर पर फिर से नियुक्त करने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ने कभी भी 'बस मार्शल' के लिए कोई योजना नहीं बनाई है।

आतिशी को लिखे नोट में एलजी सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री को परिवहन मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) को आवश्यक बजटीय सहायता के साथ एक व्यापक कानून समर्थित योजना तैयार करने का निर्देश देना चाहिए और उसके बाद सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बस मार्शल के तौर पर नियुक्त करने के मामले को उनके विचार के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्होंने (आप सरकार) सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (सीडीवी) को बस मार्शल के तौर पर मौखिक रूप से घोषित करके लोगों को बेवकूफ बनाया है। इससे पहले, आतिशी ने बस मार्शलों की फिर से नियुक्ति की मांग करते हुए सक्सेना को पत्र लिखा था, और कहा था कि इस संबंध में सभी आप मंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव 13 नवंबर को उन्हें भेजा गया था।

एक विस्तृत नोट में, सक्सेना ने आवश्यकता, तैनाती विवरण, आरक्षण प्रावधानों और पर्याप्त बजटीय आवंटन के तर्क द्वारा समर्थित एक अच्छी तरह से परिभाषित योजना की आवश्यकता को इंगित किया और सीडीवी को अस्थायी रूप से बस मार्शल के रूप में कार्य करने की अनुमति देने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रियों के एक समूह के साथ एक नई योजना के अंतिम रूप देने तक प्रस्तुत किया गया था। हालांकि, एलजी ने इस कदम की आलोचना की और जोर देकर कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह इस योजना को बनाए, यह सुनिश्चित करे कि यह कानूनी प्रक्रियाओं, बजटीय आवंटन और संवैधानिक आवश्यकताओं का पालन करें। इस दावे को खारिज करते हुए कि यह मामला उनके अधीन आता है, उन्होंने कहा, यह सुझाव देना अस्वीकार्य प्रस्ताव है कि बस मार्शलों को शामिल करने की योजना सरकार के संवैधानिक प्रमुख द्वारा तैयार की जानी चाहिए।

### भारद्वाज ने कहा, षड्यंत्र के तहत 10 हजार लोगों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को बस मार्शलों के मुद्दे पर एक साल से गुमराह करने का आरोप भाजपा पर लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के षडयंत्र के तहत एलजी ने 10 हजार बस मार्शलों को नौकरी से निकाला था।

दिल्ली सचिवालय में हुई प्रेस वार्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लगभग 1 साल बीत चुका है, दिल्ली के 10 हजार से भी अधिक डीटीसी की बसों में बस मार्शल के रूप में कार्य कर रहे युवाओं को भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल ने एक झटके में नौकरी से निकाल दिया ।

पहले एक षड्यंत्र के तहत उन सभी का वेतन रोका गया और बाद में सभी को नौकरी से निकाल दिया गया ।भारद्वाज ने कहा कि पिछले कई महीनो से भारतीय जनता पार्टी के नेता बस मार्शलों को बरगलाने का काम कर रहे थे। उन्होंने कहा, बस मार्शलों को भाजपा नेता यह कहते थे कि यदि दिल्ली कैबिनेट के सारे मंत्री बस मार्शलों की दोबारा से बहाली के लिए कह दें, तो उपराज्यपाल उन्हें बहाल कर देंगे। जिसकी जानकारी बस मार्शल खुद उनको देते थे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री आतिशी से मिलने भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने भी यही बात कही थी।

# आप के 10 विधायकों के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप ने लोगों का विश्वास खो दिया है



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के 10 विधायकों के खिलाफ काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र जारी किया और दावा किया कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे हैं। निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आप द्वारा सोमवार को घोषित की गई अपने 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में उसने 18 मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए हैं।

विजेंद्र गुप्ता, विधानसभा चुनाव में पार्टी के चुनाव अभियान को मजबूत करने के लिए गठित भाजपा की आरोप पत्र समिति के प्रमुख भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दो अन्य विधायक पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला अपनी सीट छोड़कर चले गए तथा उन्होंने सुरक्षित विकल्प चुन लिया। विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आप सरकार और उसके विधायकों की विफलताओं तथा गलत कामों पर आरोपपत्र जारी करेंगे। ये आरोपपत्र निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के बीच वितरित किए जाएंगे।

मादीपुर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, मुंडका, कालकाजी, गोकुलपुर, मालवीय नगर, आर के पुरम, मोती नगर और नरेला निर्वाचन क्षेत्रों के विधायकों के खिलाफ आरोप पत्र जारी किए गए हैं। आरोप पत्र का शीर्षक, दिल्ली सरकार हुई कंगाल, आप विधायक मालामाल, शीश महल में केजरीवाल है। तथ्य यह है कि आप को अपने मौजूदा विधायकों को बदलना पड़ा है, क्योंकि वे अपनी निष्क्रियता और काम नहीं करने के कारण अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों का सामना नहीं कर सकते। खुद को शिक्षा क्रांति का जनक बताने वाले सिसोदिया और आप का झूठ इस बात से उजागर हो गया कि किस तरह उन्होंने पटपड़गंज सीट छोड़ दी तथा जंगपुरा सीट पर चले गए।

नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि आप ने अब तक 70 सीट में से 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन उसने अपनी वर्तमान सीट से एक भी विधायक को दोबारा टिकट नहीं दिया है, जिससे पता चलता है कि उसने लोगों का विश्वास खो दिया है और वह मतदाताओं द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने में असमर्थ है।

## सचदेवा ने सीएम आवास का वीडियो जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को विवादित सीएम आवास का वीडियो जारी कर करदाताओं के धन से बने शीशमहल को लेकर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष्ज्ञ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को इसीलिए अभी तक अपने 7 स्टार रिसॉर्ट की सुविधाओं वाले शीशमहल दूर रखा था ताकि उनके सामने वे बेचारा बनने की एक्टिंग कर सके। सचदेवा ने कहा कि हम पहले दिन से ही कह रहे है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार का प्रतीक शीशमहल में लगे समान की रकम में डीडीए के 34 ईडब्ल्यूएस फ्लैट, या 15 एलआईजी फ्लैट, या फिर रोज़गार के लिए 150 सीएनजी ऑटो या 326 ई-रिक्शा खरीदा जा सकता था। सचदेवा ने कहा कि जो केजरीवाल कहा करते थे कि बंगला नहीं लूंगा।

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने के खिलाफ नागरिक समाज के सदस्यों ने विरोध जुलूस का आह्वान किया था।

पुलिस के एक अधिकारियों ने बताया कि विरोध-प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित हुआ और यात्रियों को असुविधा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समेत विभिन्न संगठनों के सैंकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ कथित रूप से हो रहे अत्याचार एवं उनके मानवधिकारों के उल्लंघन के विरोध में यहां चाणक्यपुरी में मार्च निकाला। इस विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के इर्द-गिर्द सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यह उच्चायोग चाणक्यपुरी में ही है। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं जिन पर इस मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से हस्तक्षेप की मांग की गई थी। उन्होंने बांग्लादेश से कथित हिंदू नरसंहार रोकने का भी आह्वान किया।

# निर्वाचन आयोग की भाजपा के साथ मिलीभगत : संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बोले, आरके पुरम विधानसभा में 3,800 मतदाताओं के सूची से हटाने का आवेदन किया

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के अपनी पार्टी के दावे को दोहराया।

संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आरके पुरम विधानसभा में 3,800 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने का आवेदन किया गया है और ये नाम उन बूथ से संबंधित हैं जहां आम आदमी पार्टी चुनाव जीतती रही है। सिंह ने कहा, जब हमारे कार्यकर्ताओं और स्थानीय विधायक ने इन मतदाताओं का सत्यापन किया, तो पाया कि उनमें से 1,800 अभी उसी स्थान पर रह रहे हैं और पात्र मतदाता हैं। उन्होंने कहा, आवेदन में जिन मतदाताओं के नाम हैं, वे उन बूथ से संबंधित हैं जहां आप पहले जीतती रही है।

## दो मंजिला इमारत में आग लगी, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्व दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में मंगलवार दोपहर दो मंजिला इमारत में आग लग गई। दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल सेवा के कर्मियों ने अपराह्न करीब दो बजे तक आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मंगलवार दोपहर 12:50 बजे मिली थी, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मकान में आग तब लगी, जब वहां विवाह समारोह का आयोजन हो रहा था। सरिता नामक एक महिला ने बताया कि मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगते ही सभी लोग तुरंत बाहर आ गए।

# दिल्ली की हवा एक दिन बाद फिर खराब

- मौसम विभाग का आज आसमान साफ रहने का अनुमान व्यक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 223 दर्ज किया गया। दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशन में से केवल जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई।प्रति घंटे आंकड़े उपलब्ध कराने वाले समीर ऐप के अनुसार, 27 निगरानी स्टेशन ने वायु गुणवत्ता को खराब श्रेणी में बताया, जबकि शेष मध्यम श्रेणी में थे।

सोमवार को वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 को संतोषजनक , 101 से 200 को मध्यम , 201 से 300 को खराब , 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रात का तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इसम मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री कम है। मौसम विभाग ने मंगलवार को आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्कॉन द्वारका में गीता जयंती यज्ञ महोत्सव

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में इन दिनों जो हालात हैं, उसके प्रति हमारी संवेदनाएँ मानवता को पुकार रही हैं। हर दिन उगते सूरज की लालिमा के साथ यही आस जमती है कि विश्व शांति एवं कल्याण में हमारा प्रयास बेहतर हो। इसी उद्धेश्य से 11 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी के दिन गीता जयंती के अवसर पर इस्कॉन द्वारका द्वारा गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रातः 9 बजे से हजारों की संख्या में भक्तगण एकजुट होकर श्रीमद्भगवद्गीता के 700 श्लोकों की आहुति हवन-यज्ञ में संपन्न करेंगे। प्रातः 8 बजे गीता जयंती पर विशेष लेक्चर होगा, जिसमें गीता की मुख्य शिक्षाओं—कर्मयोग, ज्ञानयोग व भक्तियोग और हमारे जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस संबंध में इस्कॉन द्वारका के उपाध्यक्ष श्रीगौर दास का कहना है कि, जब भी विश्व में कहीं भी बिगड़े हालातों या युद्ध की भयावह सूचनाएँ संचारित होती हैं तो ह्रदय के कंपन को थामना मुश्किल होता है और ऐसे समय में ही भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश के रूप में दी गई यही 'लाइफ मैनुअल' हमें सही दिशा प्रदान करती है कि हमें कैसे अपने आप को सँभालना है और विश्व शांति के कल्याण की दिशा में किस प्रकार अग्रसर होना है।

### जंगपुरा से सिसोदिया का प्रचार शुरू



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को किलोकरी स्थित अंगूरी देवी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर जंगपुरा विधानसभा में चुनाव प्रचार का आगाज किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं तो जनता केजरीवाल के बनाए शानदार स्कूल और बिजली के जीरो बिल दिखाकर कहती है कि हम आपको क्यों वोट दें। साथ ही, यह भी पूछती हैं कि दिल्ली में कानून व्यवस्था इतनी खराब क्यों है, हर तरफ दहशत का माहौल है। तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता है। मनीष सिसोदिया मंगलवार की सुबह जंगपुरा विधानसभा पहुंचे। विधानसभा का टिकट मिलने के बाद मनीष सिसोदिया पहली बार जंगपुरा पहुंचे है। यहां उन्होंने किलोकरी स्थित अंगूरी देवी मंदिर में बजरंग बली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद अपने चुनाव प्रचार का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने बजरंग बली से प्रार्थना की कि हर समय उनके दिल में इंसानियत की ज्योति जलती रहे। वह जहां भी रहें, जो भी करें, सब ईश्वर के स्मरण के साथ ही करें। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं तो जनता केजरीवाल के बनाए शानदार स्कूल और बिजली के जीरो बिल दिखाकर कहती है कि हम आपको क्यों वोट दें।

# आईआईटी दिल्ली भारतीय विश्वविद्यालयों में अग्रणी

- क्यूएस रैंकिंग में 225 से बढ़कर 171वें स्थान पर पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) वहनीयता के लिहाज से भारत के विश्वविद्यालयों में अग्रणी स्थान पर है और दुनिया भर में इसका स्थान 255 से बढ़कर 171वें स्थान पर पहुंच गया है।

मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में यह जानकारी दी गई। क्यूएस की वहनीयता रैंकिंग (2025) में भारत के कुल 78 विश्वविद्यालयों को जगह मिली है। इसमें 10 संस्थानों में से नौ की रैंकिग में सुधार हुआ है और 21 नए संस्थान इस सूची में शामिल हुए हैं। पर्यावरणीय प्रभाव के लिए आईआईटी दिल्ली और आईआईटी कानपुर दुनिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हुए हैं। बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान को पर्यावरण शिक्षा के लिए दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों की सूची में जगह मिली है। लंदन में रह रहे क्यूएस के उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा, क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग (2025) में शामिल 78 भारतीय विश्वविद्यालयों में से 34 ने पिछले वर्ष की तुलना में सुधार किया है तथा आठ का स्थान इस बार भी बरकरार रहा है।

उन्होंने कहा, यह भारतीय उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे यह पता चलता है कि भारतीय विश्वविद्यालय वहनीयता के लिए अपनी पहलों पर काम कर रहे हैं। सॉटर ने कहा, सामाजिक प्रभाव की श्रेणी में शामिल होने के लिए भारत के विश्वविद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सुधार कर सकते हैं क्योंकि इस श्रेणी में कोई भी संस्थान शीर्ष 350 में शामिल नहीं है। भारत के विश्वविद्यालयों ने ज्ञान का आदान-प्रदान, रोजगार एवं परिणाम के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। क्यूएस की 2025 की रैंकिंग में 107 देशों तथा क्षेत्रों के 1,740 से अधिक विश्वविद्यालय शामिल हैं जबकि पिछले साल 95 स्थानों के केवल 1397 संस्थानों को जगह मिली थी। इससे पता चलता है कि इस साल की क्यूएस रैंक में बढ़ोतरी हुई है। क्यूएस रैंकिंग में इस साल टोरंटो विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान मिला है जबकि ईटीएच ज्यूरिख दूसरे स्थान पर है तथा स्वीडन का लुंड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय बर्कले तीसरे स्थान पर हैं।

# केजरीवाल को जल्द आवंटित होगा सरकारी आवास : खट्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बोले, एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते टाइप-7 बंगले के हकदार

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को जल्द ही सरकारी आवास आवंटित किया जाएगा क्योंकि एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रमुख होने के नाते वे इसके हकदार हैं।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते केजरीवाल टाइप-7 बंगले के हकदार हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी टाइप-7 बंगला खाली नहीं है। खट्टर ने कहा, फिलहाल हमारे पास केवल टाइप-5 और टाइप-6 बंगले उपलब्ध हैं, लेकिन टाइप-7 बंगला उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध होते ही केजरीवाल को टाइप-7 बंगला आवंटित कर दिया जाएगा। आप के लिए केंद्रीय आवास की मांग कर रही है। उसका कहना है कि एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक होने के नाते केजरीवाल इसके हकदार हैं। पार्टी ने हाल ही में केंद्रीय आवास मंत्रालय को एक पत्र भेजकर इस मांग को दोहराया है। सितंबर में दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने वाले केजरीवाल अक्टूबर में आप के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के 5 फिरोजशाह रोड स्थित आधिकारिक आवास में चले गए थे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 11 दिसंबर, 2024



# योगी सरकार की डिजिटलीकरण नीति से अखाड़ों को मिली प्रेरणा

- सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े तैयार कर रहे हैं अपने अपने अखाड़े का डेटा बेस
- अखाड़ों की आध्यात्मिक दुनिया से रूबरू होंगे लोग, ग्लोबल ब्रांडिंग में भी मिलेगी सहायता
- वंचित समाज के बीच सनातन की जड़ें मजबूत करने में उपयोगी है डाटा बेस

**संवाददाता।** महाकुम्भ नगर

**प्रयागराज** महाकुम्भ को दिव्य भव्य स्वच्छ सुरक्षित और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार तकनीकी और नवाचार की मदद ले रही है। महाकुम्भ को डिजिटल स्वरूप दिया जा रहा है। इससे समय की बचत होती है। मितव्ययिता और पारदर्शिता भी बढ़ती है।

सरकार के इसी नक्शे कदम पर अब सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े भी चल पड़े हैं। डिजिटल युग में अखाड़े भी डिजिटलाइज हो रहे हैं। सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े अपनी अपनी समृद्ध धार्मिक परंपराओं को संरक्षित रखते हुए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। डिजिटल युग के मौजूदा दौर में इन अखाड़ों ने भी अपने प्रबंधन में डिजिटलाइजेशन का सहयोग लेना शुरू कर दिया है। अखाड़े अपना अपना डाटा बेस तैयार कर रहे हैं। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी कहते हैं कि हमारे अखाड़े में कंप्यूटर और बही खाता दोनों का इस्तेमाल हो रहा है। अखाड़े की ऑडिट में इससे बहुत मदद मिलती है।

इनकम टैक्स दाखिले के लिए जो भी रिकॉर्ड रखना होता है वह इसी डाटा बेस में रहता है। इसी से फाइल चार्टर्ड अकाउंट को शेयर कर दी जाती है। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंत्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी बताते हैं कि महाकुम्भ में हमारे अखाड़ों के ऑडिट होते हैं। एक दौर था जब हम बही खाते से इसकी जानकारी ऑडिट के लिए देते थे लेकिन अब हम सबके पास गैजेट हैं। हमारा अखाड़ा संस्कृत विद्यालय भी चलाता है। इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या से लेकर विद्यालय की आय-व्यय की पूरी जानकारी भी इसी डाटा बेस के माध्यम से हम एकत्र रखते हैं। सनातन धर्म के 13 अखाड़े अध्यात्म भक्ति और साधना के प्रचारक और प्रसारक मात्र ही नहीं हैं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनके आचार्यों द्वारा कई वैश्विक अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

प्रयागराज में जब भी कुम्भ या महाकुम्भ का आयोजन होता है तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। हालांकि अब तक इनकी संख्या को काउंट करने की कोई सटीक तकनीक नहीं थी। हालांकि इस बार योगी सरकार एआई कैमरों के साथ ही कई अन्य तकनीकों का सहारा ले रही है ताकि महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके और उन्हें ट्रैक भी किया जा सके।

### एआई के उपयोग से मिलेगी सफलता

**प्रयागराज।** आईसीसीसी एवं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल एवं झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं जहां से श्रद्धालुओं की मॉनीटरिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती है लेकिन इसमें एआई का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण होगा। एआई का उपयोग करते हुए क्राउड डेंसिटी अलगोरिदम से लोगों के काउंटिंग का भी प्रयास किया जा रहा है।

एआई आधारित क्राउड मैनेजमेंट रियल टाइम अलर्ट जनरेट करेगा। जिसके माध्यम से संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की काउंटिंग एवं ट्रैकिंग करना आसान होगा। मेला क्षेत्र में स्थापित आईसीसीसी में हेडकाउंट मॉडलिंग का कार्य देख रहे टेक्निकल स्टाफ के अनुसार हेडकाउंट में एक श्रद्धालु की बार बार गिनती न हो इसके लिए टर्नअराउंड साइकिल महत्वपूर्ण होता है। इसको ट्रैक करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। घाट क्षेत्र में एक तीर्थयात्री द्वारा औसतन लिया गया समय टर्नअराउंड साइकिल माना गया है। इसके तहत कोचरन्स फॉर्मूला के आधार पर सैंपल की संख्या निकाली जाती है।

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के हेडकाउंट के लिए एआई कैमरों का वृहद स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। यह कैमरे हर मिनट डाटा को अपडेट करेंगे। पूरा फोकस घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं पर होगा। यह सिस्टम सुबह 3 बजे से शाम 7 बजे तक पूरी तरह एक्टिव रहेगा। क्योंकि स्नान का प्रमुख समय यही माना गया है। इससे पहले माघ मेला के दौरान भी इन विधियों का उपयोग किया गया था। इसके माध्यम से हेडकाउंट का 95 प्रतिशत तक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।

इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस बार महाकुम्भ 2025 में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा।

इतनी बड़ी संख्या में लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने के लिए मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं।

### इस बार महाकुम्भ में होगा दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट

**महाकुम्भ नगर।** जहां एक ओर महाकुम्भ श्रद्धालुओं की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा तो वहीं योगी सरकार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट कर नया इतिहास बनाएगी। ऐसा अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से 45 करोड़ के बीच श्रद्धालु गंगा यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आ सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके इसके लिए योगी सरकार तकनीक के माध्यम से एक एक श्रद्धालु का हेडकाउंट करने जा रही है। यह महाकुम्भ ही नहीं बल्कि किसी भी बड़े आयोजन में दुनिया के अंदर सबसे बड़ा हेडकाउंट हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन एआई तकनीक के साथ ही कई अन्य विधियों के जरिए इस उपलब्धि को हासिल करने का प्रयास करने में जुट गया है।

### वंचित समाज के बीच सनातन की जड़ें मजबूत करने में उपयोगी है डाटा बेस

**प्रयागराज।** आदिवासी और वंचित समाज के साथ सनातन धर्म की निकटता स्थापित करने में डाटा बेस उपयोगी साबित होगा। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती जी कहते हैं कि अन्वेषण और विस्तार के लिए अखाड़ों को डिजिटल युग के अनुरूप ही इसे स्वीकार करना होगा।

उनका कहना है कि आदिवासी समाज को जागृत कर उन्हें सनातन धर्म की परम्परा से जोड़ने की उनकी आदिवासी विकास यात्राओं का उनका अनुभव भी यही है कि वंचित समाज में सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने के लिए उनकी जानकारी एकत्र कर उसका डाटा बेस तैयार करना एक आवश्यकता है।

इसके लिए वह स्वयं प्रयत्न कर रहे हैं। वैष्णव अखाड़ों में भी डाटा बेस बनाने पर सहमति है लेकिन कुछ तकनीकी समस्याएं होने की वजह से इसे आने वाले समय में अमल में लाने की बात अखाड़े कह रहे हैं।

## डॉ उदय शंकर अवस्थी फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया के रूप में हुए सम्मानित



**प्रयागराज।** इफको के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ उदय शंकर अवस्थी को उर्वरक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सहकार भारती द्वारा प्रतिष्ठित फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सहकार भारती के राष्ट्रीय महासचिव उदय जोशी ने घोषणा की। डॉ अवस्थी को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और दत्तात्रेय होसबोले द्वारा ताम्र पत्र कांस्य पट्टिका के साथ यह पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वीकृति भाषण में डॉ अवस्थी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और सहकार भारती के असाधारण जमीनी स्तर के काम की प्रशंसा की। उन्होंने रॉक फॉस्फेट पोटाश और प्राकृतिक गैस जैसे आवश्यक उर्वरकों के लिए आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। इस चुनौती का समाधान करने के लिए डॉ अवस्थी ने नैनो उर्वरकों के विकास में इफको के अग्रणी प्रयासों पर प्रकाश डाला जो मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करते हुए विदेशी मुद्रा बचाते हैं। उन्होंने सहकार भारती के कार्यकर्ताओं से नैनो उर्वरकों के लाभों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का आग्रह किया। भारत को कृषि में आत्मनिर्भर बनाने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। डॉ अवस्थी ने सहकारी समितियों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना नाजरेथ अस्पताल का 49 वां स्थापना दिवस

**संवाददाता।** प्रयागराज



**नाजरेथ** अस्पताल का 49 वें स्थापना दिवस का आयोजन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। विशेष अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता नाजरेथ अस्पताल के चेयरमैन मोस्ट रेवरेण्ड लुईस मास्करेन्हस ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आशु पांडे और कांग्रेगेशन ऑफ सिस्टर्स ऑफ नाजरेथ की प्रांतीय सुपीरियर सिस्टर लता सीएसएन शामिल रहीं। समारोह की शुरुआत एक भावपूर्ण प्रार्थना नृत्य के साथ हुई। जिसने कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग दिया। इसके बाद दीप प्रज्वलन का समारोह आयोजित किया गया। जो आशा और ज्ञान का प्रतीक था। प्रशासक फादर इसिडोर डिसूजा ने अतिथियों मेहमानों और शुभचिंतकों का स्वागत करते हुए सांस्कृतिक भव्यता की शुरुआत की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें से सबसे प्रमुख थी महाकुंभ दी इटर्नल कान्फ्लुएंस जो महाकुंभ मेले के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का भव्य चित्रण था। प्रदर्शन ने महाकुंभ की गहरी परंपराओं और एकता तथा भक्ति के सार्वभौमिक संदेश को प्रस्तुत किया। दर्शकों ने इसे जोरदार तालियों से सराहा जो प्रयागराज की समृद्ध विरासत की गूंज थी। अन्य प्रस्तुतियों में एक प्रभावशाली लघु नाटक हैंड्स दैट हील शामिल था जो स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। वहीं बालीवुड धमाका ने आधुनिक और रंगीन जोश के साथ दर्शकों का मन मोह लिया।

साइबर सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण और अंगदान जैसे विषयों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को गहरे संदेशों के साथ मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्य ज्योति निकेतन की दृष्टिबाधित लड़कियों ने अपने रिदमिक फीट से कम भाग्यशाली बच्चों की शिक्षा की आवश्यकता पर जोरदार संदेश दिया। सांस्कृतिक समागम ने विविधता में एकता के सुंदर रूप को प्रदर्शित किया।

## राविप जूनियर इंजीनियर संगठन की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** जनपद में मंगलवार को हर माह की तरह इस माह भी राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन की मासिक बैठक संगठन भवन अंधऊ गाजीपुर में संपन्न हुई जिसमें जिले के समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंता उपस्थित हुए, जनपद अध्यक्ष मिथिलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष ने अवर अभियंताओ/प्रोन्नत अभियंता की समस्याओ के बारे विचार किया गया एवं संगठन के एक एक सदस्यों से उनके समस्याओं को हर हाल में निराकरण अधीक्षण अभियंता के माध्यम से आश्वाशन दिलाया। दूसरी तरफ बिजली विभाग के निजीकरण में सीधा आरोप लगाया गया कि उच्च प्रबंधन पर अवैध रूप से विराजमान भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुभवहीन अधिकारियों ने कुछ ऐसा मायाजाल रचा कि किसी को कुछ पता ही नहीं चला कि कैसे इन बड़का बाबूओ ने पावर कॉरपोरेशन से लेकर सरकार तक को गुमराह कर दिया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाली विशाल आक्रोश रैली




**संवाददाता।** प्रयागराज

**बांग्लादेश** में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार को लेकर मंगलवार को प्रयागराज में भी जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। यहां उच्च न्यायालय के तमाम प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने आक्रोश रैली निकालते हुए बांग्लादेशियों का जमकर विरोध किया। हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं की आक्रोश रैली न्यायविद हनुमान मंदिर हाईकोर्ट से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहा सिविल लाइंस तक निकाली गई। इस दौरान अधिवक्ता भारत माता की जय जय श्री राम के जयकारे लगाते चल रहे थे। आक्रोश रैली के पश्चात अधिवक्ताओं की बड़ी सभा सुभाष चौराहा सिविल लाइंस में आयोजित हुई।

नागरिक मंच प्रयागराज की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि बांग्लादेश में लंबे समय से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। नागरिकों पर हमले के साथ ही धार्मिक स्थलों प्राचीन मंदिरों को भी तोड़ा जा रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है।

मुख्य स्थाई अधिवक्ता शीतला प्रसाद गौड़ शीतल ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक लोगों पर वहां की सरकार की शह पर उत्पीड़न किया जा रहा है। बांग्लादेश में जीवन जीने की स्वतंत्रता पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिसके चलते हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा बहुत ही आवश्यक है। पूर्व शिक्षा अधिकारी दिव्य कांत शुक्ला ने कहा कि बांग्लादेशियों के खिलाफ सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। मुख्य स्थाई अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही उत्पीड़न की घटनाएं बंद नहीं हुई तो संपूर्ण समाज सड़कों पर उतर कर आंदोलन शुरू होगा। उन्होंने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर केंद्र सरकार से बांग्लादेश पर कूटनीतिक दबाव बनाकर उत्पीड़न की घटनाएं रोकने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्वतंत्रता जांच कराने की मांग की है।

## गांवों में चौपाल लगा कर राजस्व संबंधी विवादों का करेंगे निपटारा

- सुगम योजना के अंतर्गत दुद्धी एसडीएम की पहल

**संवाददाता।** सोनभद्र



**उप** जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव ने तहसील क्षेत्र में राजस्व विवादों की स्थिति देखते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने हेतु सुगम योजना की शुरुवात की है। इस योजना के तहत वे प्रत्येक मंगलवार को ऐसे गाँव जो तहसील मुख्यालय से काफी दूर है और जहां भूमि विवाद की स्थिति ज्यादा बनी हुई है वहां चौपाल लगाकर भूमि विवादों का मौका मुआयना कर विवाद की वास्तविक स्थिति से रूबरू हो कर ग्रामवासियों के विवादों का निपटारा करेंगे। इसके अलावा जटिल विवादों कें निपटारे के लिए नायब तहसीलदार की अगुवाई में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम से विवाद का निस्तारण कराएंगे। जिससे ग्रामीण किसानों व भूमिधरों को आसान व सुगम न्याय त्वरित रूप से मिल सके। उप जिलाधिकारी निखिल यादव ने मंगलवार से इस योजना का शुभारम्भ किया और ग्राम रजखड़ से चौपाल लगाकर कर इसकी शुरुवात की। उन्होंने बताया कि आम जनमानस के लिए प्रत्येक मंगलवार को चयनित गांवों में वे खुद की मौजूदगी में चौपाल लगाएंगे और राजस्व विवादों सहित अन्य समस्यायों का भी निपटारा गांवों में ही जाकर करेंगे। इसके अलावा सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत से भी रूबरू होंगे। उप जिलाधिकारी की यह पहल ग्रामीणों को राहत महसूस कराएगी इसकी चर्चा जोरों से शुरू हो गयी, वहीं पीड़ितों के जेहन में अब न्याय मिलने की अलख जग गयी है।

उप जिलाधिकारी निखिल यादव ने सुगम योजना के तहत ग्राम रजखड़ के पंचायत भवन पर चौपाल लगाया और ग्रामीणों की भूमि संबंधी विवादों को सुना, इस दौरान भूमि विवाद संबंधी कुल 15 -20 मामले आये जिसमें से तीन मामलों का निस्तारण उप जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर कर किया वहीं शेष मामलों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर विवादों के निपटारे के निर्देश दिए।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का करें निवारण: डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की भूमि विवाद, नाली की समस्या, भूमि का सीमांकन, खेत में जा रहे रास्ते, विद्युत आपूर्ति के लिए नया ट्रांसफार्मर लगवाने की समस्या का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारी के सैनिक कल्याण निगम द्वारा तैनाती के सम्बन्ध में जनपद सोनभद्र में मोबाइल, सी0एस0डी0 कैन्टीन संबंधित समस्या सुनने के बाद निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन आशुतोष चौधरी को दिये। बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग अधिकारी आर0पी0 गौतम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला लीड बैंक मैनेजर एवं सरकार सदस्य तथा पूर्स सैनिकों एवं उनके आश्रितों द्वारा भाग लिया गया।

## त्रिलोकीनाथ मेमोरियल टूर्नामेंट में जनपद की टीम ने जीता लगातार दूसरा मैच




**गाजीपुर।** त्रिलोकीनाथ मेमोरियल टूर्नामेंट गोरखपुर स्टेट लेवल क्रिकेट लीग 2024-25 में मंगलवार का मैच गाजीपुर टीम और सिद्धार्थनगर टीम के बीच सेंट्रल कॉलेज के ग्राउंड पर खेला गया। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने जानकारी दिया की इस मैच में गाजीपुर टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने के लिए फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गाजीपुर की टीम से देवराज 30 रन तथा के पवन ने 7 रनों के बदौलत 10 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाया। सिद्धार्थनगर टीम के तरफ से पियूष -4, अलोक -3, करीम -2, आनंन्द -2, मो कैफ-0, सन्नी- 0 ने विकेट लिया। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिद्धार्थनगर टीम ने मैच के 29 ओवर के चौथे गेद पर 87 रनों के स्कोर पर आलआउट हो गयी।सिद्धार्थनगर टीम की तरफ से सागर ने सर्वाधिक 12 रन बनाया। गाजीपुर के तरफ से ब्रिजेश- 4, तौफीक- 2, संदीप-2, किशन-1, विनत- 1 ,आकाश- 0 विकेट लेकर 65 रनों से गाजीपुर टीम ने दूसरा मैच जीत लिया। गाजीपुर टीम से मैन ऑफ़ द मैच ब्रिजेश बिन्द रहे और गाजीपुर टीम को लगातार दूसरी जीत की शुभकामनाये और टीम मैनेज़र रंजन सिंह उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण का मानवाधिकार उत्सव संपन्न हुआ



**मीरजापुर।** मानव अधिकारों के प्रति उपेक्षा और घृणा के फलस्वरूप ही वर्तमान सामाजिक परिदृश्य बर्बर स्वरूप को धारण किये हुए हैं। प्रत्येक मानव को अपने मानवाधिकारों का ध्यान रखते हुए दूसरों के भी अधिकारों का सम्मान करना चाहिए जिससे विश्व शान्ति, न्याय और स्वतंत्रता परिपक्व होगी। मानवाधिकारों की बुनियादी विशेषताओं का भान सदैव हमें होना चाहिए। उक्त विचार अपर आयुक्त/कुलसचिव गांव विनयवासिनी राज्य विश्वविद्यालय विन्ध्यांचल मण्डल मीरजापुर का विश्राम ने अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई विश्याचल मण्डल एवं मीरजापुर द्वारा मीरजापुर के मंगलम वाटिका रमईप ?ट्टी रोड़ में आयोजित विशाल मानवाधिकार उत्सव / सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्‌बोधन के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि मानवाधिकार नैसर्गिक विधि पर आधारित नैसर्गिक अधिकार की पारणा है।

मानव अधिकार का तात्पर्य संविधान में प्रदत्त प्रत्येक नागरिक को प्राप्त प्राण, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा के अधिकार से है। भारतीय संविधान भारत के प्रत्येक नागरिकों के मानवाधिकार को संरक्षण प्रदान करता है। मानवाधिकार की परिकल्पना नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों की सुख्खा करना है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व स्पेशल जूडिशियल मजिस्ट्रेट मीरजापुर डा0 गोपाल दत्त दूबे ने अपने उद्‌बोधन के दौरान कहा कि यदि अन्याययुक्त शासन और जुर्म के विरुद्ध लोगों को मानवाधिकारों के बुनियादी विशेषताओं को पूरी तरह से आत्मसात करना पड़ेगा जिसमें सिर्फ अपने ही अधिकारों के प्रति सचेत न होकर वरन समस्त मानव जाति के अधिकारों के प्रति एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना के साथ सामंजस्य करना पड़ेगा। इस दिशा में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है।

अपने उद्बोधन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा कि मानवाधिकारों की प्रतीक्षा को पूरी तरह से निभाने के लिए इसकी बुनियादी विशेषताओं को अच्छी तरह समझना जरूरी है। तभी हम मानवाधिकारों के सच्चे जागरूक प्रहरी बन सकेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अपर आयुक्त/कुलसचिव माँ विख्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डा0 विश्नाम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया एवं स्पेशल जुडिशियल मजिस्ट्रेट डा0 गोपाल दत्त दूबे एवं संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय एड0 ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

## गुरुकुलम स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने खूब मचाया धमाल

**संवाददाता।** चन्दौली



**गुरुकुलम** स्कूल ने अपना पहला वार्षिकोत्सव प्रोग्राम बहुत ही धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थि यों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुतियों का खूबसूरत संगम देखने को मिला, जिसमें रचनात्मक कहानी-कथन, भूमिका-निर्वहन, और मल्टीमीडिया प्रस्तुतियों के जरिए भारतीय शिक्षा के विकास को उजागर किया गया। विद्यार्थियों ने प्राचीन गुरुकुल प्रणाली से लेकर आधुनिक शिक्षा की यात्रा को भी दर्शाया, जिसमें समग्र शिक्षा और शिक्षक-छात्र के मजबूत संबंधों पर जोर दिया गया।

अलख इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत परेड से हुई, और एक खास पल तब आया जब एक विद्यार्थी ने अलख जैसे कपड़े पहनकर मंच पर उनका स्वागत किया। स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि स्वरूप, विद्यार्थियों ने उनका एक कलात्मक चित्र बनाया और गंगा के वाराणसी घाटों के दृश्य को पुन: निर्मित किया, जिसमें केवल रिसाइकिलेबल सामग्रियों का उपयोग किया गया।

इस अवसर पर स्कूल ने रिवेरब्रेशन्स नामक एक अंग्रेजी कहानी संग्रह का भी लॉन्च किया। यह किताब विद्यार्थि यों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में लिखी गई है, जिसमें जादुई रोमांच से लेकर दोस्ती की भावनात्मक कहानियों तक विभिन्न विषय शामिल हैं, जो उनके रचनात्मक विचारों को दर्शाती हैं। विद्यार्थियों ने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के माध्यम से आधुनिक मूल्यों और अनुशासन को प्रदर्शित करते हुए,भविष्य की कक्षाओं की कल्पनाकी, जिनमें एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी और पर्सनलाइज्ड लर्निंग जैसे तकनीकी उपकरण शामिल थे। यह कार्यक्रम भारत की शैक्षिक विरासत और उसके उज्जवल भविष्य की झलक दिखानेके

साथ-साथ स्कूल की रचनात्मकता और सांस्कृति क जागरूकता को प्रोत्साहित करने की प्रति बद्धता को दर्शाता है। गुरुकुलम स्कूल की प्रिंसिपल, प्रियंका मुखर्जी ने कहा, हमारे वार्षिक कार्यक्रम ने हमारे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को खूबसूरती से प्रस्तुत कि या। यह उनके एक महीने की मेहनत का परिणाम है। हमें गर्व है कि अलख ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को गौरवान्वित कि या। जहां शैक्षणिक उपलब्धियां महत्वपूर्ण हैं, वहीं ऐसे कार्यक्रम भी विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और टीम वर्क को बढ़ाने में मदद करते हैं। गुरुकुलम स्कूल में, हम विद्यार्थियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि व्यक्तिगत और शैक्षणिक सफलता के लिए तैयार हो सकें। स्कूल वित्तीय साक्षरता और उद्यमशीलता पर विशेष ध्यान देता है, जिसे मॉडल यूनाइटेड नेशंस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से और अधिक बढ़ावा दिया जाता है। गुरुकुलम एक आवासीय विद्यालय है, जो युवाओंको जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनाने का लक्ष्य रखता है।

## महिला किसानों को बनाया जायेगा आत्मनिर्भर, हुआ अहम समझौता




**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट के मध्य सिंगरौली में महिला किसानों को सशक्त बनाने हेतु संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया, जिसका उद्देश्य सिंगरौली में महिला किसानों की आजीविका को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी में 4.05 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं के आय स्तर को बढ़ाना और सतत विकास को बढ़ावा देना है। यह समझौता एनटीपीसी विंध्याचल की अपर महाप्रबंधक मृणालिनी और प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के इंटीग्रेटर सहेब भट्टाचार्य के बीच साइन किया गया, जिसमें दोनों संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा, प्रणव वर्मा, महताब आलम और निखिल जायसवाल भी मौजूद रहे। साथ ही प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के प्रतिनिधि मंडल में संतोष कुमार, टीम को-ऑर्डिनेटर और सौरव कुमार सागर, जिला प्रतिनिधि शामिल रहे।

यह साझेदारी एनटीपीसी विंध्याचल के स्थानीय समुदायों विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और सतत आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाती है।

## भारत-भूटान संबंध

### मोदी-वांगचुक मुलाकात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी तथा राजा वांगचुक की मुलाकात से भारत-भूटान संबंध और मजबूत हुए हैं तथा भावी सहयोग का आधार बना है। भारत और भूटान के बीच ऐतिहासिक संबंध, सांस्कृतिक जुड़ाव तथा परस्पर प्रगति के लिए गहरी प्रतिबद्धता विद्यमान है। हाल में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच उच्चस्तरीय बैठक से ये संबंध और मजबूत हुए हैं। इस बैठक ने दोनों देशों के बीच स्थाई संबंधों का महत्व उजागर करते हुए उनके बीच मित्रता को गतिशील भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में रखा है। भारत-भूटान संबंधों की स्थापना 1949 में मित्रता-संधि पर हस्ताक्षर से हुई थी जिसने स्थाई शांति व मित्रता, स्वतंत्र व्यापार व परस्पर सहयोग की नीव डाली थी। इस संधि का 2007 में उच्चीकरण कर परिवर्तनों को स्थान दिया गया। इसमें रक्षा, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में लगातार निकट सहयोग पर जोर दिया गया है। भारत भूटान की विकास यात्रा में मजबूत सहयोगी रहा है और उसने पनबिजली, ढांचागत संरचना, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। इसके साथ ही भूटान एक विश्वसनीय पड़ोसी रहा है और उसने भारत के सुरक्षा सरोकारों का साझा करते हुए राजनयिक प्रयासों में उसका समर्थन किया है। प्रधानमंत्री मोदी तथा राजा जिग्मे खेसर के बीच हालिया मुलाकात में बढ़ती चुनौतियों को संबोधित करने के साथ ही गहरे सहयोग के क्षेत्र तलाशे गए हैं। पनबिजली भारत-भूटान संबंधों का प्रमुख आधार है। भूटान अपनी नदियों से तैयार अतिरिक्त बिजली भारत को देता है जो एक परस्पर लाभदायक व्यवस्था है।



इस चर्चा में पनबिजली परियोजनाओं का उच्चीकरण करने, टिकाऊ ऊर्जा व्यवहार सुनिश्चित करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय चुनौतियों को संबोधित किया गया है। भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी बना हुआ है तथा दोनों नेताओं ने व्यापार में विविधीकरण और संपर्क बढ़ाने के तरीके खोजे हैं। इसके साथ ही डिजिटल ढांचे और तकनीक आधुनिकीकरण की भूटान की इच्छाओं के समर्थन के रास्ते खोजे गए हैं। खासकर हिंद-प्रशांत और हिमालयी क्षेत्रों में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर भी चर्चा की गई है। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने का निर्णय किया जिनमें अंतरराष्ट्रीय अपराध तथा उभरते साइबर खतरे शामिल हैं। दोनों देशों की जनता के बीच संबंध बढ़ाने का महत्व स्वीकार करते हुए नेताओं ने स्कालरशिप योजनाओं, कौशल विकास पहलों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर जोर देने का निर्णय किया है। इन प्रयासों का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बना कर सांस्कृतिक समझदारी गहरी करना है। भारत और भूटान के बीच संबंध व्यापक भू-राजनीतिक महत्व के हैं। चीन द्वारा हिमालयी क्षेत्र समेत दक्षिण एशिया में प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों को देखते हुए भारत और भूटान के बीच सक्रिय संबंध छोटे पड़ोसियों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। भूटान की रणनीतिक स्थिति उसके साथ साझेदारी को भारत की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण बना देती है। भारत द्वारा वैश्विक मंचों पर भूटान की भागीदारी के समर्थन से स्पष्ट होता है कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भूटान के स्वर तेज करना चाहता है जिनमें जलवायु परिवर्तन शामिल है। दोनों देश वर्तमान समय में साझा लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, ऐसे में उनके संबंध क्षेत्रीय सहयोग के लिए आदर्श माडल प्रस्तुत करते हैं। इस माडल का आधार विश्वास, लाभ और परस्पर सम्मान हैं।

# केंद्र सरकार का उदारीकरण एजेंडा

**कृषि-मार्केटिंग सुधारों का उद्देश्य खरीदारों को सीधे खेतों से खरीदारी में सक्षम बनाना तथा निजी क्षेत्र के अनेक व्यापार मंचों का सृजन करना है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने जून, 2024 में अतिरिक्त सचिव फैज अहमद किदवाई की अध्यक्षता में एक 12 सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादों की मार्केटिंग के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाना तथा किसनों को लाभकारी मूल्य देने के सुझाव देना था। समिति ने सुझाव दिए कि- 1. बड़े खरीदारों को सीधे खेतों से कृषि उत्पाद खरीदने की अनुमति दी जाए जिसमें संगठित खुदरा व्यापारी शामिल हों। इनको राज्य-निर्धारित मंडियों के माध्यम से न जाना पड़े या इन मंडियों द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रकार की लेवी न देनी पड़ें। 2. निजी एजेंसियों द्वारा संचालित गोदामों, सेलों व कोल्ड स्टोरेजों को 'डीम्ड मार्केट यार्ड'-डीएमवाई घोषित कर दिया जाए तथा 3. ई-नाम या एलेक्ट्रानिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट समेत अनेक ई-ट्रेडिंग प्लेटफार्मों की स्थापना तथा संचालन निजी क्षेत्र में करने की अनुमति दी जाए। सवाल है कि क्या सुझाव दिए जाने वाले उपाय अपना उद्देश्य पूरा कर सकेंगे? वर्तमान समय में कृषि मार्केटिंग प्रतिनिधिक कानूनों के अंतर्गत होती है।

एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट कमेटी-एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत व्यापक प्राविधान किए गए हैं। इनसे विभिन्न राज्यों में कृषि उत्पादों के स्वतंत्र प्रवाह में बाधा आती है क्योंकि उनकी मार्केटिंग को अनेक बाजार क्षेत्रों में बांट दिया जाता है और किसानों को एक निश्चित क्षेत्र में ही केवल निर्धारित एपीएमसी मंडी में ही अपने कृषि उत्पाद बेचने की अनुमति होती है। एपीएमसी मंडियों के बीच भी मार्केटिंग नियमों में व्यापक अंतर हैं।

मंडी में लाइसेंसधारक व्यापारियों और कमीशन एजेंटों का एक कार्टेल काम करता है जिसे स्थानीय भाषा में आढ़तिया या दलाल कहा जाता है और जिनका काम किसनों और खरीदारों के बीच लेनदेन में सुविधा प्रदान करना होता है। लेकिन इनका पूरी मंडी पर वर्चस्व होता है। यह गठजोड़ किसानों के उत्पादों की कम कीमतें निर्धारित करने, उसे अस्वीकार करने, कम तौल करने तथा भुगतान में विलंब, आदि के माध्यम से किसानों का शोषण करता है। इसके साथ ही बाजार फीस, आढ़तियों के कमीशन, ग्रामीण विकास कर-आरडीसी, आदि से किसानों को और कम पैसा मिलता है। इसके साथ ही एपीएमसी मंडी समितियां किसानों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद का एक हिस्सा ही निपटा पाती हैं। इससे किसानों को मजबूरी में अपना अधिकांश उत्पाद स्थानीय बाजारों में बेचना पड़ता है जहां बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है। इन बाजारों में किसानों को अपने उत्पाद औने-पौने दामों में बेचने पड़ते हैं। इनको भ्रष्ट नौकरशाहों और राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त होता है, इसलिए कानून का उल्लंघन करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

हालांकि भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी राज्य एजेंसियां मंडियों में कल्याण योजनायें संचालित करने के लिए किसानों से कुछ खास फसलें खरीदती हैं। वे न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करती हैं जिसे केन्द्र द्वारा निर्धारित किया जाता है। लेकिन उनकी खरीद सीमित होती है। इस प्रकार किसानों के कुल कृषि उत्पाद का केवल 6 प्रतिशत ही सरकारी खरीद के दायरे में आता है जो मुख्यत: बड़ी जोतों वाले या अमीर किसान होते हैं।

हालांकि, अनेक राज्यों ने निजी थोक मंडियों की स्थापना के प्राविधान किए हैं, पर उनकी स्थापना कुछ ही राज्यों में हो पाई है। इसका कारण यह है कि कुछ राज्यों ने कानून बनाए हैं, जबकि दूसरों में कानून निजी उद्यमियों को आकर्षित करने में सक्षम नहीं हैं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक ने खेतों से खरीद के प्राविधान किए हैं, लेकिन इस प्रकार के लेनदेन को चयनित उत्पादों तक सीमित रखा गया है और वे भी एक निश्चित समय के लिए हैं। इसके लिए भी उनको संबंधित एपीएमसी को टैक्सों का भुगतान करना पड़ता है। यहां तक कि केन्द्र सरकार द्वारा अप्रैल, 2016 में कृषि उत्पादों के लिए शुरू किए गए आनलाइन प्लेटफार्म ई-नाम भी बाधा मुक्त नहीं हैं, जबकि इनका उद्देश्य राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर किसानों को एकीकृत बाजार प्रदान करने, उनको अपने उत्पाद बेचने के अनेक विकल्प प्रदान करने तथा बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता करना था।

इसका कारण यह है कि राज्यों ने अपने कानूनों में आवश्यक संशोधन नहीं किए हैं जिससे कृषि उत्पादों के एलेक्ट्रानिक व्यापार में बाधायें आती हैं। इसके साथ ही अनेक एपीएमसी ने भी कोई ई-नीलामी प्लेटफार्म नहीं बनाया है। कानूनों का परीक्षण उनके वास्तविक लाभ से होता है। लगभग 7000 नियंत्रित थोक एपीएमसी मंडियों में से केवल 20 प्रतिशत या 1400 ने ही स्वयं को ई-नाम प्लेटफार्म से जोड़ा है। इसके साथ ही ई-नाम प्लेटफार्म पर पंजीकृत किसानों की संख्या केवल 17.5 मिलियन है जो कुल लगभग 140 मिलियन किसानों का केवल 12.5 प्रतिशत हैं। जहां तक पोर्टल पर किए जाने वाले बिजनेस का सवाल है, यह कुछ कृषि उत्पादों के वार्षिक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत है, जबकि इसमें डेरी व मांस उत्पाद शामिल नहीं हैं। इस प्रकार मूलभूत रूप से समस्या राज्यों के स्तर पर एपीएमसी पर मजबूत जकड़ बनाए रखना है। वास्तव में ई-नाम पर बिजनेस करने वालों के लिए यह सभी राज्यों में होना चाहिए। व्यापारियों और किसानों को एक अखिल भारतीय लाइसेंस मिलना चाहिए जिससे वे इस पोर्टल का लाभ उठा सकें। इसके लिए उनको निर्धारित मंडियों में जाने या संबंधित राज्य अधिकारियों से अनुमति की बाधायें समाप्त करनी चाहिए।

कुल मिला कर कहें तो वर्तमान कानून कृषि मार्केटिंग में निजी उद्यमियों को अनुमति नहीं देते हैं। अब समिति द्वारा बड़े निजी खरीदारों को खेतों से कृषि उत्पाद खरीदनें की अनुमति भी राज्य-निर्धारित मंडियों के माध्यम से है और उनको विभिन्न लेवियों का भुगतान करना पड़ता है। इन निजी एजेंसियों को अपने गोदाम, सेलो या कोल्ड स्टोर बनाने की अनुमति नहीं है। इस प्रकार डीएमवाई का दर्जा तथा ई-नाम जैसे अनेक ई-व्यापार प्लेटफार्म निर्धारित करने से निजी क्षेत्र को ज्यादा लाभ नहीं मिलता है और किसानों को भी अपने उत्पाद बेचने के ज्यादा विकल्प नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में मुख्य सवाल यह है कि इनको कारगर कैसे बनाया जाए? बड़े खरीदारों को सीधे किसानों से खरीद के लिए एपीएमसी को अलग रखना होगा और इसके लिए संबंधित राज्यों को एपीएमसी कानूनों में प्राविधान करने होंगे। इसी प्रकार किसानों को सीधे गोदामों, सेलो और कोल्ड स्टोरेजों से बेचने के लिए भी राज्यों को कानूनों में संशोधन करने होंगे। ई-प्लेटफार्मों पर खरीद के लिए भी राज्यों को कानून में आवश्यक संशोधन करने होंगे। इससे स्पष्ट है कि प्रस्तावित राष्ट्रीय नीति के लिए राज्यों व केन्द्रशासित क्षेत्रों को कानूनों की घोषणा करनी होगी, लेकिन राज्य शायद अपने कानूनों में ढील देने के इच्छुक न हों। अतीत में भी केन्द्र के अनेक प्रयासों के बावजूद उन्होंने अपने कृषि-मार्केटिंग कानूनों में ज्यादा उदारता नहीं दिखाई थी।

2017 में केन्द्र द्वारा प्रस्तावित आदर्श कानून को राज्यों ने अनदेखा किया था, जबकि इसका उद्देश्य किसानों को एक 'अखिल भारतीय राज्य लाइसेंस' से अपने व्यापार बेचने की अनुमति देना था। राज्यों की अनिच्छा के कारण किसान एपीएमसी के शिकंजों में फंसे हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार को संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक समानान्तर मंच बनाना चाहिए। सितंबर, 2020 में उसने अंतर-राज्य व राज्यों के बीच व्यापार पर नियंत्रण के प्रयास किए थे।

इससे व्यापारी देश भर में किसानों से कहीं भी उनके उत्पाद खरीद सकते थे और वे राज्य एपीएमसी से बाहर भी यह कर सकते थे। इस कानून का पूरा लाभ प्राप्त करने तथा किसानों को पूरा विधिक संरक्षण देने के लिए सरकार ने दो अन्य कानून भी बनाए थे। लेकिन दुर्भाग्य से मुट्ठी भर किसानों द्वारा साल भर चले आंदोलन के कारण तथा जनवरी, 2021 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए आदेश के कारण मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी।

हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने कभी इन कानूनों को असंवैधानिक नहीं कहा था। इस प्रकार केन्द्र द्वारा उठाए क्रांतिकारी कदम को यथास्थिति से लाभ उठाने वाले कुछ आढ़तियों व बिचौलिये व्यापारियों के कारण वापस लेना पड़ा, जबकि इसका उद्देश्य बहुसंख्य गरीब किसानों को लाभकारी मूल्य देना था। ऐसे में केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस विषय पर नए आदेश से ही स्थिति में सुधार संभव है।

# डिजिटल युग के नकारात्मक पहलू

**"ध्यान और प्रेरणा की कमी के परिणामस्वरूप अक्सर दक्षता में कमी आती है और कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में असमर्थता होती है।"**

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



अंतहीन मनोरंजन, निरंतर सूचनाओं और सतही विकर्षणों से भरी दुनिया में, मानव मस्तिष्क अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करता है। ब्रेन रोट शब्द का अर्थ है बिना सोचे-समझे या अनुत्पादक सामग्री के अत्यधिक उपभोग के कारण संज्ञानात्मक क्षमताओं या बौद्धिक जुड़ाव में कथित गिरावट।

हालांकि यह बोलचाल की भाषा है और नैदानिक ??निदान नहीं है, यह मानसिक कोहरे, कम ध्यान अवधि और कम समस्या-समाधान क्षमताओं का वर्णन करता है जो अक्सर लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने या कम मूल्य वाली सामग्री से जुड़ी होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क में कम ग्रे मैटर के साथ सहसंबंधित हो सकता है, जो विशेष रूप से युवा व्यक्तियों में आलोचनात्मक सोच और स्मृति को खराब कर सकता है।

यह चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में भी योगदान देता है, जो लगातार तुलना और आदर्श ऑनलाइन सामग्री के संपर्क में आने से प्रेरित होता है। सोशल मीडिया, स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और शॉर्ट-फ़ॉर्म सामग्री के उदय ने सूचना और मनोरंजन के हमारे उपभोग के तरीके में क्रांति ला दी है।

जबकि ये प्लेटफ़ॉर्म वैश्विक ज्ञान तक अभूतपूर्व पहुँच प्रदान करते हैं, वे निष्क्रिय उपभोग की आदतों को भी बढ़ावा देते हैं। अंतहीन स्क्रॉलिंग और बिंज-वॉचिंग भी मानसिक थकान और कम ध्यान अवधि का कारण बनते हैं, जिससे व्यक्तियों के लिए अधिक जटिल विचारों या कार्यों में संलग्न होना कठिन हो जाता है। ब्रेन रोट बौद्धिक उत्तेजना की कमी से भी उत्पन्न हो सकता है। मस्तिष्क



को चुनौती देने वाली गतिविधियां जैसे पढ़ना, समस्या-समाधान, या रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होना अक्सर आसान, कम प्रयास वाले विकर्षणों के पक्ष में दरकिनार कर दिया जाता है। समय के साथ, यह उपेक्षा आलोचनात्मक सोच, स्मृति प्रतिधारण और समस्या-समाधान कौशल में गिरावट का कारण बन सकती है। आधुनिक जीवनशैली, जिसमें उच्च स्तर का तनाव और लगातार मल्टीटास्किंग शामिल है, संज्ञानात्मक गिरावट में योगदान कर सकती है। अक्सर कहा जाता है कि पुराना तनाव मस्तिष्क के कार्य को बाधित करता है, विशेष रूप से स्मृति और सीखने के लिए जिम्मेदार क्षेत्रों में, जो एक दुष्चक्र बनाता है जहां व्यक्ति तनाव से बचने के लिए बिना सोचे-समझे गतिविधियों की ओर मुड़ जाता है, जिससे मानसिक ठहराव और बढ़ जाता है। इसके अलावा, एक गतिहीन जीवनशैली, मस्तिष्क के कार्य के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के साथ, संज्ञानात्मक गिरावट का कारण भी बन सकती है। मानसिक स्पष्टता और समग्र मस्तिष्क स्वास्थ्य को बनाए रखने में, शारीरिक व्यायाम और संतुलित आहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मस्तिष्क की सड़न के प्रभाव दूरगामी होते हैं और जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रकट हो सकते हैं। ध्यान और प्रेरणा की कमी के परिणामस्वरूप अकसर दक्षता में कमी आती है और कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में असमर्थता होती है। निष्क्रिय मनोरंजन में अत्यधिक लिप्तता रचनात्मक रूप से सोचने या मूल विचार उत्पन्न करने की क्षमता को बाधित करती है। पलायनवादी मीडिया के अत्यधिक उपयोग से वास्तविक दुनिया की भावनाओं और अनुभवों से अलगाव हो सकता है, जिससे खालीपन या असंतोष की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। डिजिटल संचार पर अत्यधिक निर्भरता पारस्परिक संबंधों और सार्थक, आमने-सामने बातचीत करने की क्षमता को ख़राब कर सकती है।

ब्रेन रोट को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो माइंडफुलनेस, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर ज़ोर देता है। स्क्रीन टाइम के लिए सीमाएँ निर्धारित करना और उपभोग की जाने वाली सामग्री के प्रकार के बारे में जानबूझकर सोचना ब्रेन रोट के प्रभावों को कम करने में मदद कर सकता है। निष्क्रिय मनोरंजन के बजाय शैक्षिक या विचारोत्तेजक सामग्री का चयन करके मन को उत्तेजित किया जा सकता है; नियमित शारीरिक व्यायाम, संतुलित आहार जैसे शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर और व्यक्तिगत और बौद्धिक विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित करके सीखने से मानसिक लचीलापन और रचनात्मकता को बढ़ावा मिल सकता है। वे तनाव को कम करने और मानसिक जड़ता से लड़ने में भी मदद करेंगे।

## आप की बात

### सब्सिडी पर खर्च

**आरबीआई** ने हाल ही में एक अध्ययन किया है-राज्य वित्त: एक जोखिम विश्लेषण। इस अध्ययन के अनुसार, भारतीय राज्यों के लिए हाल के वर्षों में सब्सिडी पर सरकारी व्यय 11 से 12त्न की दर से बढ़ा है। आरबीआई के अनुसार कई राज्य सरकारें सब्सिडी से मुफ्त सुविधाओं पर स्विच कर रही हैं। 2023-24 में सरकार को राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 3त्न रहने का अनुमान था। इसके 5.0त्न से 5.4त्न तक जाने की उम्मीद है। राज्यों को 3.5त्न राजकोषीय घाटे की अनुमति है, जिसमें से 0.5त्न बिजली सुधार वगैरह के लिए है। ऐसे में राजकोषीय हालत पर असर पड़ सकता है। और अब तो विकास कार्योंके लिए विधान उपलब्ध नहीं है। कई बार समय पर वेतन देने में धन की तंगी महसूस की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सरकार को सख्त लहजे मैं इसके प्रति चेतावनी देते हुए कहा कि मुफ्त की चीजे कब तक बाटेंगे? इसके बजाय लोगों को आधिकारिक रोजगार के संसाधन उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। मुफ़्त खोरी के आदी हो चुके लोग कोई भी काम करना नहीं चाहते हैं! यदि मुफ्त की रेवड़ियां बंद नहीं कि गई तो सभी राज्य में व देश में विकास कार्यों पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। भावी पीढ़ी का भविष्य भी खराब हो जाएगा सुप्रीम कोर्ट को भी सख्त चेतावनी देने के बजाय चुनाव आयोग को मुफ्त की रेवड़ियों पर सख्त पाबंदी के लिए दिशा निर्देश जारी करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सीरिया में तख्ता पलट

**सीरिया** में सत्ता पलट एक एसा विषय है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक कारक शामिल हैं। सीरिया में सत्ता पलट की प्रक्रिया में कई चरण और घटनाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को गहराई से प्रभावित किया है। सीरिया में सत्ता पलट की प्रक्रिया को समझने के लिए, हमें देश के इतिहास और राजनीतिक परिदृश्य को देखना होगा। सीरिया में बाशर अल-असद के शासन के दौरान, देश में एक मजबूत और केंद्रीकृत सरकार थी, जिसने विपक्षी दलों और समूहों को दबा दिया था। हालांकि, 2011 में अरब स्प्रिंग की लहर के साथ, सीरिया में भी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। ये प्रदर्शन शुरू में शांतिपूर्ण थे, लेकिन जल्द ही हिंसक हो गए। सरकार ने विरोधियों को दबाने के लिए सैन्य बल का उपयोग किया, जिससे देश में गृहयुद्ध छिड़ गया। इस गृहयुद्ध में कई समूह और देश शामिल हुए, जिनमें सीरियाई विपक्ष, इस्लामिक स्टेट, रूस और अमेरिका शामिल थे। यह संघर्ष कई वर्षों तक चला, जिससे देश में व्यापक विनाश और मानवीय संकट पैदा हुआ। सीरिया में एक नई सरकार का गठन किया गया है, लेकिन विपक्षी समूह और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठन अभी भी सक्रिय हैं। देश में शांति और स्थिरता की बहाली के लिए अभी भी बहुत काम करना बाकी है।

– **विभुक्ति बुपक्या,** खाचरोद, मप्र

### देश विरोधी विचारधारा

**कांग्रेस** की अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित उस संगठन से बताया जा रहा है जिसने कश्मीर का एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में समर्थन किया है एवं सोनिया जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित संगठन से जुड़ी हुई भी है। यह संगठन समझता है कि कश्मीर को देश से अलग एक इकाई समझा जाए अत: हमें इस बात को लेकर घोर आपत्ति है कारण वह गांधी परिवार जो देश को तीन-तीन प्रधानमंत्री दे चुका है। इसमें देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी शमिल है उसके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी भी शामिल हैं। अत:जो गांधी परिवार कई बार देश की बागडोर संभाल चुका है अत: इसी गांधी परिवार की सोनिया गांधी जब कश्मीर को देश से अलग मानने वाले संगठन से जुड़कर जब उसका समर्थन करती है तो हम देशवासियोंको इस बात से काफी नाराजगी है कारण कश्मीर हमेशा ही भारत का अभिन्न अंग होकर इसका एक राज्य है। जहां तिरंगे एवं संविधान का सम्मान किया जाता है फिर हमें तो सोनिया गांधी के सुपुत्र एवं कांग्रेस के नेता , सांसद एवं संसद में विपक्ष के नेता राहुलगांधी के भी कई बयानों से आपत्ति रहती है जो वे स्वयं भी कई बार देश विरोधी नेताओं के साथ रहकर उनके देशविरोधी एजेंडे का समर्थन करते रहते हैं।

– **एमएम राजावत**, शाजापुर

### हाईटेक गौशाला

**भोपाल** में पहली हाई टेक गोशाला में दस हजार गाय को रखने की क्षमता की निर्मित की जा रही है।इस गोशाला में सी सी टीवी कैमरा,गायों का आहार हेतु कन्वेयर बेल्ट के अलावा गायों के उपचार हेतु चिकित्सा वार्ड भी निर्मित किये जाने की योजना है। ठीक इसी प्रकार से हाई टेक गोशाला का सभी तहसील स्तर पर भी उपयोगिता होनी चाहिए ।चरवाह भूमि में बरसात में उगी घास से वे अपना उदर पोषण कर लेते है।किंतु कई स्थानों पर चरवाह की भूमि अतिक्रमण ग्रस्त हो गई।इसके अलावा गोचर भूमि कही -कही सौर ऊर्जा हेतु आवंटित की जा रही है।जो भविष्य में चारे की समस्या को उत्पन्न करेगी।बरसात को छोड़ शेष मौसम उनके लिए दुखदायी होते है।गोवंश की रक्षा हेतु सभी को जागृत रहना होगा माननीय डॉ मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जनता से अपील की अगर आपके पास के हित पर्याप्त जगह है तो गाय अवश्य पाले। धार्मिक ग्रंथों में लिखा है गावो विश्वस्य मातर: अर्थात गाय विश्व की माता है।देखा जाए तो हमारा पूरा जीवन गाय पर आधारित है।गाय की देखभाल भी आवश्यक है क्योकि गाय हमारी माता है एवं गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

– **संजय वर्मा**, मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# पुलिस मुठभेड़ दो आरोपियों के पैर में लगी गोली, चार हुए गिरफ्तार

**संवाददाता।** रायबरेली



**एक** दिन पहले हुई डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरसवा गांव में अधेड 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो आरोपियों के पैर पर गोली लगी है जिनका इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। भर्ती किए गए आरोपियों के वार्ड के आसपास पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी लगाई गई है।

मामला रायबरेली जिले के डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरसवा गांव का है जहां पर सोमवार की रात घर में लूट के इरादे से घुसकर अधेड व्यक्ति की विरोध करने पर दोनों हाथ पैर बांधकर सिर पर सरिया से वार करते हुए उसकी नृशंस से हत्या कर दी गई थी। हत्या के दौरान उसके घर से 50000 से ऊपर के नगदी व जेवरात की लूट की घटना को अंजाम अंजाम देते हुए आरोपी फरार हो गए थे।जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है इस पूरे मामले को लेकर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीती रात मुठभेड के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और बदमाशों में फायरिंग भी हुई है। फायरिंग के दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को पर पर गोली मारी है जिनका इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है और सुरक्षा के बीच उनका इलाज चल रहा है। वहीं पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया है कि लूट के इरादे से घर में घुसकर अधेड व्यक्ति उमाशंकर साहू की विरोध करने पर हत्या की गई है। आरोपियों के गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ के दौरान पता चला है कि आरोपियों का एक संगठित गिरोह है जो इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। इन लोगों के खिलाफ पहले से दर्जनों हत्या,लूट,डकैती जैसी वारदातों के मुकदमे पंजीकृत हैं।

# खलीलाबाद बाईपास को भारत सरकार से मिली स्वीकृति



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-328ए पर खलीलाबाद बाई पास का प्रस्ताव जिला निगरानी एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक के अनुमोदन के उपरांत राष्ट्रीय मार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रेषित किया गया था जिसकी बैठक विगत 06 दिसंबर को हुई थी। उक्त बैठक में सचिव, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत प्रदान करते हुए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय मार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग द्वारा मै0 प्लानिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड फर्म को जनवरी माह तक डीपीआर प्रेषित करने हेतु पत्राचार किया है। उल्लेखनीय है कि रा0रा0मार्ग संख्या-328ए (नन्दौर-खलीलाबाद-धनघटा-रामनगर-न्योरी मार्ग) के अन्तर्गत जनपद संत कबीर नगर में खलीलाबाद बाई पास प्रस्तावित है, जिसके निर्माण हेतु सम्भावित रूट के क्रम में विकल्प-1 की कुल लम्बाई 14.10 कि0मी0 है एवं यह कुल 18 ग्राम पंचायत (बालूशासन, बेलया, बंजरिया, बघौली, सुन्दरपार बजहा, चंदिया, छाछापार, सतौहा, बाराहाटा, औरंगाबाद, अतरौला, चकमद अरूल्ला, जोरवा, बानभर, उस्काखुर्द, तेनुआराय, दुघरा, चदही) से होकर जा रहा है। जिसमें कुल 63.675 हे0 का भूमि का अधिग्रहण होना प्रस्तावित है।

## मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया भ्रमण, छात्रों से संवाद

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने रविवार देर शाम स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और छात्र-छात्राओं के साथ खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने छात्रों की ऊर्जा और उत्साह की सराहना की और उनके अनुभवों और सुझावों को समझने का प्रयास किया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, कॉलेज की सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा किया। छात्रों ने उन्हें अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य हैं। आपकी मेहनत और लगन न केवल आपके लिए बल्कि समाज के लिए भी मूल्यवान है। शिक्षण कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का दौरा करते हुए यह सुनिश्चित किया कि छात्रों को बेहतरीन शिक्षण सामग्री और सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने छात्रों को मेडिकल के क्षेत्र में नई खोजों और तकनीकों के प्रति उत्साहित रहने का संदेश दिया।

# सपाईयों ने डीएम को दिया ज्ञापन सरैया में बनाया जाए ओवरब्रिज



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम के नेतृत्व में सपा नेताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर एन0एच0 28 पर निर्धारित हुए रोडवेज बस स्टैण्ड को जिला मुख्यालय के निकट बनाये जाने की मांग किया है। समाजवादी नेताओं ने कहा है कि रोडवेज बस स्टैण्ड मीरगंज में बनने से आम जनमानस को कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा जो जनहित में नही है। आम जनमानस के हित को देखते हुए जिला मुख्यालय से सटे रोडवेज बस स्टैण्ड का निर्माण कराया जाय। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने यह भी कहा है कि मार्ग दुर्घटनाओं में आये दिन मृत्यु की घटनाएं घटित हो रही है। घटनाओं को रोकने के लिए सरैया बाईपास से आगे तक ओवरब्रिज बनाया जाय। जिससे दुर्घटनाएं कम हो। सपा नेताओं ने उदाहरण दिया है कि बस्ती जनपद के हाईवे पर कई स्थानों पर ओवरब्रिज बनाये जा रहे है जो दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ही एन0एच0 ने पहल किया है।

यहां भी सरैया के पास ओवरब्रिज बनाया जाय। ज्ञापन देने वाले में रामदरश यादव, लोरिक यादव, सुबोध चन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र यादव, कोमल यादव, मोहम्मद अहमद, सेराज अहमद, मनोहर सिंह, सोनू यादव, राहुल यादव बादल, मालती यादव सहित अन्य सपा नेता शामिल रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में उत्साहपूर्वक मनाया गया मानवाधिकार दिवस



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों को बनाये रखने की शपथ ली। छात्रा अंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिसंबर 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था ,ये अधिकार हम सभी में निहित हैं। फिर चाहे हमारी स्थित कैसी भी हो ,ये सबसे बुनियादी अधिकार है जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं। घोषणापत्र में मानवाधिकार प्रणाली की विभिन्न श्रेणियों और सिद्धांतों की रूपरेखा दी गयी है। इनमें नागरिक और राजनीतिक अधिकारय आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और एकजुटता अधिकार की श्रेणियां हैं। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने मानवाधिकार दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी देश के नागरिकों के वे अधिकार जो संविधान में वर्णित हैं और कानून द्वारा लागू किए जाते हैं।

मौलिक अधिकार कहलाते हैं वहीं मानवाधिकार वे सुरक्षा उपाय हैं जिनके माध्यम से एक इंसान सम्मान और समानता के साथ जीता है।

# फरवरी तक प्रत्येक गांव को जलापूर्ति से करें संतृप्तः जिलाधिकारी

**●नियमित जलापूर्ति 213 गांवों के सापेक्ष सिर्फ 110 गांवों में होने पर कार्यदायी संस्थाओं को लगायी फटकार**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन हर घर जल" के तहत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा कीकलेक्ट्रेट सभागार में कई गई। इस बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और एजेंसियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यों की समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर एजेंसियों मैसर्स जीवीपीआर लिमिटेड और मैसर्स बीजीसीसी लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, विभिन्न ग्राम समूहों में पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों की भी समीक्षा की गई। सला ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना सला ग्राम समूह में रोड रेस्टोरेशन 213 गांवों के सापेक्ष 197 गांवों में किया गया शेष कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

हालांकि, नियमित जलापूर्ति 213 गांवों के सापेक्ष सिर्फ110 गांवों में ही की जा रही है। जिलाधिकारी ने नारजगी जताई और जल्द ही इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। रायपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, रायपुरा ग्राम समूह की अवर जलाशय योजना में 17 कार्यों के सापेक्ष केवल 4 कार्य ही पूर्ण हुए हैं, इस पर नाराजगी जताई और एक सप्ताह के भीतर इन कार्यों को पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। रोड रेस्टोरेशन में 83 गांवों के सापेक्ष 51 गांवों में ही कार्य हुआ है, शेष कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

मढ़ेपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, मढ़ेपुरा ग्राम समूह में रोड रेस्टोरेशन 69 गांवों के सापेक्ष 45 गांवों में किया गया है शेष कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कोटा मुस्तकिल ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, कोटा मुस्तकिल में 77 गांवों में से केवल 41 गांवों में रोड रेस्टोरेशन कार्य हुआ है, शेष कार्यों में गति लाएं। जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्यों में सुधार नहीं आया तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई, जिसमें कार्य संतोषजनक नहीं पाए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए और कार्यों की प्रगति में तेजी लाई जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिसंबर माह के अंत तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया जाए और फरवरी माह तक हर गांव में नियमित जलापूर्ति कर संतृप्त किया जाए। जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए और संबंधित एजेंसियों को समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने ने सम्बंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि कार्यों में और देरी हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक किए गए रोड रेस्टोरेशन, किया जा चुके हर घर जल गांव की सूची उपलब्ध कराएं, जिसका मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सत्यापन कराया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य कर्मियों पर आभूषणों की चोरी का आरोप


**रायबरेली।** सड़क दुर्घटना में इलाज के लिए लाई गई घायल हुई महिला के आभूषण चोरी हो गए। जिससे महिला के परिजनों ने हंगामा काट दिया और मामले की शिकायत संबंधित थाने की पुलिस से की आपको बता दे यहां रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक शादी समारोह में महिला शामिल होने जा रही थी जिसको किसी वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसको इलाज के लिए रायबरेली के जिला अस्पताल इमरजेंसी में उसके परिजनों द्वारा लाया गया। यहां इलाज के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों पर आरोप है कि महिला के पैरों से शादी के आभूषण निकल लिए गए जिसको लेकर तिमादारों ने काफी पूछताछ की कुछ पता नहीं चला तो अस्पताल की चौकी में पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की घायल महिला के परिजन विमला पत्नी मनीष ने बताया कि वह शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे की नया पुरवा के रहने वाली है उनकी भाभी शादी समारोह में जा रही थी तभी वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गई जिसको इलाज के लिए लाया गया था महिला ने कहा कि जिसने चोरी किया है अगर वह दोबारा सामने आ जाए तो वह उसे पहचान लेगी फिलहाल चोरी की घटना से मचे हडकम के बाद सीएमएस ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से जांच कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है वही पीडितों ने मामले की शिकायत कोतवाली नगर में भी पहुंचकर की है और कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### सेतु निगम एवं ठेकेदार की दबंगई को लेकर धरना

**रायबरेली।** सेतु निगम विभाग एवं ठेकेदारों की दबंगई के खिलाफदर्जनों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया है और जिला प्रशासन से कार्रवाई किए जाने की मांग की है जनपद के गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बथुआ खास के दर्जनों किसानों ने बैनर लगाकर चौहान या मोड पर नियमों के विरुद्ध बनाए गए पुल व सडक को लेकर धरना प्रदर्शन किया है धरने पर बैठे किसान जालीपा प्रसाद ने बताया कि यहां सेतु निगम द्वारा जो जमीन सडक निर्माण व पुल निर्माण के लिए खरीदी गई है उन पर ना निर्माण करा कर हम किसानों के खेतों से रास्ते को बनाया जा रहा है जिसको लेकर कई बार जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो आज हम सब यहां मांगों को अनिश्चितकालीन लेकर धरने पर बैठे हैं अगर न्याय नहीं मिला तो यह धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

# एसडीएम-सीओ की चेकिंग में चार ओवरलोड ट्रकों को किया गया सीज

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**एसडीएम** सुशील कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह के द्वारा कालपी तहसील क्षेत्र की सड़कों में चेकिंग के दौरान अवैध खनन क ओवरलोड भरे 4 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से तमाम वाहन चालकों में खलबली मच गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 9-10 दिसम्बर की रात को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के साथ एसडीएम तथा सीओ राष्ट्रीय राजमार्ग में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़-कालपी हाइवे रोड की सड़क में एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्र के ओवरलोड मौरम लादे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई।उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहन को गल्ला कालपी के परिसर में सम्बंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया। इसी तारतम्य में एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आटा टोल प्लाजा में चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान टीम की हत्थे 3 ओवरलोड ट्रक चढ़ गये। तीनों ट्रकों के पास में रॉयल्टी प्रपत्र नहीं पाया गया। रॉयल्टी प्रपत्र न होने पर अधिकारियों ने हैरानी जताई। तीनों ट्रकों को विशिष्ट गल्ला मंडी उरई में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर कर सीज करने की कार्रवाई की गई।रात में चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## कोटे की दुकान में धांधली का मामला सामने आया

**ऊंचाहार।** उसरैना ग्राम पंचायत की कोटे की दुकान में धांधली का मामला सामने आया है, आपूर्ति निरीक्षक के कोटे की दुकान संचालक के विरुद्ध तहरीर दी है। ग्राम पंचायत में प्रेमा देवी के नाम कोटे की दुकान का आबंटन किया गया है।बीते दिनों मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय को प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में उसरैना ग्राम पंचायत की दुकान में धांधली की शिकायत मिली थी। जिसके बाद उन्होंने रोहनियां ब्लाक के आपूर्ति निरीक्षक अजय कुमार को पत्र जारी करके जांच के आदेश दिए थे।आपूर्ति निरीक्षक द्वारा मामले की जांच की गई तो 147 कुंटल 50 किलो खाद्यान्न घोटाला सामने आया।मंगलवार को आपूर्ति निरीक्षक ने कोटे की दुकान का संचालन करने वाली प्रेमा देवी के विरुद्ध ई सी एक्ट के तहत केस दर्ज कराने की तहरीर कोतवाली में दी है।कोतवाल सजंय कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# निपुण विद्यालयों के 25 प्राध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**कोंच, जालौन।** ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम मंगलवार को बीआरसी केंद्र पर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि निपुण भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के प्रति कार्य कर रही है। डीवीटी के माध्यम से स्कूली बच्चों को यूनीफॉर्म, बैग, स्टेशनरी आदि देने के लिए अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण में परेशान न होना पड़े। विधायक ने प्रधानों और प्रधानाध्यापकों से कहा कि परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में निपुण विद्यालयों के 25 प्रधानाध्यापकों दीप्ति गुर्जर, साधना निरंजन, लक्ष्मीनारायण, धर्मेंद्र बबेले आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उपस्थित प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के साथ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरपाल यादव ने किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार रवि सहित प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र निरंजन बबले, प्रधान आनंद पचौरी, रामसजीवन, रामकुमार, सिद्धार्थ नरी, प्रधानाध्यापक और शिक्षक जितेंद्र गुप्ता, रंजन गोस्वामी, शैलेन्द्र, सुनील निरंजन, अनिल निरंजन, एआरपी चित्रांगद, दीनबंधु, उपेंद्र भास्कर, अतुल सोनी आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू पंचायत में किसानों की समस्याओं को मुखरता से उठाया

**कोंच, जालौन।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत मंगलवार को गल्ला मंडी में चंद्रपाल पटेल बोहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें शामिल किसानों ने अपनी समस्यायें रखीं। संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की। पंचायत में किसानों ने सिमिरिया से अकोड़ी गांव के बीच स्थित 4 किमी की जर्जर सड़क का डामरीकरण कराये जाने, फसलों की सिंचाई के लिए कम से कम 18 घंटे बिजली आपूर्ति दिए जाने, ग्राम रवा और भेंड़ में अन्ना सांड सहित अन्य गांवों में अन्ना गौवंशों को गौशालाओं में बंद किए जाने, सहकारी समितियों पर डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने और अनावश्यक रूप से खाद के साथ में कोई पैकेट न दिए जाने, खरीफ फसलों के नुकसान पर अभी तक जो बीमा राशि नहीं दी गयी है वह शीघ्र ही दिलाए जाने, बीते महिनों पूर्व अतिवृष्टि से गिरे घरों के एवज में मुआवजा दिए जाने, रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने सहित अन्य तमाम मांगे रखीं। पंचायत में तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन, भगवानसिंह, रामसिंह, चंद्रपाल पटेल, महेंद्र सिंह कुशवाहा, गणेश प्रसाद आदि किसान मौजूद रहे।

### भदारी के माई होम स्कूल में चली गोधरा पर आधारित फिल्म

**कोंच, जालौन।** गुजरात में हुए गोधरा कांड पर आधारित फिल्म "द साबरमती रिपोर्ट" का प्रसारण मंगलवार को भदारी में संचालित माई होम स्कूल में किया गया। फिल्म को देखने के लिए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित सुनीलकांत तिवारी, महेंद्र सोनी, सुनील शर्मा, विनोद सोनी, मनीष नगरिया, अमित उपाध्याय, नरेश वर्मा, शिवसिंह कुशवाहा, रवि कुशवाहा, बादाम कुशवाहा, धर्मेंद्र राठौर, अवध यादव, मनीष अग्रवाल सौरभ पुरवार सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए से भेंट कर सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**उत्तर** प्रदेश बेसिक शिक्षा सेवानिवृत्त कल्याण परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरेंद्र सिंह कुशवाहा, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री महेंद्र सिंह भाटिया के साथ संघ के जिलाध्यक्ष केदारनाथ स्वर्णकार, मंत्री जालिम सिंह पाल, रामराजा द्विवेदी ने अवगत कराया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के नेशनल वेतन वृद्धि हेतु लगभग 550 प्रार्थना पत्र कार्यालय में लंबित है उनका जल्द निस्तारण कराया जाये।

सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को अवगत कराया कि वर्ष 2006 से 2012 तक के प्रार्थना पत्र आपके स्तर से एवं वर्ष 2013 के बाद के मंडलीय अपर निदेशक कोषागार झांसी से निस्तारित किये जाने हैं जिस पर बीएसए एवं वित्त लेखाधिकारी ने संयुक्त रूप से आश्वस्त किया कि हम लोग एक रणनीति के तहत कार्य कर रहे है और पेंशन दिवस 17 दिसंबर तक अधिकांश प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया जयेगा।

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल में शामिल शिक्षक नेताओं को आश्वासन दिया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों की कोई भी समस्या लंबित नहीं रहने दी जायेगी। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में अशोक तिवारी, कृपाल कुशवाहा, माताप्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप ओमरे, संतराम, वीरेंद्र चतुर्वेदी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, कैलाश नारायण पांडेय, कैलाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षक नेता रामराजा द्विवेदी ने जनपद के सभी शिक्षक बंधुओं से अनुरोध किया कि वह अपनी कार्यरत ग्राम सभा के शिक्षक परिवारों को अवगत कराने का कष्ट करें जो शिक्षक तीस जून को सेवानिवृत्त हुए वह एवं उनके निधन के बाद जिनको पारिवारिक पेंशन मिल रही है वह सब एक वेतन वृद्धि पाने के लिए उरई अध्यापक भवन स्टेशन रोड पर केदार स्वर्णकार से शीघ्र संपर्क हेतु सूचित करने का कष्ट करें।

# जाम से छुटकारा दिलाने के लिये अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू



**जालौन, उरई।** नगर की जनता को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। हालांकि यह बात और है कि अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः नगर की सड़कों पुनः अतिक्रमण पसर गया। नगर की जनता को जाम की समस्या से काफी समय से निजात नहीं मिल पा रही है। जाम की समस्या का प्रमुख कारण दुकानदारों और ठेले ठिलिए वालों का सड़क तक किए जाने वाला अतिक्रमण है। हालात यह है कि जाम के झाम के चलते अक्सर दुकानदारों और वाहन चालकों के बीच झगड़े तक की नौबत आ जाती है। झंडा चौराहे के चारों ओर, पत्थर वाली गली, सब्जी मंडी, पानी की टंकी के पास अतिक्रमण की सबसे अधिक समस्या है। यहीं पर अक्सर जाम की भी स्थिति बनती है। नगर की सड़कों पर जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता के नेतृत्व में इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे व नगर पालिका जेई प्रवीण कुमार व पालिका टीम ने नगर पालिका परिषद के सामने, झंडा चौराहा के चारों ओर, पत्थर वाली गली और सब्जी मंडी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया।

# रोडवेज बस स्टैंड जालौन का ठेका अब दूसरी कंपनी को मिला, आठ माह में होगा तैयार

**●जालौन से कानपुर बस सेवा शुरू कराने का एआरएम ने दिया आश्वासन**

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**नगर** व ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड का निर्माण कराया जा रहा है। 9 माह में बन कर चालू होने वाला बस स्टैंड लगभग चार वर्ष बाद भी अधूरा है। बस स्टैंड के निर्माण का ठेका दूसरी कंपनी को दिया गया है। बस स्टैंड को पूरा करने की समय सीमा आठ माह निर्धारित की गई है। सोमवार को सदर विधायक ने पूजन कराकर कार्य को पुनः शुरू कराया। साथ ही कंपनी के सुपरवाइजर को समय सीमा के अंदर गुणत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने नगर में बस स्टैंड के लिए 2019 में नगर पालिका से अनुबंध कर बस की स्टैंड की स्थापना की नींव डाल दी थी। लगभग 13 माह के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 जुलाई 2020 को वर्चुअली नगर में चुर्खी रोड पर बन रहे परिवहन निगम के बस स्टैंड की भूमि पूजन के साथ आधारशिला रख दी थी। साथ ही संबंधित कंपनी को नौ माह में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन भूमि पूजन के बाद रूक रूककर कार्य होता रहा। पहले बारिश फिर कोरोना के चलते भी काम में व्यवधान आया। इसी बीच संबंधित ठेकेदार के निधन के बाद काम रूक गया। यही कारण है कि लगभग चार वर्ष बाद अभी तक सिर्फ दीवारें ही बनकर तैयार हो पाई हैं। हालांकि इस बीच लोकार्पण की तीन बार समय सीमा बढ़ाई गई लेकिन इसके बाद भी कार्य पूरा नहीं हो गया।

अब इस बस स्टैंड के निर्माण का ठेका वर्मा इंटरप्राइजेज को दिया गया है। मंगलवार को नगर में आए सदर विधायक ने पूजन के साथ कार्य का शुभारंभ कराया साथ ही कंपनी के सुपरवाइजर शिवनाथ यादव को निर्देश दिए कि बस स्टैंड निर्माण निर्धारित समय सीमा आठ माह में पूर्ण कर दिया जाए। साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। कार्य के मानक में किसी भी प्रकार से गड़बड़ी न होने पाए।

सुपरवाइजर ने सदर विधायक को बताया कि 5700 वर्गमीटर में कराए जा रहे निर्माण में भवन व बाउंड्रीवाल बन गई है। उनकी कंपनी बस स्टैंड पर 1.8 करोड़ की लागत से मिट्टी भराई, भवन की रंगाई पुताई, टाइल्स, इंटरलॉक, और फिनिशिंग का कार्य करेगी। इस मौके पर एआरएम कमल किशोर आर्य, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, टीआई नौशाद, आदि मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 11 दिसम्बर 2024



# डीएम के प्रयासों से महक उठा गांधी बालोद्यान, हुआ कायाकल्प

● डीएम ने सीएसआर फंड से कराई 12 लाख की मदद बदली स्कूल की तस्वीर

● योजनाबद्ध रूप से रिकॉर्ड समय में विद्यालय का हुआ कायाकल्प ● डीएम ने किया कायाकल्प कार्यों का अवलोकन, बच्चों को



**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय पर संचालित जर्जर भवन और बदहाली के आंसु बहा रहा विद्यालय गांधी बालोद्यान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रयासों से महक और चमक उठा। डीएम ने विद्यालय में टीम भेजकर कायाकल्प कार्यों का आकलन कराया और सीएसआर फंड से 12 लाख की मदद दिलाई। पर्यवेक्षक का जुम्मा जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह को सौंपा और स्वयं भी समय.समय पर कार्य को मॉनिटर किया। गांधी जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई डीएमकी नजर विद्यालय की दीनहीन दशा पर पड़ी तो डीएम ने इसे महकने और चमकाने का मन बनाया। डीएम ने योजनाबद्ध रूप से रिकॉर्ड समय में इस विद्यालय का कायाकल्प कराया।

मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गांधी बालोद्यान स्कूल पहुंचकर कायाकल्प कार्यों का अवलोकन कर शिक्षकों और बच्चों को इसे भविष्य में भी इसी प्रकार स्वच्छए सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की नन्ही बालिका ने डीएम का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया। बच्चों ने ताली बजाकर डीएम का अभिवादन किया। विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम के समक्ष स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। डीएम ने मौजूद अभिभावकों और बच्चों से इस विद्यालय को भविष्य में भी कैसे सुंदर और साफ बनाए रखेंगे इस पर उनके विचार भी सुने।

कार्यक्रम संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चों ने बहुत अच्छी प्रस्तुतियां दी हैं। जब भी इस स्कूल आई हूं तो खुशियां बटोर कर जाती हूं। पिछली बार की अपेक्षा इस बार लगता है किसी और प्रांगण में आई हूं। इस विद्यालय को डीएम आवास से भी सुंदर बनाया गया है। विद्यालय भवन, गेट को चमकाने में दिन.रात देकर जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह की देख रख में चमकाया गया है। डीईओ का बच्चों से परिचय कराते हुए उनकी प्रशंसा भी की। डीएम ने निर्देश दिए कि विद्यालय परिवार बच्चों के माता.पिता को आमंत्रित करके कायाकल्प कार्यों को अवश्य दिखाएं। कलेक्ट्रेट की गोद में बसे इस विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए बच्चों को सफाई को संस्कारों में शामिल कराए। डीएम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद भी दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता ने कहा कि विद्यालय की अध्यक्ष डीएम के अभिनव प्रयासों से इस विद्यालय को एक नया जीवन मिला है।

## टीम ने ओवरलोड वाहनों को पकड़कर 1.85 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के अम्बेडकर चौराहे के पास से एआरटीओ हमीरपुर उपजिलाधिकारी सहित नायब तहसीलदार ने सोमवार रात अवैध परिवहन कर रहे बालू के तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर जुर्माना वसूल किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे एआरटीओ हमीरपुर अमिताभ राय उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार व नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह की टीम ने कस्बे के अम्बेडकर चौराहे के पास से अवैध परिवहन कर हमीरपुर की ओर जा रहे मौरंग से भरे 3 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया। जांच के दौरान चालक पूरे दस्तावेज नहीं दिखा सके। टीम ने 1 लाख 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन व अवैध परिवहन सम्बन्धी सूचना प्राप्त होने पर शीघ्र ही कार्रवाई की जायेगी।

## पूर्व राष्ट्रपति 12 दिसम्बर को पैत्रक गॉव में सर्वोदय स्कूल का करेंगे शिलान्यास

**कानपुर देहात।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द 12 दिसम्बर को अपने पैत्रक गॉव परौख में जय प्रकाश नारायण 8 सर्वोदय बालिका विद्यालय की आधारशिला रक्खेंगे। यूपी सिडको निर्माण इकाई द्वारा निर्मित किये जाने वाले इस बालिका विद्यालय को समाज कल्याण विभाग द्वारा सॅचालित किया जायेगा। कार्यक्रम में स्वतन्त्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरूण व राज्य मंत्री संजीव कुमार गोड भी मौजूद रहेंगे।

पूर्व राष्ट्रपति के अपने पैत्रक गॉव परौंख में आगमन के लिये अधिकारियों ने अभी से डेरा डाल दिया है। एक तरफ अमृत सरोवर की साफ सफाई, टूटी फूटी सडकों की मरम्मत, पानी निकासी, रोशनी आदि की पर्याप्त व्यवस्था के लिये युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति 12 दिसम्बर की दोपहर 11:30 बजे अपने पैत्रक गॉव में सर्वोदय बालिका स्कूल की नींव



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द

रक्खेंगे, पूर्व राष्ट्रपति के साथ उत्तर प्रदेश राज्य सरकार में समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र राज्य मंत्री असीम अरूण व राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहेंगे। सीडीओ लक्ष्मी एन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को ॲतिम रूप दिया जा रहा है, शीघ्र ही सारी व्यवस्थायें पूरी कर ली जायेंगी।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के छतहा पर गांव निवासी राजाराम का 40 वर्षीय पुत्र राजेश अपनी 38 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी और थाना क्षेत्र के चक अली ताहिरपुर गांव निवासी हंसराज के 24 वर्षीय पुत्र भूप सिंह को बाइक पर सवार कर शहर एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहा था। जब उसकी बाइक हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पतहा पर गांव के समीप पहुंची। तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने राजेश को मृत घोषित करते हुए शव को मर्चरी हाउस में रखवा कर घायल भूप सिंह और सावित्री देवी को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

# एसपी ने किया कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

**गरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा स्थानीय कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की जांच की और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अपडेट रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने सलामी लेने के बाद कोतवाली परिसर के स्थलीय निरीक्षण दौरान साफ-सफाई बनाये रखनें सहित जिम्मेदार उपनिरीक्षकों को लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिये निर्देशित किया गया साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने डियूटी



दौरान सर्दी से बचाव के लिये ग्राम चौकीदारों को कंबल एवं कैप वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। चौकीदारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम योगदान देते हैं। इस दौरान कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहन लाल, जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी सहित हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण में अवरोधक बनी नूरी मस्जिद का कुछ हिस्सा गिराया

**फतेहपुर।** सड़क चौड़ीकरण में अवरोधक बन रही ललौली कस्बा की नूरी मस्जिद को आज भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गिरा दिया गया। इस दौरान मस्जिद में न तो वहां के मुतवल्ली को आने दिया गया है और न ही अन्य कोई जा सका। मस्जिद वाले इलाके को पूरी तरह से सील कर दिया गया। कई थानों की पुलिस के साथ ही पीएसी और रैपिड़ एक्शन फोर्स लगातार सक्रिय रहा। पीडब्लूडी की जारी नोटिस के बाद भी जब सड़क की जद में आने वाले हिस्से को नहीं हटाया गया तो आज प्रशासनिक अमला ने इस कार्य को अंजाम दिया।

सड़क चौडीकरण को लेकर पीडब्लूडी विभाग ने करीब एक पखवारा पूर्व सड़क की जद में आने वाले मकान मालिकों के साथ ही ललौली के सात आना निबहरा मोहल्ला में स्थित नूरी मस्जिद के मुतवल्ली मोईन खान उर्फ बबलू को भी नोटिस जारी किया गया था। नोटिस देने के बाद भी प्रबंध समिति व उसके मुतवल्ली ने सड़क की जद में आने वाले मस्जिद के



हिस्सा का अतिक्रमण न हटाया गया तो मंगलवार की सुबह प्रशासनिक अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ मस्जिद का अतिक्रमण दो जेसीबी मशीनों से गिरवा दिया। मस्जिद में होने वाली कार्रवाई को लेकर किसी तरह की घटना की आशंका को लेकर पूरे इलाके को सील कर दिया गया। इस दौरान अपर जिला अधिकारी अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, एसडीएम सदर प्रदीप रमन, सीओ बिंदकी वीर सिंह, सीओ जाफरगंज होरी लाल, नायब तहसीलदार अमृत प्रभात के अलावा पीडब्लूडी के अधिकारी, कई थानों का पुलिस बल, एक कंपनी पीएसी, एक प्लाटून आरएएफतथा रैपिड एक्शन फोर्स मौजूद रहा।

**सदभाव बनाए रखने की अपील:** ललौली कस्बे के अंदर सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले अतिक्रमण को हटाए जाने के बाबत आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष मो. जीशान रजा ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण की जद में नूरी मस्जिद का कुछ हिस्सा व आगे मंदिर के कुछ हिस्से को गिराया गया है। यह कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ सड़क चौड़ीकरण को लेकर की गई है। इसलिए कोई भी व्यक्ति माहौल को बिगाड़ने का काम न करे। सदभाव बनाए रखें। सड़क चौड़ीकरण हो जाने से लोगों को सुलभ यातायात मुहैया होगा।

**बारह को नियत है हाईकोर्ट में तिथि:** मस्जिद के मुतवल्ली मोईन खां उर्फ बबलू का कहना है कि पीडब्लूडी की नोटिस के बाद उन्होने हाईकोर्ट प्रयागराज में एक रिट योजित किया है। इस रिट पर 12 दिसंबर को सुनवाई की तिथि नियत है, लेकिन प्रशासन ने सुनवाई की तिथि का इंतजार किये बिना ही मस्जिद का कुछ भाग गिरवा दिया।

**चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल:** नूरी मस्जिद का सड़क की जद में आने वाले हिस्सा को गिराने से पूर्व ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मस्जिद से करीब तीन सौ मीटर का एरिया सील कर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया था। जेसीबी मशीनों से जब तक मस्जिद का हिस्सा गिरा कर मलबा साफ कराया गया। पुलिस बल फ्लैग मार्च करता रहा और प्रशासनिक अमला पैनी निगाहों से पल-पल निगरानी करता रहा।

## क्विक न्यूज

### राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को ओआरबी के अवशेष काम शीघ्र पूरा करने के लिये लिखा पत्र

**कानपुर देहात।** राज्यमंत्री महिला एवॅ पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रूरा कस्बे में निर्माणाधीन ओआरबी के करीब पॉच वर्ष पूरा होने के बाद भी पूर्ण न होने पर स्थानीय निवासियों व वाहन सवारों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाये जाने की मॉग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में राज्यमंत्री ने बताया कि जनवरी 2019 को रूरा कस्बे में डीएफसी व मुख्य रेलवे लाइनों के ऊपर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, करीब पॉच वर्ष पूरा होने के बाद अभी भी उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की लापरवाही से निर्माण कार्य अपूर्ण है। जर्जर व ऊबड खाबड सर्विस सडक से गुजरने में वाहनसवारों को हर समय दुर्घटना का ॲदेशा लगा रहता है। सर्विस लेन के किनारों पर नालों का निर्माण भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। एक वर्ष से रेलवे फाटक भी बन्द है जिससे लोगों को 14 किलोमीटर का कठिन एवॅ खस्ता मार्ग से यात्रा करने को मजबूर होना पडता है। उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की उदासीनता से जनता घोर परेशानियों के दौर से गुजर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ओआरबी के शेष कार्यों को शीघ्रता के साथ पूरा करने के निर्देश सेतु निगम को प्रदान किये जाने की मॉग की है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से 1.5 लाख की ठगी

**फतेहपुर।** रिश्ते में मौसी लगने वाली एक महिला ने एक युवक के साथ मिलकर भतीजे को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख की ठगी कर ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला समेत दो के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। थरियांव थाना क्षेत्र के मिचकी गांव निवासी संजय ने बताया कि रिश्ते में मौसी उषा देवी सितंबर 2023 में एक युवक के साथ घर आई। युवक का परिचय मौसी ने सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के भीकमपुर निवासी कृष्णपाल बताया। दुबई में कृष्णपाल ने नौकरी दिलाने की बात कही। मौसी बोली कि अब तक 10 से 20 लोगों की कृष्णपाल ने नौकरी लगवाई है। उसे भी नौकरी दिला सकता है। नौकरी के एवज में डेढ़ लाख मांगे। कहा कि रुपये देने के बाद आठ माह में दुबई का वीजा आ जाएगा और उसे नौकरी पर भेज दिया जाएगा। नौकरी न लगने पर रुपये लौटाने की बात कही। उसने कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपये दिए। कृष्णपाल ने उसका रायबरेली एम्स में मेडिकल कराया। फोन पर वीजा की कॉपी भेजी। लखनऊ एयरपोर्ट पर वीजा दिखाया। पता चला कि वह वीजा फर्जी है। कृष्णपाल मौर्य व उषा देवी से रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। थाने में सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मजदूर की मौत पर नर्सिंग होम में परिजनों ने काटा हंगामा

**फतेहपुर।** जिले में संचालित अवैध नर्सिंग होमों में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को विजयीपुर कस्बे में संचालित एक अवैध नर्सिंग होम में बुखार से पीड़ित मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने हंगामा काट दिया और झोलाछाप डाक्टर पर कार्रवाई की मांग की। परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के सोनेमऊ गांव निवासी जयकरन पासवान कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित था। दवा खाने के बाद भी आराम न मिलने पर परिजनों ने उसे विजयीपुर कस्बे में संचालित सतगुरू क्लीनिक में उपचार के लिए भर्ती कराया। उसकी मौत हो गई। जयकरन पेशे से मजदूर था। मजदूर की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटना शुरू कर दिया। हंगामा होते ही अस्पताल संचालक मौके से भाग निकला।

### ट्रेन से कटकर सेवानिवृत्त दरोगा की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती के समीप ट्रेन की चपेट में आ जाने से 68 वर्षीय सेवानिवृत्त दरोगा की मौत हो गयी।अस्ती निवासी स्व. मैकू का पुत्र चन्द्रभान झारखण्ड में एसआई के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। सोमवार की दोपहर लगभग तीन बजे झारखण्ड किसी काम से जाने के लिए पैदल रेवले लाइन किनारे स्टेशन आ रहा था। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### फांसी लगा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने की आत्महत्या

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली के न्यायालय कैम्पस में रह रहे 25 वर्षीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक जिला जज के यहां तैनात था। जानकारी के अनुसार शहर के क्षेत्र के नसिरपीर निवासी स्व0 शिवशंकर का पुत्र अन्नू जिला जज के यहां नौकरी करता था न्यायालय कैम्पस में पत्नी श्यामा देवी व दो वर्षीय पुत्र नैतिक के साथ रहता था। आज सुबह लगभग 8 बजे अपने ही रूम में दुपट्टा से फांसी लगाकर अपनी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

## कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी में बताया कि 10.12.2024 को जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात, द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज पुखरायाँ, कानपुर देहात में हाई स्कूल, इण्टर के छात्राओं के लिए कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेष काउन्सलर, प्रो. अमेय करकरे, कम्प्यूटर साइंस इंजीरियरिंग डिपार्टमेंट, आईआईटी एवं अशुतोष पाण्डेय, रिसर्च ऑफिसर, आईआईटी कानपुर नगर ने इंटरमीडियट के उपरान्त विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी तथा छात्राओं के कॅरियर संबंधी सवालों का जवाब भी दिया तथा उनका मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी, बालिका इंटर कालेज, पुखरायों की प्राधानाचार्या कल्पना शुक्ला व समस्त स्टाफ, अनुज यादव (यप) राम किशोर सोनकर (वरिष्ठ सहायक) विनोद कुमार (कनिष्ठ सहायक) एवं संस्थान के शिक्षक गण द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जियो बीपी मोबिलिटी स्टेशन का किया उद्घाटन

**फतेहपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, फिक्की के अध्यक्ष व बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र से सांसद व संसद की जल संसाधन संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूड़ी ने खागा तहसील क्षेत्र के कटोघन जीटी रोड पर जियो बीपी मोबिलिटी स्टेशन का उद्घाटन किया। यहां निर्धारित मूल्य पर पेट्रोल सहित डीजल की खुदरा बिक्री की शुरूआत हुई।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व संसद की जल संसाधन संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री रूड़ी ने कहा कि देश उद्योग धंधे के मामले में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निरंतर विकास के लिए अग्रसर है। यही कारण है कि औद्योगिक समूह के सहयोग से 05 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने में ऐसे उद्योग धंधों का महत्वपूर्ण योगदान है। ईंधन आउटलेट व्यवसाय अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बिना ईंधन के यातायात का व्यापार संभव ही नहीं है। ऊर्जा इंटरप्राइजेज द्वारा संचालित ईंधन स्टेशन के उद्घाटन समारोह में



रिलायंस के वाइस प्रेसिडेंट राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। स्थानीय स्तर पर फतेहपुर के पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल, क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख विकास पासवान, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी आदि रहे। ऊर्जा इण्टर प्रायजेज़ द्वारा संचालित जियो बीपी के संचालक अनिल वर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी दी और सभी अतिथियों का स्वागत किया। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यह पेट्रोल पंप पूरी तरह से आधुनिक बनाया गया है। गुणवत्तापूर्ण सेवा व ईंधन भरने के समय को कम करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण तकनीक का उपयोग किया गया है।

# जेपी शर्मा बने एसओजी प्रभारी, जर्नादन प्रताप सिंह को रूरा थाने का प्रभार

● स्थानान्तरित एसओ जेपी शर्मा को विदाई देते समाजसेवी रामऔतार दीक्षित व प्रधान रामनरेश

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**एसपी** बीबीजीटी एस मूर्ति ने निर्वतमान रूरा थानाध्यक्ष जेपी शर्मा को उनकी सक्रियता व कर्मठता के चलते एसओजी का प्रभारी बनाया है, वहीं एसओजी प्रभारी रहे जर्नादन प्रताप सिंह को रूरा थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया है। अपने करीब दो महीने के संक्षिप्त कार्यकाल में मानवीय सॅवेदनाओं से परिपूर्ण कर्मठ व सक्रिय पुलिस अधिकारी के तौर पर जेपी शर्मा ने जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान आमजनमानस के बीच अमिट छाप छोडी। मुरलीपुर लूट काण्ड के खुलासे के दौरान शातिर लुटेरे से के साथ हुयी भिडण्त



में एनकाउण्टर के दौरान उसे गिरफ्तार करने से अपराधियों के प्रति उनके बेहद सख्त रवैये की झलक से भी जनता रूबरू हुयी। अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस व फरियादी व पीडित के साथ सॅवेदनशीलता के साथ किया गया व्यवहार ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बना दिया। अनसुलझे मामलों को सुलझाने व जिले की एसओजी टीम को दोबारा से उसकी पहचान कायम रखने के लिये एसपी ने जेपी शर्मा को जिले के इस बेहद महत्वपूर्ण बल का प्रभारी बनाया है। वहीं एसओजी प्रभारी ऊर्जावान युवा पुलिस अधिकारी जर्नादन प्रताप सिंह को रूरा थाने का प्रभार सौंपा गया है। जर्नादन प्रताप सिंह ने रूरा थाने का कार्यभार सोमवार को सॅभाल लिया है तथा अपनी प्राथमिकताओं में शासन की नीतियों के तहत काम करने का आश्वासन दिया है।

# हमारे अधिकार, हमारा भविष्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन

● राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 2024 के अवसर पर हमारे अधिकार, हमारा भविष्य विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

मंगलवार को नगर के तिर्वारोड स्थित सरोजनी देवी आर्य बालिका इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सर्वहितोन्मुख समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह, समाजसेवी एवं प्रबंधक



बालिका को पुस्तक देते डीआईओएस व स्वागत करते प्रबन्धक व मौजूद छात्रायें।

डॉ. मुकेश आर्य, प्रमोद कुमार आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य ने मानवाधिकारों के महत्व, बालिकाओं की शिक्षा में योगदान, और लैंगिक समानता के विषय पर चर्चा की। इसके साथ ही, बालिकाओं को उनकी कानूनी सहायता और समाज में उनके सशक्तिकरण के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी देते हुये पुस्तिका एवं पेन भेंट किया। इस दौरान डा. मुकेश आर्य ने बताया कि सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज सन 1970 में स्थापित किया गया इस क्षेत्र का सर्वप्रथम बालिका विद्यालय है। जिसमें बालिकाओं की उत्तम शिक्षा की संपूर्ण व्यवस्था है। वही विद्यालय की प्रधानाचार्य सुश्री अंजलि द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य में खेल, चर्चा सत्र और प्रश्नोत्तर जैसे इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किए की बात कही। समारोह का समापन पर सर्वहितोन्मुख समाज सेवा समिति की सचिव नेहा प्रजापति द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

## चोर लाखों की नगदी व सामान चुरा ले गये खुलासा न होने से लोगो में नाराजगी

**राठ ( हमीरपुर )।** सोमवार की चोरों ने एक सूने घर में घुसकर 4.80 लाख रुपए की नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए के जेवरात पार कर दिए हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी हरी कुशवाहा पुत्र बंटे लाल ने बताया कि सोमवार की सुबह वह परिवार के साथ कोतवाली के धनौरी गांव निवासी साली सुनीता के पुत्र नीलेश की शादी में गया था। शाम करीब सात बजे वह दोबारा घर में कपड़े पहने आया और नौ बजे रात्रि में चला गया। बताया कि वह सोमवार की रात्रि एक बजे शादी से घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ था। कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। सोमवार को भी चोरों ने कस्बे मुगलपुरा बबलू अहिरवार के यहां से गृहस्थी का सामान व दस हजार रुपए कोतवाली के बहपुर गांव निवासी नर्मदा राजपूत के यहां से बीस हजार रुपए चोरी हो गए थे। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** जनपद जालौन के थाना आटा अंतर्गत अकबरपुर इटौरा गांव निवासी नीरज पुत्र राजेन्द्र ने बताया कि 23 नवंबर को उसके पिता 52 वर्षीय राजेन्द्र मां श्यामवती को बाइक से लेकर लोदीपुर निवादा एक शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी बिवार रोड जलालपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई थी। मां गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। मृतक के पुत्र ने ट्रक चालक काशीराम सैनी निवासी खनौट थाना जलालपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# श्रीरामलीला मेला में आदर्श सामू. विवाह का आयोजन

**निघासन खीरी।** निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर चले रहे श्री राम लीला मेला के अंतर्गत आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आदर्श सामू. विवाह में गायत्री परिवार के दयाशंकर, गूना देवी ने सनातनी परंपरा से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह करवया, वहीं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता रविन्द्र यादव ने बताया कि विवाह एक ऐसा स्वैच्छिक बंधन है जिसमें वर, वधू आज से बंधकर पति पत्नी के रूप में एक हो जाते हैं यह विवाह दो आत्माओं का संगम है शरीर तो दो हैं पर आज से पति पत्नी दोनों को आत्मा मिलकर एक हो गई।

इस आदर्श सामूहिक विवाह में पंकज कुमार इमलिया संगएगीतांजली हथियाबोझए मुकेश कुमार चंदनपुरवा संग पुष्पा देवी ठाकुरपुरवाए संतोष कुमार भजनपुरवा संग लवली मौर्या नैनानपुर परौरी ए सुधीर कुमार बसहा पतरासी संग पंछी सेमरापुरवाए मुकेश कुमार छीटनपुरवा संग रोहिणी गुलरीपुरवा ए वीरू परागीपुरवा संग अनीता सुजानपुर, श्यामू चिल्लापुरवा संग रूपा देवी रामनगर धौरहराए चन्दन



बिनौरा संग राधा धानुक जम्हौरा, दीपू धौरहरा संग सुमन देवी धरौरा बख्शी तालाब लखनऊ, संतोष कुमार प्रीतमपुरवा निघासन संग खुशबू निघासन, अवधराम जम्हौरा ढखेरवा संग गायत्री देवी पचपेड़ा बम्हनपुर सहित 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक हुए।

इस सामूहिक विवाह के आयोजक के.के. मौर्या, (मेला कमेटी महामंत्री), मनोज वर्मा (मेला कमेटी कोषाध्यक्ष) ने बताया कि आदर्श सामूहिक विवाह में सभी जोड़ो को चांदी की पायल, नाक की कीलए चांदी की बिछिया, एक बड़ा बक्सा सिंगल बेड गद्दा रजाई, वर वधू के पहनने वाले आवश्यक कपड़ों के साथ गृह गृहस्थी से संबंधित आवश्यक सामग्री, बर्तन आदि मेला कमेटी की तरफ से दिया गया। आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन में मेला कमेटी के अध्यक्ष दया शंकर मौर्या (चेयरमैन प्रतिनिधि), प्रदीप गुप्ता (मेला मुख्य आयोजक), दिनेश शुक्ला (अधिशाषी अधिकारी), जयेश कुमार सिंह (खण्ड विकास अधिकारी), जगन्नाथ प्रसाद मौर्य, बाबूराम मौर्या (सभासद), डॉ. आशीष गुप्ता, रामकिशोर मौर्या बजाज, त्रियुगी नारायण मौर्य डॉ. ध्रुव गिरी, सहजराम मौर्या, ऊषा विश्वकर्मा भूपेन्द्र मौर्या (जिला पंचायत सदस्य) डॉ. पंकज मौर्य, मोनू दीक्षित, पूजा त्रिपाठी (सीडीपीओ) सहित सभी पत्रकार बंधु व सैकड़ों की संख्या में पधारे क्षेत्रवासियों ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

# हाथरस भगदड़: अदालत ने सुनीं बचाव पक्ष की दलीलें, अगली सुनवाई 21 दिसंबर को

**हाथरस (उप्र)।** हाथरस की एक अदालत ने इसी साल दो जुलाई को स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के समागम के बाद मची भगदड़ के मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर मंगलवार को बचाव पक्ष की दलीलें सुनीं। अदालत अब 21 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई करेगी। भोले बाबा के प्रतिनिधि एवं बचाव पक्ष के वकील ए. पी. सिंह ने बताया कि दो जुलाई को समागम में मची भगदड़ के मामले में पुलिस ने जिला अदालत में 3,200 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था और अदालत में मंगलवार को इसी आरोप पत्र पर बहस हुई।

उन्होंने कहा, पुलिस ने आरोप पत्र में 674 गवाहों का हवाला दिया है। मैंने दलील दी कि इस मामले में पीड़ित ही आरोपी हैं और आयोजक भी। उनके लोग ही मरे हैं और वे जेल में हैं। पुलिस अपना पक्ष रखने के साथ-साथ हमारे 11 लोगों (आरोपियों) पर आरोप लगाने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह झूठ साबित होगा। सच्चाई सामने आएगी और न्याय मिलेगा। सिंह ने कहा, मामले की सुनवाई जारी है। अब इसी क्रम में आगे की सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तारीख तय की गई है। उन्होंने कहा, आरोपों पर बहस जारी रहेगी। हमारी बहस जारी रहेगी।

सिकंदराराऊइलाके के फुलराई गांव के पास गत दो जुलाई को स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के समागम के बाद भगदड़ मच गई थी। इस घटना में 121 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) और 238 (साक्ष्यों को गायब करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

सरकार ने तीन जुलाई को हाथरस भगदड़ कांड की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदर्सीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। पुलिस ने इस मामले में करीब एक दर्जन आयोजकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य आयोजक देवप्रकाश मधुकर भी शामिल है। सूरजपाल का नाम मामले में आरोपी के तौर पर दर्ज नहीं है। मगर वह गत 10 अक्टूबर को लखनऊ में एक न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और लगभग ढाई घंटे तक चली पूछताछ में घटना पर अपना बयान दर्ज कराया।

आरोपियों की जमानत की संभावना के बारे में अधिवक्ता सिंह ने कहा कि उनके कुछ मुवक्किलों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। उन्होंने कहा कि देवप्रकाश मधुकर और कुछ अन्य की जमानत याचिका पर 17 दिसंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और उनका कोई पिछला आपराधिक इतिहास नहीं है, यह भी आरोप पत्र में कहा गया है। सिंह ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि हमें न्यायालय से न्याय मिलेगा। पुलिस सहित सरकारी एजेंसियों ने कार्यक्रम में कुप्रबंधन के लिए आयोजकों को दोषी ठहराया है। उनका आरोप है कि आयोजकों ने कार्यक्रम में 80 हजार लोगों के आने की सूचना दी थी जबकि मौके पर ढाई लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूरजपाल के वकील ने दावा किया कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा कुछ जहरीला पदार्थ छिड़कने से भगदड़ मची।

## माकपा ने न्यायालय का रुख कर 1991 के पूजा स्थल कानून के खिलाफ याचिकाओं का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और महाराष्ट्र के एक विधायक ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न लंबित याचिकाओं के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया और कहा कि यह कानून देश के सार्वजनिक व्यवस्था, भाईचारा, एकता और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करता है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ 12 दिसंबर को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे मामले की सुनवाई कर सकती है। शीर्ष अदालत में पहले से ही लगभग छह याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें वकील अश्विनी उपाध्याय और पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा कानून के कुछ प्रावधानों के खिलाफ दायर जनहित याचिकाएं भी शामिल हैं।

# ऋण धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के धीरज वधावन की जमानत के खिलाफ सीबीआई की याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने करोड़ों रुपए के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रवर्तक धीरज वधावन को चिकित्सा आधार पर जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 10 साल में पूरी होने की संभावना नहीं है और इसमें शामिल दस्तावेज काफी बड़े हैं। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी करने के पक्ष में नहीं हैं। अपील खारिज की जाती है।

उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया कि वधावन विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हैं और जेल से उनकी देखभाल की व्यवस्था नहीं की जा सकती, विशेषकर आपातकालीन स्थिति में। जमानत देते हुए उच्च न्यायालय ने वधावन को निर्देश दिया कि वे कोई भी अवैध कार्य न करें, तथा गवाहों को धमकाने सहित एकत्रित साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न करें। उच्च न्यायालय ने कहा, आवेदक को अधीनस्थ अदालत की अनुमति प्राप्त किए बिना अभियोजन के विषय से संबंधित किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से रोका जाता है।

वधावन को यह भी आदेश दिया गया कि वह अधीनस्थ अदालत की अनुमति के बिना भारत से बाहर न जाएं और कार्यवाही में समय पर उपस्थित हों। इस मामले में वधावन बंधुओं - कपिल और धीरज को 19 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया गया और 15 अक्टूबर, 2022 को आरोपपत्र दाखिल किया गया, जिसके बाद अदालत ने इसका संज्ञान लिया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि डीएचएफएल, हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के तत्कालीन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कपिल वधावन, तत्कालीन निदेशक धीरज वधावन और अन्य आरोपियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले 17 बैंकों के संघ को धोखा देने के लिए आपराधिक साजिश रची।

यह आरोप लगाया गया कि आपराधिक षडयंत्र के तहत आरोपी व्यक्तियों और अन्य लोगों ने बैंकों के संघ को कुल 42,871.42 करोड़ रुपये के भारी ऋण स्वीकृत करने के लिए प्रेरित किया। सीबीआई ने दावा किया कि इस राशि का अधिकांश हिस्सा डीएचएफएल के खातों में कथित जालसाजी और बैंकों के वैध बकाए के भुगतान में बेईमानी से चूक करके कथित रूप से गबन कर लिया गया।

# वुजूखाने के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 18 दिसंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाने के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी। मंगलवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तो अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय में इस मामले में 16 दिसंबर को सुनवाई होगी। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तिथि तय की। वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी पूजा वाद में वादकारियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत कर रही है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है जिसमें जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी मस्जिद में वुजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्देश देने से मना कर दिया था।

राखी सिंह ने अपनी पुनरीक्षण याचिका में दलील दी है कि न्याय के हित में वुजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण आवश्यक है क्योंकि इससे अदालत को निर्णय पर पहुंचने में मदद मिलेगी। हिंदू पक्ष के वकील की दलील है कि संपूर्ण संपत्ति का धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए वुजूखाने का एएसआई से सर्वेक्षण कराना आवश्यक है। यह सर्वेक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्देश के मुताबिक, गैर आक्रामक पद्धति का उपयोग करके संभव है। एएसआई वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का पहले ही सर्वेक्षण कर चुका है और उसने वाराणसी के जिला न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। एएसआई ने वाराणसी के जिला अदालत के 21 जुलाई 2023 के आदेश के मुताबिक सर्वेक्षण किया था।

# एक्सप्रेसवे के लिए भूमि-अधिग्रहण मामला: न्यायालय ने मुआवजा राशि बढ़ाने का आदेश बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे के लिए हरियाणा में अधिग्रहित की गई जमीन के कुछ मालिकों को देय मुआवजा राशि बढ़ाई गई थी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के नवंबर 2021 के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें झज्जर के जिला राजस्व अधिकारी-सह-भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (एलएसी) के मुआवजा राशि बढ़ाने के आदेश को रद्द कर दिया गया था।

एलएसी ने 15 सितंबर 2020 को पारित एक आदेश में मुआवज राशि बढ़ाकर 19,91,300 रुपए प्रति एकड़ कर दी थी, साथ ही एक जैसी भूमि वाले मालिकों को उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए वैधानिक लाभ भी दिए। कुछ भूमि मालिकों ने उच्च न्यायालय के नवंबर 2021 के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में अपील की थी जिस पर ही शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाया।

पीठ ने इस बात पर गौर किया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत नवंबर 2004 को अधिसूचना जारी कर झज्जर जिले में अपीलकर्ताओं की भूमि एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की गई थी और मार्च 2006 में मुआवजा आदेश जारी कर 12.50 लाख रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा निर्धारित किया गया था। इसने इस बात पर भी गौर किया कि मुआवजा आदेश से असंतुष्ट एक जैसी भूमि वाले कुछ मालिकों ने झज्जर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के समक्ष मुआवजा बढ़ाने के लिए एक संदर्भ दिया लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। पीठ ने इस पर भी गौर किया कि ऐसे भूमि मालिकों ने उच्च न्यायालय का रुख किया जिसने मई 2016 में वैधानिक लाभों के साथ मुआवजे को बढ़ाकर 19,91,300 रुपए प्रति एकड़ कर दिया।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 30 जून 2016 को याचिकाकर्ताओं ने झज्जर के एलएसी के समक्ष अधिनियम की धारा 28-ए के तहत एक आवेदन दायर किया, जिसने व्यवस्था दी कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय के मई 2016 के फैसले का लाभ पाने के हकदार थे और मुआवजा राशि बढ़ा दी। धारा 28-ए, न्यायालय के आदेश के आधार पर मुआवजे की राशि के पुनर्निर्धारण से संबंधित है। यह मामला फिर से उच्च न्यायालय के समक्ष आया जिसने एलएसी के आदेश को रद्द कर दिया। उच्चतम न्यायालय के पूर्व फैसले का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि यह माना गया था कि धारा 28-ए के उद्देश्यों और कारणों के विवरण से पता चलता है कि प्रावधान के अधिनियमन के पीछे अंतर्निहित मकसद समान या समान गुणवत्ता वाली भूमि के लिए मुआवजे के भुगतान में असमानता को दूर करना था।

## ट्रक और वैन के बीच टक्कर,सात की मौत

**हाथरस।** हाथरस और सिकंदराराऊ के मध्य मंगलवार को एक ट्रक और वैन के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई तथा 14 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सिकंदराराऊके पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्यामवीर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह दुर्घटना हाथरस जंक्शन थाने के तहत आने वाले जैतपुर गांव में हुई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। हाथरस के जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने पीटीआई-भाषा को बताया, दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। इसमें तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि सात घायलों का हाथरस के जिला अस्पताल मे इलाज किया रहा है, जबकि सात अन्य घायलों को इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। जिलाधिकारी ने संवाददाताओ को बताया कि वैन एटा की ओर जा रहा था और उसकी टक्कर कूरियर कंटेनर ट्रकसे हो गई। उन्होंने कहा कि वैन में एक परिवार के लोग सवार थे और किसी काम से जा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# सशक्त हिन्दू राष्ट्र के लिए सनातनियों का संगठित होना बेहद जरूरी



**चित्रकूट।** विश्व हिन्दु परिषद के तत्वाधान में भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के केशवगढ में संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे विहिप के राष्ट्रीय संरक्षक बड़े दिनेश जी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी एवं संतों का पाथेय प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में दिगम्बर अखाडा के महंत दिव्य जीवन दास जी महाराज, कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास जी महाराज,रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास महाराज,श्रीतुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दास महाराज समेत आदि सैकड़ो संतो की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रान्त सहधर्माचार्य संपर्क प्रमुख राकेश जी ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां भारती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी संतो एवं विहिप पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए विहिप के राष्ट्रीय संरक्षक बड़े दिनेश जी ने कहा कि संगठित एवं सशक्त हिन्दु समाज के निर्माण के लिए विहिप की स्थापना हुई है। विहिप की स्थापना के उददेश्यों में धर्म की रक्षा और धर्म के शत्रुओं के उन्मूलन भी शामिल है। विहिप की स्थापना योगेश्वर कृष्ण के जन्मदिवस के दिन हुई है। बताया कि 29 अगस्त 1964 को कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विहिप की स्थापना हुई। विहिप ने अपने उद्देश्यों पर लक्ष्यों के लिए काम किया है। बताया कि विहिप मतान्तरण रोकने और घर वापसी पर सक्रियता से काम कर रही है। आगे बोलते हुए संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक दिनेश जी ने कहा कि धन हीन तो चल जाएगा किन्तु हिन्दु बल व जन हीन हुआ तो भारत तेज हीन हो जाएगा। हिन्दू समाज को चेतना होगा। निर्भीक,लड़ाका और ओजस्वी हिन्दू वर्तमान की आवश्यकता है। हिन्दू संगठित रहेगा तभी सशक्त भारत राष्ट्र का निर्माण होगा। वहीं कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल महाराज महाराज ने कहा कि हमे हिन्दू समाज को एकजुट करने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट के 84 कोस की परिधि से विधर्मियों से मुक्त करने की दिशा में साधू-संतों और हिन्दुओं को प्रयास कराना होगा। दिगम्बर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास महाराज ने कहा कि हिन्दुओं को बांटने का षड़यंत्र कुछ लोग कर रहे हैं। रामायणी कुटी के महंत राम हृदय दास जी महाराज ने कहा कि हिन्दु समाज पर सैकड़ो दशको से हमले हो रहे हैं। उन्होने कहा कि सनातनियों की एकजुटता की ऐसी समस्याओं का समाधान है। वहीं श्रीतुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि बांग्ला देश में हिन्दूओं पर हो रहा अत्याचार गंभीर चिंता का विषय है। उन्होने भारत के हिन्दुओं से बांग्ला देश की घटना से सबक लेकर कटरपंथियों के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। संत सम्मेलन कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से प्रांत धर्म यात्रा प्रमुख छेदीलाल गौतम ,विभाग समरसता प्रमुख राम शरण , जिला अध्यक्ष राजेंद्र, द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश , जिला संगठन मंत्री अतुल, जिला मंत्री नीरज केसरवानी,जिला सह मंत्री सिद्धार्थ, जिला मठ मंदिर प्रमुख अजय मिश्रा, जिला सत्संग प्रमुख गणेश मिश्रा, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख उमाकांत , दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका बहन मधु , जिला संयोजक अंकित , जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल विमल ,गोरक्षा प्रमुख सोनू मोदी ,जिला समरसता प्रमुख अभिषेक तिवारी,मीडिया प्रभारी सौरभ साहू आदि उपस्थित रहे।

# इल्तिज़ा मुफ्ती पर लगे रासुका : गोपाल

**लखनऊ ।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिज़ा मुफ्ती के हिंदुत्व विरोधी बयान के विरोध में आज विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने पुतला दहन किया। इसी दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा है कि मुफ्ती परिवार शुरू से ही हिंदू विरोधी और पाकिस्तान समर्थक रहा है। इल्तिज़ा के बयानों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मुफ्ती परिवार लंबे समय से देशविरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। उन्होंने 1989 में हुए रुबिया अपहरण कांड का जिक्र करते हुए कहा कि जब मुफ्ती सईद गृह मंत्री थे तब अपनी बेटी के बदले खूंखार आतंकियों को रिहा किया था। आतंकियों के समर्थन के इस खानदानी रिवाज के कारण 2016 में महबूबा मुफ्ती ने खुलेआम आतंकी बुरहान वानी का समर्थन किया था और अब उनकी बेटी इल्तिज़ा मुफ्ती हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं। यह वाकई बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने इल्तिज़ा पर रासुका लगाकर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। राय ने आरोप लगाया कि इल्तिज़ा मुफ्ती को जब जनता ने जम्मू.कश्मीर विधानसभा चुनाव में हरा दिया तब आतंकियों और जेहादियों का समर्थन प्राप्त करने हेतु हिंदू विरोधी बयान दे रही हैं।हिंदू समाज को ऐसे जेहादी और आतंकी ताकतों के खिलाफमुखर होना होगा। इल्तिज़ा मुफ्ती का बयान न केवल हिंदू समाज के खिलाफहै बल्कि राष्ट्रविरोधी भी है। उन्होंने वर्तमान सरकार से अपील की है कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्यवाही करें वरना विश्व हिंदू रक्षा परिषद लाल चौक पर धरना प्रदर्शन के लिए विवश



होगी। उक्त अवसर प्रदेश संगठन मंत्री हिमाशू धवलए शैंपी सिंहए शिवम सिंह राणाए रचना गौतम सिद्धांत सिंह अंकुर मिश्राए ठाकुर शिवम चौहानए ऋषभ मिश्राए राजकमल प्रजापति लोग मौजूद रहें ।

# उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की मौत मामला: कुलदीप सेंगर को मिली 10 दिन की अंतरिम जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर को चिकित्सा आधार पर मंगलवार को 10 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। सेंगर को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में 10 साल कारावास की सजा हुई है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने सेंगर की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया और उसकी सजा को फिलहाल निलंबित कर दिया। उन्होंने इस तथ्य पर भी संज्ञान लिया कि सेंगर को दुष्कर्म के मामले में भी उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भी इसी तरह की राहत दी थी।अदालत को सूचित किया गया कि सेंगर ने चिकित्सा आधार पर सजा पर अंतरिम निलंबन के लिए खंडपीठ से गुहार लगाई थी। खंडपीठ ने पांच दिसंबर को सजा को 20 दिसंबर तक अंतरिम रूप से निलंबित रखने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति ओहरी ने खंडपीठ के आदेश के अभिप्राय पर विचार करते हुए कहा, याचिका आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है और अपीलकर्ता को 50,000 रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर 20 दिसंबर तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है।

एकल पीठ ने फैसले में कहा कि जमानत की वहीं शर्तें होंगी जो खंडपीठ ने सेंगर पर लगाई थीं। खंडपीठ ने पहले कहा था कि अपीलकर्ता को उसकी चिकित्सा स्थिति की व्यापक समीक्षा के लिए रिहाई के अगले दिन अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में भर्ती कराया जाना चाहिए। सेंगर ने चिकित्सा आधार पर पांच महीने तक सजा को अंतरिम तौर पर निलंबित करने का अनुरोध किया था। सेंगर के वकील ने दलील दी कि सुनवाई अदालत द्वारा दोषसिद्धि और सजा के आदेश को चुनौती देने वाली उनके मुवक्किल की अपील लंबित है और वह पिछले आठ वर्षों से जेल में है, जबकि इस मामले में उसे अधिकतम 10 वर्ष की सजा दी गई थी।

## पेज 1 का शेष

### रास के ...

कहा, माननीय सभापति, बहुत विद्वान हैं, जाने-माने संवैधानिक वकील हैं, राज्यपाल रहे हैं, बहुत वरिष्ठ व्यक्ति हैं। जिनका हम सम्मान करते हैं लेकिन हमें यह करने के लिए विवश होना पड़ा है। हमें बहुत दुख के साथ और भारी मन से यह कदम उठाना पड़ा है। यह राज्यसभा के 72 साल के इतिहास में पहली बार है कि किसी सभापति के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया गया है। विपक्ष ने कहा कि 9 दिसंबर, 2024 को सदन में उनका आचरण विशेष रूप से एकतरफा और पूरी तरह से अनुचित था। वह सत्ता पक्ष को अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए प्रोत्साहित और उकसा रहे थे। इंडिया गुट के घटक दलों ने इस साल अगस्त में उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस देने पर भी विचार किया था। यह पहली बार है कि उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए राज्यसभा में नोटिस दिया गया है। प्रस्ताव पर विचार करने से पहले 14 दिन का नोटिस देना होता है और इसे उपसभापति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विभिन्न विपक्षी दलों के सदन के नेता नोटिस पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल नहीं हैं। लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए पहले भी इसी तरह के नोटिस दिए गए हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के खिलाफ कोई नोटिस नहीं दिया गया। लोकसभा अध्यक्षों के खिलाफ पहले भी तीन प्रस्ताव आ चुके हैं, 18 दिसंबर 1954 को जी.वी. मावलंकर के खिलाफ, 24 नवंबर 1966 को हुकम सिंह के खिलाफ और 15 अप्रैल 1987 को बलराम जाखड़ के खिलाफ। मावलंकर और जाखड़ के खिलाफ प्रस्ताव खारिज कर दिए गए, जबकि हुकम सिंह के खिलाफ प्रस्ताव को इसलिए खारिज कर दिया गया क्योंकि 50 से कम सदस्य ही प्रस्ताव को उठाने के लिए कुर्सी पर खड़े हुए थे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि उन्हें अध्यक्ष के खिलाफ इस तरह का नोटिस लाने में दुख हो रहा है, लेकिन सोमवार को जब उन्होंने सत्ता पक्ष के कई सदस्यों को सदन में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ बोलने की अनुमति देकर सारी सीमाएं लांघ दीं तो उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा किया, राज्यसभा के विद्वान माननीय सभापति के खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के अलावा इंडिया गुट से संबंधित सभी दलों के पास कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि वे राज्य सभा की कार्यवाही का संचालन अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीके से कर रहे हैं। इंडिया गुट के लिए यह बहुत ही दर्दनाक निर्णय रहा है, लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के अनुसार, राज्यसभा के तत्कालीन सभी सदस्यों के बहुमत से पारित और लोक सभा द्वारा सहमत एक प्रस्ताव द्वारा उपराष्ट्रपति को उनके पद से हटाया जा सकता है; लेकिन इस विषय के प्रयोजन के लिए कोई प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा जब तक कि प्रस्ताव पेश करने के इरादे से कम से कम चौदह दिन पहले नोटिस न दिया गया हो। विपक्षी सांसदों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में राज्यसभा के सभापति के पक्षपातपूर्ण आचरण की निंदा की गई, और कहा गया कि यह उच्च-स्तरीय संवैधानिक प्राधिकारियों के लिए अनुचित है, जिनसे भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों के अनुरूप और उनके अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा की जाती है।

### मुंबई ...

ग्रीनटेक द्वारा निर्मित 12 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) थी और इसे बेस्ट ने वेट लीज पर लिया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों में 22 वाहनों में छह ऑटो रिक्शा, 10 मोटरसाइकिल, कुछ कारें और एक पुलिस जीप शामिल हैं। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें से पांच की पहचान शिवम कश्यप (18), कनीज फातिमा (55), अफील शाह (19) और अनम शेख (20) के रूप में हुई है, जबकि 43 अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के भाभा अस्पताल और आसपास के निजी क्लीनिकों में ले जाया गया। दुर्घटना के तुरंत बाद बस चालक संजय मोरे को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जांच से पता चला है कि चालक के पास इलेक्ट्रिक वाहन चलाने का कौशल नहीं था। आरोपी को मंगलवार को शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 21 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने कहा, हम दुर्घटना की विस्तार से जांच कर रहे हैं और उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। चालक की मेडिकल जांच की जा रही है। आरटीओ अधिकारियों द्वारा बस का निरीक्षण किया जाएगा। वहीं जांच के लिए एक फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। जिसमें यह पता लगाने के लिए कि क्या चालक शराब के नशे में था, उसके रक्त के नमूने लिए गए हैं। पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चालक ने ईवी पर नियंत्रण खो दिया और बस की गति बढ़ा दी, जिससे दुर्घटना हुई। बेस्ट ने घटना की जांच के लिए अपने मुख्य प्रबंधक (परिवहन) रमेश मदावी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। ज्ञात रहे कि बेस्ट जो बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में काम करता है और देश की वाणिज्यिक राजधानी में 3000 से अधिक बसों का संचालन करता है। मीडिया को जारी एक बयान में, बेस्ट ने कहा, घटना में कुल 49 लोग घायल हुए। इनमें से सात लोगों की मौत हो गई। घायलों का मुंबई के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बेस्ट ने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 2 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की, जबकि बीएमसी और उपक्रम दुर्घटना में घायल लोगों के इलाज का खर्च वहन करेंगे।

### एनआईए ने...

को संदर्भित करता है। एनआईए ने कहा कि एनआईए ने अक्टूबर में हैदर और चार अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, जो विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल तस्करों और दलालों के एक सुव्यवस्थित नेटवर्क से संबंधित मामले में था। चारों सह-आरोपियों की पहचान मंजूर आलम उर्फ ??गुड्डू साहिल, आशीष उर्फ ??अखिल और पवन यादव उर्फ ??अफजल उर्फ ??अफरोज के रूप में हुई है। एनआईए ने कहा कि सभी आरोपी कमजोर भारतीय युवाओं को लाओ पीडीआर (लाओस) के गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र में भेजने में 'सक्रिय रूप से शामिल' थे, जहां उन्हें कथित तौर पर यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया गया था। एनआईए की जांच से पता चला है कि वे एक कंसल्टेंसी फर्म अली इंटरनेशनल सर्विसेज के माध्यम से काम करते थे, जो मानव तस्करी के लिए एक मुखौटा के रूप में काम करती थी। पूरे ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाने के अलावा, हैदर कथित तौर पर उन पीड़ितों से क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट के जरिए पैसे ऐंठने में भी शामिल था, जो चीनी स्कैमर्स के चंगुल से भागने की कोशिश कर रहे थे। एजेंसी ने कहा कि हैदर पर उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर 2 लाख रुपये का नकद इनाम था और उसके खिलाफ विशेष एनआईए कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली द्वारा गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था। मामले में एनआईए की जांच जारी है।

### महाराष्ट्र में ...

औचक तरीके से मतदान केंद्रों का चयन किया। निर्वाचन आयोग ने कहा, ईवीएम में दर्ज उम्मीदवार-वार वोट की गिनती और वीवीपैट पर्चियों से संबंधित गिनती में कोई भी विसंगति नहीं पाई गई। इसने कहा कि प्रत्एक मतगणना केंद्र पर विशेष घेरे बनाए गए थे और पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी पर रिकॉर्ड की गई, जिनकी फुटेज सुरक्षित रखी गई हैं। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों से वीवीपैट पर्चियों की गिनती अनिवार्य है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सत्यापन होने तक मतगणना प्रक्रिया अधूरी मानी जाती है और किसी भी उम्मीदवार को विजेता घोषित नहीं किया जा सकता। महायुति गठबंधन ने चुनाव में 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीती थीं।

### सुप्रीम कोर्ट...

समान गुणवत्ता वाली भूमि के लिए मुआवजे के भुगतान में असमानता को दूर करना था। न्यायालय ने कहा कि यह विवाद का विषय नहीं है कि पहली अपील, जिसे उच्च न्यायालय ने मई, 2016 में अनुमति दी थी, उसी अधिसूचना द्वारा कवर की गई भूमि के संबंध में थी जिसके तहत अपीलकर्ताओं की भूमि भी शामिल थी। पीठ ने कहा, इसलिए, हम अपील की अनुमति देने के लिए इच्छुक हैं। उच्च न्यायालय के 25 नवंबर, 2021 के विवादित निर्णय और आदेश को रद्द कर दिया जाता है और एलएसी के 15 सितंबर, 2020 के आदेश को बरकरार रखा जाता है।

### सांप्रदायिक सद्भाव...

हिंदू थे। वह अपने पैतृक गोत्र (कुल) नाम को पुन: अपना रहे हैं। नौशाद ने बताया कि उनके पूर्वज मूल रूप से आजमगढ़ के थे और दुबे वंश से थे। सात पीढ़ी पहले, हमारे पूर्वजों में से एक, लाल बहादुर दुबे ने इस्लाम धर्म अपना लिया था और लाल मोहम्मद नाम अपना लिया था। अपने परिवार के हिंदू वंश के बारे में जानने के बाद, नौशाद एक हिंदू संगठन से जुड़ गए और अब धार्मिक सद्भाव की भावना से रहते हैं। नौशाद ने कहा, वह दो साल से अपने नाम के साथ दुबे उपनाम का उपयोग कर रहे हैं। अगर लोग अपनी जड़ों से जुड़ते हैं, तो समाज में आधी नफरत खत्म हो जाएगी। वह शेख, मिर्जा या सैयद जैसी उपाधियों का विरोध करते हैं। मैंने अपना गोत्र भी खोज लिया है। हमारे पूर्वज दुबे थे। मैं धर्म पर चर्चा नहीं कर रहा हूँ बल्कि सद्भावना को बढ़ावा दे रहे हैं। हालाँकि, नौशाद ने स्पष्ट किया कि उनके तत्काल परिवार के किसी अन्य सदस्य ने अभी तक उपनाम नहीं अपनाया है। यह चलन नौशाद तक ही सीमित नहीं है। शेख अब्दुल्ला ने भी अपने हिंदू ब्राह्मण वंश का पता लगाने के बाद अपने नाम में दुबे जोड़ा है। सैयद शांडिल्य, इरशाद पांडे, ठाकुर गुफरान और इसरार अहमद दुबे सहित अन्य स्थानीय निवासियों ने भी इसी तरह की भावनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने सामूहिक रूप से कहा, वे सभी से अपनी जड़ों से जुड़ने का आग्रह करते हैं। एक अन्य निवासी, एहतेशाम अहमद ने अपनी हिंदू जड़ों को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि उन्हें अपना उपनाम बदलने का कोई कारण नहीं मिला। ग्रामीणों ने अपने निर्णय के पीछे किसी बाहरी दबाव से इनकार किया, और अटकलों को खारिज कर दिया। इस घटना ने विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की हालिया टिप्पणियों के संदर्भ में रुचि और बहस को जन्म दिया है, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि भारत में मुसलमान उन हिंदुओं के वंशज हैं जिन्होंने पीढ़ियों पहले इस्लाम धर्म अपना लिया था। गौर करने वाली बात यह है कि उपनाम बदलने की यह प्रक्रिया परिवार के हर सदस्य द्वारा नहीं अपनाई जा रही है। अधिकांश मामलों में केवल एक ही व्यक्ति ऐसा कर रहा है। इसने सवाल खड़े किए हैं कि क्या यह कदम किसी बड़े उद्देश्य का हिस्सा है। यह क्षेत्र में गहन चर्चा का विषय बना हुआ है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 11 दिसंबर, 2024



# मानवाधिकार के लिए नए खतरे हैं साइबर अपराध : मुर्मू

**भाषा।** नई दिल्ली




**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने** मंगलवार को कहा कि मानवाधिकारों पर अब तक का विमर्श मानव पर केंद्रित रहा है जिसके तहत उल्लंघनकर्ता किसी व्यक्ति को माना जाता है, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश करने से अब अपराधी कोई गैर-मानव या कोई लक्ष्य केंद्रित सॉफ्टवेयर हो सकता है। मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि साइबर अपराध एवं जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूडीएचआर) के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसे 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया और घोषित किया गया था। यूडीएचआर मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में कार्य करता है। भारत में संयुक्त राष्ट्र के राजनयिक मिशन के प्रमुख शोम्बी शार्प ने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का संदेश पढ़ा। स्क्रीन पर दिखाए गए गुतारेस के संदेश में कहा गया, मानवाधिकार दिवस पर, हम एक कठोर सच्चाई का सामना कर रहे हैं। मानवाधिकारों पर हमला हो रहा है। करोड़ों लोग गरीबी, भुखमरी, खराब स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणालियों में फंसे हुए हैं जो अभी तक कोविड-19 महामारी से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। वैश्विक असमानताएं बढ़ रही हैं। संघर्ष तेज हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। संदेश में कहा गया है कि घृणास्पद बयानबाजी भेदभाव, विभाजन और हिंसा को बढ़ावा दे रही है। मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, यह उन संस्थाओं को याद करने का दिन है जो समाज के सबसे कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने का प्रयास करती हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, विभिन्न अन्य संस्थाएं, न्यायपालिका और अन्य प्रमुख हितधारकों ने बेजुबानों की आवाज बनने के लिए अथक प्रयास किया है। मैं सभी के लिए मानवाधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता और अथक परिश्रम के लिए उनकी सराहना करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज एक उज्ज्वल उदाहरण बन गया है, जहां गरीबी उन्मूलन, वंचितों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराकर भूख मिटाने तथा युवाओं को अपने सपने साकार करने के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा पहल की जा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य की ओर बढ़ने के साथ ही हमें उभरती चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। मानवाधिकारों के लिए साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी होते हुए भी अपने साथ साइबर धमकी, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ए चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल को बढ़ावा देने का महत्व रेखांकित करती हैं ताकि प्रत्एक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो सके। मुर्मू ने अपने संबोधन में एआई और मानव जीवन पर इसके प्रभाव पर भी चर्चा की। मुर्मू ने कहा, एआई अब हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। उनहोंने कहा कि मानवाधिकारों पर अब तक का विमर्श मानव पर केंद्रित रहा है जिसके तहत उल्लंघनकर्ता किसी व्यक्ति को माना जाता है, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के हमारे जीवन में प्रवेश करने से अब अपराधी कोई गैर-मानव या कोई लक्ष्य केंद्रित सॉफ्टवेयर हो सकता है। उन्होंने कहा, मैं यह विषय आपके विचारार्थ छोड़ती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मामला भी हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है।

## पीएमएवाई-जी के अगले चरण में स्व-सर्वेक्षण विकल्प शामिल होगा : सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अगले चरण के लिए बनाई जा रही लाभार्थियों की नई सूची में लोगों के लिए 'स्व-सर्वेक्षण' करने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने पीएमएवाई-जी को और पांच साल के लिए लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा, भारत सरकार की मंजूरी के अनुरूप, योजना के तहत अतिरिक्त तौर पर पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान के लिए एक सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण आवास-प्लस 2024 मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है।

## कोर्ट ने फोनोग्राफिक लिमिटेड के पक्ष में फैसला सुनाया

मुंबई। एक महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्र में बॉम्बे हाई कोर्ट ने लुलु इंटरनेशनल शॉपिंग मॉल्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ अपने मामले में फोनोग्राफिक परफ ॉरमेंस लिमिटेड के पक्ष में एक आदेश जारी किया है। 5 दिसंबर 2024 को न्यायमूर्ति आरआई चागला द्वारा दिया गया यह आदेश सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि रिकॉर्डिंग के संचार के लिए महत्वपूर्ण मिसाल कायम करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता शरण जटियानी और प्रतिष्ठित वकीलों की एक टीम द्वारा प्रतिनिधित्व करते हुए ने लूलू इंटरनेशनल शॉपिंग मॉल्स और उनके नियंत्रण में होटलों व अन्य परिसरों में आयोजनों के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली ध्वनि रिकॉर्डिंग पर अपने कॉपीराइट को लागू करने की मांग की।

## डिजिटल टैक्स संग्रह प्रणाली को इंडियन बैंक ने दिया नया आयाम

**लखनऊ ।** इंडियन बैंकए भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक ने स्थानीय निवासियों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषदए बहराइच के साथ मिलकर ऑनलाइन टैक्स कलेक्शन पोर्टल लॉन्च किया है। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज ने बहराइच के नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया। डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए यह पोर्टल स्थानीय निवासियों को अपने नगरपालिका टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एक सुविधाजनकए पारदर्शी एवं प्रभावशाली मंच प्रदान करता है। यह पहल उत्तर प्रदेश के 25 नगरपालिकाओं में डिजिटल सॉल्यूशन्स को लागू करने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा हैए जिसमें सबसे पहले बहराइच में यह सेवा शुरू की गई है।

## अमेज़न विकसित भारत के प्रति दर्शाई प्रतिबद्धता

**मुंबई।** अमेज़न ने सालाना आयोजित होने वाले अपने संभव समिट् के पांचवें संस्करण में विकसित भारत् के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की है। संभव समिटए अमेज़न के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य है, भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेज़ी लाना। अमेज़न ने इस प्रयास के तहत,भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। अमेज़न ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हज़ारों की तादाद में रोज़गार पैदा होंगे। अमेज़न अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है।

# राजनाथ ने शेष एस-400 मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए रूस पर दबाव बनाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मास्को में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ व्यापक वार्ता के दौरान, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की दो शेष इकाइयों की आपूर्ति में तेजी लाने का रूस पर दबाव बनाया। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने कहा कि भारत-रूस साझेदारी में अपार संभावनाएं हैं और संयुक्त प्रयास 'उल्लेखनीय परिणामों' का मार्ग प्रशस्त करेंगे ।रूस के रक्षामंत्री के साथ बैठक में सिंह ने विभिन्न सैन्य हार्डवेयर (टैंक, विमान, मिसाइल आदि) के संयुक्त उत्पादन में रूसी रक्षा उद्योगों के लिए भारत में नए अवसरों का उल्लेख किया और कहा कि भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हैं तथा इसने एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की जिम्मेदारियों को पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह ने देश के घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमताओं को सभी क्षेत्रों और औद्योगिक सहयोग में विस्तारित करने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को व्यक्त किया। सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के ढांचे के तहत बैठक की सह-अध्यक्षता सिंह और बेलौसोव ने की। सिंह, रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।



आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिंह ने सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली की दो शेष इकाइयों की शीघ्र आपूर्ति किए जाने की जोरदार हिमायत की। रूस ने मिसाइल प्रणालियों की पहली तीन रेजिमेंट की आपूर्ति पूरी कर ली है। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर शेष इकाइयों की आपूर्ति में देरी हुई है। सिंह ने भारत में मिसाइल प्रणालियों के रखरखाव और संबंधित सेवाओं को पूरा करने का भी आह्वान किया। वहीं, रूसी रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर आधारित संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने आईएनएस तुशील के जलावतरण पर भी सिंह को बधाई दी। रूस निर्मित युद्धपोत को सोमवार को सिंह की मौजूदगी में तटीय शहर कालिनिनग्राद में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

# कोविड टीकाकरण से आकस्मिक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा : नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन ने निर्णायक रूप से प्रमाणित किया है कि कोविड टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा है, बल्कि इसके उलट इसकी आशंका कम हुई है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण पूर्व में अस्पताल में भर्ती होना, आकस्मिक मृत्यु का पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली संबंधी व्यवहारों के कारण अचानक मृत्यु की आशंका बढ़ जाती है। नड्डा ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सूचित किया है कि पिछले वर्ष मई-अगस्त के दौरान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में एक अध्ययन किया गया। उन्होंने कहा कि इस विश्लेषण में अचानक मृत्यु के कुल 729 मामलों और 2,916 कंट्रोल शामिल किए गए। यह देखा गया कि कोविड-19 टीके की कोई भी खुराक लेने से अस्पष्टीकृत आकस्मिक मृत्यु की आशंका कम हो गई। कोविड-19 टीके की दो खुराक लेने से ऐसी मृत्यु की आशंका काफी कम हो गई।

# ईयू ने जी7 प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रूस को आपूर्ति करने वाली भारतीय कंपनियों की भारत को जानकारी दी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने पश्चिमी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रूस को संभावित सैन्य इस्तेमाल वाली उच्च प्राथमिकता की वस्तुओं की आपूर्ति करने में कुछ भारतीय कंपनियों की कथित संलिप्तता के बारे में भारत को जानकारी दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ प्रतिबंध संबंधी दूत डेविड ओ सुलिवन ने कहा कि उन्होंने रूस को उच्च प्राथमिकता वाली सामान्य वस्तुओं का अवैध प्रवाह रोकने के मकसद से प्रणालीगत समाधान पर भारतीय प्राधिकारियों के साथ चर्चा के लिए अक्टूबर में भारत की यात्रा की थी। इस मामले पर भारतीय पक्ष ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि नीतिगत तौर पर, वह एकतरफा प्रतिबंधों को स्वीकार नहीं करता और केवल संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को ही मान्यता देता है। सुलिवन ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, मैं रूस को उच्च प्राथमिकता वाली सामान्य वस्तुओं के अवैध प्रवाह को रोकने के उद्देश्य से प्रणालीगत समाधानों पर भारतीय प्राधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए अक्टूबर 2024 में दूसरी बार भारत की यात्रा की थी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ झारखंड और असम में प्रदर्शन

**भाषा।** रांची-गुवाहाटी

**पड़ोसी देश** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के विरोध में मंगलवार को झारखंड और असम में विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड की राजधानी रांची में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा एक विरोध मार्च आयोजित किया या जो मोरहाबादी मैदान से शुरू हुआ और अल्बर्ट एक्का चौक सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए राजभवन के पास समाप्त हुआ ।प्रदर्शन में शामिल लोगों ने तख्तियां ले रखी थी। इस दौरान बांग्लादेश की वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए तथा हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई तथा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग की गई ।सामाजिक कार्यकर्ता राकेश लाल ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है और मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है। मार्च के अंत में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा गया। इसमें राष्ट्रपति से बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हमले को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की गई। असम में अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर लोगों के एक समूह ने पड़ोसी देश में हिंदुओं के कथित उत्पीड़न के खिलाफ गुवाहाटी में बांग्लादेश के सहायक उच्चायुक्त कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। लोक जागरण मंच, असम के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने गुवाहाटी स्थित बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग के माध्यम से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को एक ज्ञापन भी सौंपा।




# प्रदर्शन को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं पर साधा निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों पर संसद नहीं चलने देने का आरोप लगाया और विरोध-प्रदर्शन करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि उनका व्यवहार नेता प्रतिपक्ष पद के अनुरूप नहीं है। कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में अदाणी के मुद्दे पर प्रदर्शन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अरबपति गौतम अदाणी के व्यंग्यात्मक चित्र छपे काले झोले थे और मोदी अदाणी, भाई-भाई लिखा था। इससे एक दिन पहले भी इंडिया के घटक दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान गांधी ने एक छद्म (मॉक) साक्षात्कार लिया जिसके तहत उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी का मुखौटा पहने कांग्रेस सांसदों से प्रतीकात्मक रूप से सवाल-जवाब किए। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार गठन के बाद से व्यावहारिक रूप से यह संसद का पहला पूर्ण सत्र है लेकिन विपक्ष इसे नहीं चलने दे रहा है जो उनकी असहिष्णुता को दर्शाता है ।उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, वे पाप करते हैं और बाद में सरकार पर आरोप लगाते हैं कि वह इसे काम नहीं करने दे रही है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। हमारे पास सरकारी काम है, विधेयक लंबित हैं। उन्होंने कहा, वे जॉर्ज सोरोस के साथ सब कुछ करते हैं। फिर एक भारतीय व्यापारी का नाम लेकर प्रधानमंत्री का अपमान करते हैं। देखिए वे किस स्तर तक गिर गए हैं। वे यहां (संसद परिसर में) जमीन पर प्रधानमंत्री की तस्वीर फेंकते हुए चले जाते हैं। जोशी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं क्योंकि वे नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं ।विपक्षी दलों पर संसद नहीं चलने देने का आरोप लगाते हुए भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मौजूदा शीतकालीन सत्र में वे जो नाटक कर रहे हैं, वह उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैं विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) के व्यवहार को देखकर हैरान हूं। जिस तरह से वह मास्क पहनाने (दो कांग्रेस नेताओं को) के बाद अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्डिंग कर रहे थे। विपक्ष के नेता इस तरह से व्यवहार करते हैं। पात्रा ने कहा कि इससे यह संदेह पैदा होता है कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता बनना चाहते हैं या कुछ और ।उन्होंने कहा, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उनका यह व्यवहार उन्हें शोभा नहीं देता। विपक्ष के नेता को एक जिम्मेदार व्यक्ति होना चाहिए।

## बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही हैं ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही है ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके। उन्होंने हाल ही मे दिल्ली के भोगल इलाके मे किराने की एक दुकान दौरा किया था जिसका वीडियो मंगलवार को अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'देश में लगभग 1.3 करोड़ किराना दुकानें है और क़रीब 15 से 20 करोड़ परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन दुकानों पर निर्भर होंगे। पिछले दिनों दिल्ली के भोगल स्थित एक ऐसी ही दुकान में जाकर वहां के दुकानदारों, काम करने वाले कामगारों और कुछ ग्राहकों से बातचीत की। उनके मुताबिक, दुकान के मालिकों ने मुझे बताया कि 'क्विक कॉमर्स बिजनेस' के आने के बाद से वे काफ़ी दबाव में है। बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही है ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके।राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी ने उनकी मुसीबतें और बढ़ा दी है अब उन्हें अत्यधिक टैक्स भी देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'किराने की दुकानों के इस नेटवर्क मे बड़ी संख्या मे श्रमिकों को नौकरी मिलती है। ऐसे ही नेटवर्क और छोटे बिजनेसेस हमारे देश की अर्थव्यवस्था को थाम कर रखे हुए है। इसीलिए मैं लगातार इन्हें मज़बूत करने की बात कर रहा हूं।

## अमित शाह ने हरियाणा से नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा सरकार से मंगलवार को कहा कि वह 31 मार्च तक तीनों नए आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई को लागू हुए थे, जिन्होंने क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है।शाह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में तीन नए कानूनों के हरियाणा में कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राज्य में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि अमित शाह ने बैठक के दौरान हरियाणा सरकार से तीन नए आपराधिक कानूनों का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीनों नए कानून नागरिकों के अधिकारों के रक्षक और सुगम न्याय का आधार बन रहे है।उन्होंने प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्एक जिले में एक से अधिक फोरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। शाह ने कहा कि शून्य प्राथमिकी की निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की होनी चाहिए तथा राज्यों के अनुसार उनका अन्य भाषाओं में अनुवाद सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन में तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए और मुख्य सचिव एवं डीजीपी को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार इसकी समीक्षा करनी चाहिए।

## प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का हक, वे यहां निवेश करें: राज्यपाल बागडे

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान में निवेश करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि उन पर राज्य का हक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवस्था में महती भूमिका निभाई है और अब समय राजस्थान को विकसित करने का है। बागडे यहां राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थानी जहां जाकर बसे, वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। राज्यपाल ने कहा कि ढाई करोड़ राजस्थानी बाहर प्रवास करते है, इन सबको मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा, प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश दुनिया में प्रवासी राजस्थानियों की मेहनत, कर्मठता और लगन से राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने यह निर्णय किया है कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए एक विशेष विभाग बनाया जाएगा। साथ ही, 10 दिसंबर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला : ईडी ने आईएएस अधिकारी और अन्य की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के जिला खनिज कोष (डीएमएफ) में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत छत्तीसगढ़ कैडर की आईएएस अधिकारी रानू साहू, राज्य आदिवासी विकास विभाग की पूर्व सहायक आयुक्त माया वारियर और कुछ अन्य की 21 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया, जिसमें 21.47 करोड़ रुपए मूल्य की भूमि, आवासीय संपत्तियां और सावधि एवं बैंक जमाएं कुर्क की गईं। ईडी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक ए संपत्तियां मामले के आरोपियों की है या उनके स्वामित्व में हैं। बयान में कहा गया इनमें साहू, वारियर, राधेश्याम मिर्झा, भुवनेश्वर सिंह राज, वीरेंद्र कुमार राठौड़, भरोसा राम ठाकुर, संजय शेंडे, मनोज कुमार द्विवेदी, ऋषभ सोनी और राकेश कुमार शुक्ला शामिल है। कथित डीएमएफ घोटाले में धन शोधन की जांच छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज तीन प्राथमिकियों का ईडी द्वारा संज्ञान लेने के बाद शुरू की गई थी। पुलिस ने ठेकेदारों द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों और अन्य के साथ मिलीभगत करके सरकारी धन की हेराफेरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। आरोप है कि डीएमएफ ठेकों को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए, ठेकेदारों ने भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों को ठेके की कुल राशि के 15-42 प्रतिशत के बराबर कमीशन और रिश्वत दी।

## गंगा में 1,400 से अधिक घड़ियाल,1,899 कछुए पुनः डाले जाने से जल की गुणवत्ता सुधरी: केंद्र

नई दिल्ली। जल शक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में।,400 से अधिक घड़ियाल और।,899 कछुए फिर से डाले गए है, जिसके परिणामस्वरूप जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में गंगा संरक्षण पर अधिकार प्राप्त कार्यबल (ईटीएफ) की 13वीं बैठक के दौरान इस घटनाक्रम पर प्रकाश डाला गया। यह बैठक नमामि गंगे मिशन के तहत की गई थी। बैठक में परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा गंगा नदी बेसिन के पुनरुद्धार की पहल पर चर्चा की गई। कछुए और घड़ियाल गंगा के पारिस्थितिकीय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होते है। कछुए गंगा को प्राकृतिक तरीके से साफ करते हैं, वे सड़ रहे जैव पदार्थ और शैवाल खाते है जिससे प्रदूषण को रोकने में मदद मिलती है और नदी में पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण सुनिश्चित होता है।घड़ियाल शिकार करके मछलियों की संख्या में संतुलन बनाए रखते है। उनके कारण मछलियों की संख्या आवश्यकता से अधिक नही बढ़ती और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान को रोका जा सकता है। मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पाटिल ने भारत की सभ्यता, आस्था और आजीविका में गंगा की महत्ता पर जोर दिया तथा इसके संरक्षण को राष्ट्रीय कर्तव्य बताया। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया और हितधारकों से नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आग्रह किया ताकि इनके क्रियान्वयन में देरी को रोका जा सके।

## एनआईए ने लाओस मानव तस्करी मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लाओस मानव तस्करी मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता हासिल की है। यह जानकारी एनआईए ने जारी एक बयान में दी। एनआईए के बयान में कहा गया है कि एजेंसी ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की मदद से कामरान हैदर नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कामरान हैदर की गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उसने कहा कि यह मामला साइबर अपराधों को अंजाम देने हेतु लाओस में लोगों को बंधक बनाने से संबंधित है। हैदर अपने साथी के साथ पीड़ितों के लिए हवाई जहाज के टिकट और दस्तावेजों की व्यवस्था करने तथा स्वर्णिम त्रिभुज (गोल्डन ट्राइंगल) क्षेत्र में अपने संपर्कों की मदद से उन्हें अवैध रूप से सीमा पार कराने में कथित रूप से सीधे तौर पर शामिल था। गोल्डन ट्राइंगल एक विशाल पर्वतीय क्षेत्र को कहा जाता है जिसमें म्यामां, थाईलैंड और लाओस के कुछ हिस्से शामिल है। एनआईए ने विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल तस्करों और दलालों के एक सुव्यवस्थित नेटवर्क से संबंधित मामले में अक्टूबर में हैदर और चार अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

## एक्सिस बैंक ने उत्तर प्रदेश में करेगा विस्तार

लखनऊ। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक उत्तर प्रदेश यूपी के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर अडिग है। इसी क्रम में कदम उठाते हुए बैंक इस प्रदेश में अपनी मौजूदगी का तेजी से विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैए ताकि राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के विजन का समर्थन किया जा सके। उत्तर प्रदेश में 492 शाखाओं और 1,327 एटीएम के मजबूत नेटवर्क और लखनऊ में 53 शाखाओं और 169 एटीएम के साथए बैंक ने राज्य में लाखों ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में खुद को स्थापित किया है। एक्सिस बैंक की महानगरों में कुल 135 शाखाएँ, शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 154 और 128 शाखाएँ हैंय और ग्रामीण बैंक रहित क्षेत्रों में 75 शाखाएँ हैं। महिला सशक्तिकरण पर अपने फोकस के अनुरूपए एक्सिस बैंक ने उत्तर प्रदेश में यूपी पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ 1090 और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से महिला आत्मरक्षा जागरूकता अभियानए ष्शक्ति सुरक्षा . एम्पॉवरिंग वीमेनए एंशुरिंग सेफ्टीष् शुरू किया है। महिलाओं को आवश्यक आत्मरक्षा कौशल से लैस करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 10 शहरों में आयोजित की जाएगी। इसके अलावाए बैंक ने राज्य में 25,684 से अधिक महिला उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता और ऋण तक पहुंच प्रदान करके सशक्त बनाया हैए जिससे स्थायी उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। उत्तर प्रदेश में एक्सिस बैंक के गहन निवेश की चर्चा करते हुए एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हैड ब्रांच बैंकिंग अर्निका दीक्षित ने कहा कि एक्सिस बैंक म उत्तर प्रदेश के साथ हमारा संबंध बैंकिंग से कहीं आगे जाता हैय यह राज्य की उल्लेखनीय विकास कहानी में अपनी ओर से महत्वपूर्ण योगदान देने के बारे में है। महिला उद्यमियों और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने से लेकर राज्य के प्रतिष्ठित धार्मिक गलियारों में डिजिटल इनोवेशन को आगे बढ़ाने तकए हम जीवन पर सार्थक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्सिस बैंक ने उत्तर प्रदेश में अनेक प्रभावशाली पहल शुरू की हैंए जिनका उद्देश्य डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है। यूपी सरकार के जल निगमए नगर निगम और विद्युत विभाग के साथ रणनीतिक सहयोग मेंए एक्सिस बैंक ने वाराणसी में 1 लाख क्यूआर कोड सफलतापूर्वक स्थापित किए हैंए जिसका लक्ष्य यूटिलिटी पेमेंट को आसान और सरल बनाते हुए 3 लाख घरों तक पहुँचना है।

# सीरिया में इजराइली युद्धक विमानों के घुसने का दावा

### इजराइल ने कहा कि बफर जोन में है सैनिक



**भाषा।** दमिश्क

**सीरिया के एक** युद्ध पर्यवेक्षक ने मंगलवार को कहा कि इजराइल ने सीरिया में भारी हवाई हमले किए हैं और उसके सैनिक देश में और अंदर घुसकर राजधानी के 25 किलोमीटर के भीतर तक पहुंच गए हैं। इजराइल ने उसके बलों के दमिश्क में घुसने की बात को खारिज किया है। दमिश्क में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने रात भर और मंगलवार को शहर और उसके उपनगरों में भारी हवाई हमलों की आवाज सुनीं। ऑनलाइन प्रसारित तस्वीरों में नष्ट हुए मिसाइल लांचर, हेलीकॉप्टर और युद्धक विमान दिखाई दे रहे हैं। दमिश्क पर कब्जा करने वाले हयात तहरीर अल-शम या एचटीएस के नेतृत्व वाले विद्रोही समूहों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। इजराइल ने पहले सीरिया के अंदर लगभग 400 वर्ग किलोमीटर के बफर जोन पर कब्जा कर लिया था, जिसे 1973 के पश्चिम एशिया युद्ध के बाद स्थापित किया गया था। यह कदम राष्ट्रपति बशर असद के अपदस्थ किए जाने के बाद हमलों को रोकने के लिए उठाया गया था। इजराइल ने यह भी कहा कि वह संदिग्ध रासायनिक हथियार स्थलों और भारी हथियारों पर हमला कर रहा है ताकि उन्हें चरमपंथियों के हाथों में पड़ने से रोका जा सके। इजराइली अधिकारी शायद ही कभी ऐसे हमलों को स्वीकार करते हैं। इजराइल का अपने पड़ोसियों के साथ युद्ध के दौरान क्षेत्र पर कब्जा करने और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अनिश्चित काल तक उस पर कब्जा रखने का एक लंबा इतिहास रहा है। उसने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में सीरिया से गोलान हाइट्स पर कब्जा कर लिया था।
ब्रिटेन से संचालित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स , जिसने लगभग 14 साल पहले गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से संघर्ष पर बारीकी से नजर रखी है, ने कहा कि विद्रोहियों द्वारा सप्ताहांत में असद को अपदस्थ करने के बाद से इजराइल ने देश भर में 300 से अधिक हवाई हमले किए हैं। ऑब्जर्वेटरी और बेरूत स्थित मायादीन टीवी, जिसके सीरिया में रिपोर्टर हैं, ने कहा कि इजराइली सैनिक लेबनान के साथ सीमा के सीरियाई हिस्से में आगे बढ़ रहे हैं। इन खबरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं था।

## अपनों की तलाश में हजारों लोग सीरिया की खौफनाक जेल पहुंच रहे

**दमिश्क (सीरिया)।** सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के शासन के खात्मे के बाद जिस जगह लोग सबसे पहले पहुंच रहे हैं, वह है सैदनाया जेल। अपनों की तलाश में सीरिया के कोने कोने से हजारों की संख्या में लोग इस खौफनाक जेल में पहुंच रहे हैं, जो अपनी भयावहता के लिए इतनी बदनाम जगह थी कि इसे लंबे समय तक कत्लखाना के रूप में जाना जाता था। बीते दो दिनों से ये लोग दमिश्क के बाहर स्थित ग्रुप, विशाल जेल में वर्षों या दशकों पहले गायब हुए अपने प्रियजनों मौजूदगी के निशान तलाशने के लिए इस जेल में उमड़ रहे हैं। लेकिन सोमवार को उम्मीद की जगह निराशा ने ले ली। लोगों ने गलियारों में लगे लोहे के भारी दरवाजे खोले और पाया कि अंदर की कोठरियां खाली थीं। हथौड़ों, फावड़ों और ड्रिल की मदद से लोगों ने फर्श और दीवारों में छेद कर दिए। वे उन चीजों की तलाश कर रहे थे जो उन्हें लगता था कि गुप्त कालकोठरी में छिपे हैं। वे ऐसी आवाजों का पीछा कर रहे थे जो उन्हें लगता था कि उन्होंने जमीन के नीचे से सुनीं हैं। हालांकि उनके प्रयास असफल रहे और उन्हें कुछ भी हाथ नहीं लगा। रविवार को जब दमिश्क पर विद्रोहियों का कब्जा हुआ तो उन्होंने सैदनाया सैन्य जेल से दर्जनों लोगों को रिहा कर दिया। तब से अब तक लगभग किसी का पता नहीं चल पाया है।

## इजराइलः नेतन्याहू भ्रष्टाचार के मामले में पहली बार कठघरे में खड़े हुए, गवाही दी

**भाषा।** तेल अवीव

**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में अपने खिलाफ लंबे समय से चल रहे मुकदमे में मंगलवार को पहली बार कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। ऐसा उन्होंने तब किया है जब उन्हें युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट का सामना करना पड़ा है और गाजा में भी लड़ाई जारी है। यह पहली बार है कि जब किसी मौजूदा इजराइली प्रधानमंत्री ने एक आपराधिक प्रतिवादी के रूप में कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। यह एक ऐसे राजनेता के लिए शर्मनाक है जिसने एक परिष्कृत और सम्मानित राजनेता के रूप में अपनी छवि बनाने की कोशिश की है। गवाही देना शुरू करने पर नेतन्याहू ने न्यायाधीशों को हैलो कहा। एक न्यायाधीश ने उनसे कहा कि उनके पास अन्य गवाहों के समान विशेषाधिकार हैं और वह अपनी इच्छानुसार बैठ सकते हैं या



खड़ा रह सकते हैं। तेल अवीव की खचाखच भरी अदालत में कठघरे में खड़े नेतन्याहू ने कहा, सच कहने के लिए मैंने इस पल का आठ साल तक इंतजार किया। उन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को निरर्थकता का भंडार करार दिया और वादा किया कि उनका बयान अभियोजन पक्ष के मामले को खत्म कर देगा। नेतन्याहू ने घटनाओं के बारे में बताना शुरू किया तो वह सहज दिखे। उन्होंने अपने जीवन के बारे में व्यक्तिगत विवरण साझा किए जिससे उन्हें उम्मीद रही होगी कि इससे न्यायाधीशों की उनके बारे में धारणा बनेगी।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके 15-17 दिसंबर को भारत की यात्रा करेंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके 15 दिसंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। मंत्रिमंडल ने यह घोषणा की गई। कैबिनेट के प्रवक्ता नलिंदा जयतिस्सा ने यहां पत्रकारों से कहा कि अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। जयतिस्सा ने कहा कि राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान उनके साथ विदेश मंत्री विजिता हेराथ और उप वित्त मंत्री अनिल जयंत फर्नांडो भी मौजूद रहेंगे। जयतिस्सा स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। सितंबर में देश का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद दिसानायके की 15-17 दिसंबर की भारत यात्रा उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उन्हें नई दिल्ली आने का निमंत्रण दिया था, जो दिसानायके की जीत के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद कोलंबो गए थे।

## भारत ने नवीनीकरण के लिए 85 लाख एमवीआर का दान दिया

माले। भारत ने मालदीव को उसके अड्डू शहर में स्थित राष्ट्रीय पुलिसिंग कॉलेज के नवीनीकरण के लिए 85 लाख एमवीआर (मालदीव मुद्रा रुफिया) का दान दिया है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर से मंगलवार को मिली। मालदीव के गृह, सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अली इहुसन ने कहा कि माले से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण में अड्डू शहर में राष्ट्रीय पुलिसिंग कॉलेज एवं कानून प्रवर्तन के नवीनीकरण के लिए सहायता भारत और मालदीव के बीच विशेष संबंध को दर्शाती है। समाचार पोर्टल एडीशन डॉट एमवी ने कहा कि मंत्री ने पुलिस अकादमी में 37वें पुलिस प्रारंभिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के स्नातक समारोह के दौरान दान के महत्व पर प्रकाश डाला और इस सहयोग के लिए भारत सरकार के प्रति आभार जताया।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर बातचीत सर्दियों में हो सकती है शुरू : पोलैंड के प्रधानमंत्री टस्क

वारसॉ (पोलैंड)। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसी देश यूक्रेन में युद्ध पर बातचीत सर्दियों में शुरू हो सकती है, क्योंकि उनका देश एक जनवरी को यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है। टस्क ने अपने मंत्रिमंडल को बताया, हमारी अध्यक्षता (यूरोपीय संघ में) अन्य बातों के अलावा, राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए भी जिम्मेदार होगी। बातचीत के दौरान स्थिति कैसी होगी, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह (बातचीत) इस वर्ष सर्दियों में शुरू होगी। पोलैंड, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने के खिलाफ कीव के सबसे मजबूत समर्थकों में से एक रहा है।

## एशियन पुनर्नवीनीकरण पर देगा जोर

मुंबई। एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलितद्ध को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। नए अल्टिमा प्रोटेक अभियान के बारे में एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगले बताते हैए एशियन पेंट्स मेंए हम जो कुछ भी करते हैंए नवाचार और प्रौद्योगिकी उसके केंद्र में हैं। रॉयल में टेफ्लॉन से लेकर अल्टिमा प्रोटेक में लैमिनेशन तकए और अब ग्राफीन.वंडर मैटिरियल .हमने लगातार श्रेणी में नए मानक स्थापित किए हैं। ग्राफीन.संचालित अल्टिमा प्रोटेक के साथए हम भारतीय घरों के लिए सबसे कठिन सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करकेए हम अपने उपभोक्ताओं के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

## श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को स्वदेश भेजा

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा देश की समुद्री सीमा में कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर गिरफ्तार किए गए 21 भारतीय मछुआरों को स्वदेश वापस भेज दिया गया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। अक्सर दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे की समुद्री सीमा में अनजाने में घुस जाने पर गिरफ्तार कर लिया जाता है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, श्रीलंका से 21 भारतीय मछुआरों के समूह को सफलतापूर्वक स्वदेश भेज दिया गया है। वे फिलहाल वापसी की राह में हैं। मछुआरा मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में विवाद का एक विषय रहा है। श्रीलंकाई नौसैन्य कर्मी श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से घुस जाने की कथित घटनाओं के दौरान पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलियां भी चला देते हैं और उनकी नौकाएं भी जब्त कर लेते हैं।

## ब्रिटेन ने सीरियाई नागरिकों की शरण मांगने की अर्जियों पर निर्णय स्थगित किया

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन ने सप्ताहांत** में बशर अल-असद के शासन का अंत होने के बाद शरण देने का अनुरोध करने वाले सभी सीरियाई शरणार्थियों की अर्जियों पर निर्णय स्थगित कर दिया है। सीरिया में असद शासन के अंत के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की अपील की है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि हजारों सीरियाई शरणार्थियों की इन अर्जियों को वह समीक्षा के लिए रखेगा। इसी तरह के कदम जर्मनी, यूनान और ऑस्ट्रिया ने भी उठाए हैं। एक बयान में कहा गया है, गृह मंत्रालय ने शरण देने का अनुरोध करने संबंधी सीरियाई नागरिकों की अर्जियों पर निर्णय रोक दिया है। हम मौजूदा स्थिति का आकलन कर रहे हैं। हम इन अर्जियों से संबंधित सभी देशों के दिशानिर्देशों की निरंतर समीक्षा करते रहते हैं, ताकि हम उभरते मुद्दों पर प्रतिक्रिया कर सकें। स्टॉर्मर ने इस सप्ताह मध्य पूर्व के दौरे पर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व के साथ बातचीत करते हुए सीरियाई संघर्ष से सबसे कमजोर और विस्थापित लोगों के लिए मानवीय सहायता के रूप में 1.1 करोड़ पाउंड की अतिरिक्त राशि की घोषणा की थी।

# ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी हरमीत ढिल्लों को नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की अमेरिकी हरमीत ढिल्लों को सोमवार को न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल नामित किया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर घोषणा की, मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के. ढिल्लों को नामित करते हुए खुशी हो रही है। ट्रंप ने कहा, हरमीत देश के शीर्ष चुनावी पैरोकारों में से एक हैं, जो यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रही हैं कि सभी और केवल वैध वोट की गिनती की जाए। वह डार्टमाउथ कॉलेज और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया लॉ स्कूल से स्नातक हैं और यूएस फोर्थ सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में कर्मी रही हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, हरमीत सिख धार्मिक समुदाय की एक सम्मानित सदस्य हैं। न्याय विभाग में अपनी नई भूमिका में हरमीत हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षक होंगी और हमारे नागरिक अधिकारों एवं चुनाव कानूनों को निष्पक्षता तथा दृढ़ता से लागू करेंगी। चंडीगढ़ में जन्मीं हरमीत (54) बचपन में ही अपने माता-पिता के साथ अमेरिका चली गई थीं। हरमीत ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, (नवनिर्वाचित) राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हमारे देश के नागरिक अधिकार एजेंडे में सहायता करने के लिए नामित किए जाने से मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। अपने महान देश की सेवा करना मेरा सपना रहा है।



## अमेरिका : तुलसी गबार्ड ने सीरिया में तख्तापलट के बाद सांसदों के समक्ष ट्रंप का समर्थन किया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पसंद तुलसी गबार्ड ने कैपिटल हिल में प्रमुख सांसदों से मुलाकात की और सीरिया में असद सरकार के तख्तापलट के बीच रिपब्लिकन नेता के दृष्टिकोण का समर्थन किया। डेमोक्रेट के रूप में आठ वर्षों तक सदन में हवाई का प्रतिनिधित्व करने वाली 43 वर्षीय हिन्दू-अमेरिकी गबार्ड ने सोमवार को सांसदों से मुलाकात की। गबार्ड ने अपने नामांकन पर शीर्ष अमेरिकी सांसदों से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं सीरिया के घटनाक्रम के संबंध में पिछले कुछ दिनों में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दिए गए बयानों का पूर्ण समर्थन करती हूं और उनसे पूरी तरह सहमत हूं। वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, गबार्ड को सीरियाई शासन पर अपने विचारों के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और सांसदों की ओर से संदेह का सामना करना पड़ा है। खबर के अनुसार, गबार्ड को 2017 की अपनी सीरिया यात्रा के बारे में सवालों का सामना करना पड़ सकता है, जहां उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति बशर असद से मुलाकात की थी। सप्ताहांत में विद्रोही गुटों ने तख्तापलट कर सीरिया पर नियंत्रण हासिल कर लिया और बसर असद को देश छोड़कर जाना पड़ा है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद पर नियुक्त किया है, जिन्होंने 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ दी थी।

## काश पटेल ने सांसदों से मुलाकात की, नामांकन को मिला समर्थन

*वाशिंगटन।* एफबीआई निदेशक के रूप में नामित भारतीय-अमेरिकी काश पटेल ने कैपिटल हिल में कई प्रभावशाली सांसदों से मुलाकात की, जिनमें से कई ने उनके नामांकन का खुले तौर पर समर्थन किया। यदि अमेरिकी सीनेट द्वारा पटेल की नियुक्ति की पुष्टि हो जाती है, तो पटेल अमेरिका की शक्तिशाली एजेंसी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी होंगे। ससंद की न्यायपालिका समिति के नए अध्यक्ष चक ग्रासली ने पटेल से मुलाकात के बाद एक बयान में कहा, आज मैंने काश पटेल को याद दिलाया कि पारदर्शिता जवाबदेही लाती है, और एफबीआई में इसकी बहुत जरूरत है।

## अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दें: राष्ट्रपति शी

बीजिंग।चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में शासन और उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बढ़ोतरी का निर्देश दिया है।चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के एक समूह अध्ययन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शी ने सोमवार को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शासन के लिए सबसे आधारभूत आवश्यकता के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता को प्राथमिकता देना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं और सीमावर्ती क्षेत्रों में संपूर्ण शासन प्रक्रिया के दौरान पार्टी के समग्र नेतृत्व को बनाए रखना आवश्यक है।सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंगलवार को उनके हवाले से कहा, चीनी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने में कोई भी सीमा क्षेत्र पीछे नहीं छूटे। हाल के वर्षों में चीन सैकड़ों सुविकसित गांव स्थापित करके भारत और भूटान सीमाओं के साथ तिब्बत में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।हालिया आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तिब्बत ने सुलभ सड़कों के साथ 600 से अधिक समृद्ध और उच्च-मानक वाले सीमावर्ती गांवों का निर्माण किया था।मुख्य पावर ग्रिड का विस्तार सभी सीमावर्ती कस्बों तक किया गया है। इसके साथ-साथ वहां डाक सेवाओं, मोबाइल संचार नेटवर्क और सुरक्षित पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## चीन अपनी संप्रभुता व हितों की रक्षा करेगा: ट्रंप के शुल्क बढ़ाने की धमकी पर राष्ट्रपति शी ने कहा

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मंगलवार को आगाह किया कि अमेरिका और चीन के बीच शुल्क तथा प्रौद्योगिकी की लड़ाई में जीत किसी की नहीं होगी तथा बीजिंग अपने हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। उनका यह बयान जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति पद की बागडोर संभालने से पहले आया है। शी ने बीजिंग में विश्व बैंक (डब्ल्यूबी), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सहित 10 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ की गई बैठक में कहा, शुल्क, व्यापार तथा प्रौद्योगिकी की लड़ाई आर्थिक कानूनों के विपरीत है और इनमें कोई भी विजई नहीं होगा। चीनी राष्ट्रपति ने बैठक के दौरान अमेरिका के साथ संबंधों के लिए चीन के सिद्धांतों पर जोर दिया। आधिकारिक मीडिया द्वारा यहां जारी की गई खबर के मुताबिक उन्होंने कहा, चीन हमेशा अपने मामलों पर ध्यान देगा और अपनी संप्रभुता, सुरक्षा एवं विकास से जुड़े हितों की दृढ़तापूर्वक रक्षा करेगा।

## ग्लोबल रोजगार भी उपलब्ध कराएगा भारत

**इंडियाना।** व्हीबॉक्स ईटीएस इंडिया स्किल्स रिपोर्ट .2025 ने सीआईआईए टैग्डएआईसीटीई और एआईयू के सहयोग से ग्लोबल टैलेंट मोबिलिटी के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण का अनावरण किया। यह वैश्विक कार्यबल की मांग को पूरा करने बढ़ती रोजगार क्षमता द्वारा आवश्यक कौशल, भर्ती का आशावादी इरादा और 2030 के लिए रोडमैप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। 35 वर्ष से कम आयु के 65 प्रतिशत भारतीय कार्यबल के साथ भारत का युवा और गतिशील प्रतिभा पूल,खाड़ी देशों, खासकर दक्षिण.पूर्व एशियाए यूरोप और अफ्रीका में उद्योगों की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है।भारतीय स्नातकों के बीच रोजगार क्षमता में इस साल सात प्रतिशत की स्थिर वृद्धि देखी गई है, जो पिछले साल के 51.25 प्रतिशत से 2025 में 54.81 तक पहुंच जाएगी। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत के कुशल पेशेवरए विशेष रूप से प्रौद्योगिकीए स्वास्थ्य सेवाए नवीकरणीय ऊर्जा और एआई के क्षेत्र के पेशेवरए वैश्विक नवाचार और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के मुख्य संयोजक और ईटीएस कम्पनी व्हीबॉक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ निर्मल सिंह ने कहाए श्यह दशक वैश्विक प्रतिभा गतिशीलता में अग्रणी के रूप में भारत का है। इस दशक को कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता के लिए एक बड़ा अंतर पैदा करेगा। आंतरिक भाषा प्रशिक्षण के साथ दीर्घकालिक और आंतरिक रूप से प्रमाणित कौशल कार्यक्रम शुरुआती कार्य अवसर प्रदान करने के लिए विजयी दांव होंगे। भारत से कुशल और प्रमाणित प्रतिभाएं उसे एक अनूठा लाभ और बढ़त प्रदान करती हैं।

## एआई से दुनिया में नौकरियों व कार्यबल में प्रगति

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी में होती प्रगति, कर्मचारियों की बदलती अपेक्षाएं और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताएं काम करने के तरीके में तेजी से परिवर्तन ला रही हैं। भविष्य की नौकरियो, कार्यबल, और कार्यस्थल का विश्लेषण करने के लिए इनडीड और नैसकॉम ने इनडीड की फ्लैगशिप ईवेंटए फ्यूचरवर्क्स 2024 में अपनी फ्यूचर ऑफवर्क रिपोर्ट बैलेंसिंग प्रायोरिटीज़ इन एन एआई.ड्राइवन वर्ल्ड का चौथा संस्करण पेश किया है। इस रिपोर्ट में नौकरी बाजार के मुख्य ट्रेंड्स तथा नियुक्ति में एआई की भूमिका के मुख्य ट्रेंड्स के बारे में बताया गया है और नियुक्ति प्रक्रियाओं के सरलीकरण व मानवीकरण तथा उनमें तेजी लाने के लिए अपडेट प्रदान किया गया है। वर्कस्ट्रीम में टेक्नोलॉजी का बढ़ता इंटीग्रेशन नौकरी के पारंपरिक दायित्वों में परिवर्तन ला रहा है। संगठनों में एआई का उपयोग बढ़ रहा है एआईध्एमएल और एनालिटिक्स सबसे ज्यादा मांग में बने हुए हैं, वहीं साईबरसुरक्षा क्लाउड से आगे निकलकर सबसे ज्यादा मांग में रहने वाला दूसरा क्षेत्र बन गई है। सबसे ज्यादा मांग में रहने वाली सर्वोच्च पाँच नौकरियों में डेटा साईंटिस्ट, एनालिस्ट, एआई,एमएल विशेषज्ञ, साईबरसिक्योरिटी विशेषज्ञ, क्लाउड आर्किटेक्ट,इंजीनियर और डेवऑप्स इंजीनियर हैं। इसके जवाब में एचआर लीडर्स मुख्य टेक्निकल कौशलों, सीखने की प्रवृत्ति और एनालिटिकल थिंकिंग एवं प्रॉब्लम.सॉल्विंग स्किल्स पर ज्यादा जोर दे रहे हैंए और इन्हें नियुक्ति का मुख्य मानदंड मान रहे हैं। साथ ही मौजूदा कार्यबल एवं भविष्य के कार्यबल एआई,जेनएआई में प्रोफिशियंसी, क्रिएटिविटी, कम्युनिकेशन, एवं लीडरशिप की स्किल्स को सफलता के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं।

## वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर होने का मिलेगा लाभ

यूरोप। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो.इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ.साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी,लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। दीर्घकालिक निवेशकों को उच्च मूल्यांकन के बीच एसेट क्वालिटी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर हो रही हैं क्योंकि मौद्रिक नीतियां नरमी की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अमेरिका,यूरोप और एशिया में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। घरेलू स्तर परए मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई ह, विशेष रूप से खाद्य कीमतें। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओए श्रीपाल शाह ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है। कच्चा तेल अगले साल भी वैश्विक चुनौतियों के कारण उतार.चढ़ाव का सामना करेगा, लेकिन मध्य पूर्व और रूस-यूक्रेन संघर्ष के तनाव कभी-कभी क्रूड की कीमतों को समर्थन भी दे सकता है।2025 में करेंसी में अस्थिरता की संभावना है, क्योंकि वैश्विक बाजारों में अमेरिकी प्रशासन की व्यापार नीतियों और राजकोषीय सुधारों से इसमें व्यवधान हो सकता हैए जिससे डॉलर के मजबूत होने की आशंका है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के विरोध में व्हाइट हाउस से यूएस कैपिटल तक मार्च निकाला गया

**भाषा।** वाशिंगटन

**बांग्लादेश में हिंदुओं** पर हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) से लेकर यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) तक मार्च निकाला। हमें न्याय चाहिए और हिंदुओं की रक्षा करो जैसे नारे लगाते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों ने निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन और नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश की नई सरकार से




हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहें और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्वाई भी करें। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में सोमवार को यह मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम के आयोजकों, स्टॉप हिंदूजेनोसाइड.ओआरजी , बांग्लादेशी डायसपोरा ऑर्गेनाइजेशंस और हिंदूएक्शन ने मांग की कि अमेरिका में स्थित कंपनियां बांग्लादेश से कपड़े खरीदना बंद करें, जो अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात पर काफी हद तक निर्भर है। हिंदूएक्शन के उत्सव चक्रवर्ती ने कहा, यह मार्च न्याय के लिए सिर्फ एक पुकार नहीं है, बल्कि यह जवाबदेही की मांग है। आज, बांग्लादेशी हिंदू समुदाय और भारतीय उपमहाद्वीप से बड़ा हिंदू प्रवासी बांग्लादेशी हिंदू समुदाय के समर्थन में आया है, क्योंकि बांग्लादेश विशेष रूप से चटगांव और रंगपुर क्षेत्र सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में हिंसा जारी है।

## द्वीप के पास बड़ी संख्या में चीनी सैन्य बलों की मौजूदगीः ताइवान का रक्षा मंत्रालय

**ताइपे।** चीन की गुप्त सैन्य टुकड़ी ताइवान के आसपास कुछ करने की योजना बनाती प्रतीत हो रही है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह एक औपचारिक सैन्य अभ्यास है या नहीं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटे में एक दर्जन चीनी नौसैनिक पोत और 47 सैन्य विमानों का पता लगाया है, लेकिन पिछले सैन्य अभ्यासों की तरह गोलाबारी संबंधी कोई गतिविधि नहीं देखी गई। रक्षा अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस बार तैनाती अधिक व्यापक क्षेत्र में की गई है, तथा अतिरिक्त जहाज ताइवान से आगे प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागों में भी जा रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल हसिह जिह-शेंग ने कहा कि चीन की नौसेना दो दीवारें बना रही है - एक ताइवान की परिधि पर और दूसरी पहली द्वीप श्रृंखला के बाहर, जो जापान से दक्षिण में और ताइवान से होते हुए फिलीपींस तक फैली हुई है। उन्होंने ताइवान और चीन के बीच के जल क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा, वे जो संदेश दे रहे हैं वह बहुत सीधा है: ताइवान जलडमरूमध्य हमारा है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की हाल की विदेश यात्रा, जिसमें हवाई और गुआम (जो एक अमेरिकी क्षेत्र है) भी शामिल थे, के जवाब में चीन की सेना संभावित अभ्यास के लिए तैयारी कर रही है।

## फिलीपीन में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद कई गांवों को खाली कराया गया

मनीला। फिलीपीन के मध्य क्षेत्र में ज्वालामुखी फटने के बाद मंगलवार को लगभग 87 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।ज्वालामुखी फटने के बाद उससे गैस तथा राख का विशाल गुबार निकलता देखा गया और मलबे के साथ अत्यधिक गर्म लावा पश्चिमी ढलानों से नीचे की ओर बहता दिखा। केंद्रीय नीग्रोस द्वीप पर माउंट कनलाओन ज्वालामुखी में हुए हालिया विस्फोट में तत्काल कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन चेतावनी को एक स्तर और बढ़ा दिया गया है जो और अधिक तीव्र विस्फोट होने की आशंका जता रही है। फिलीपीन के मुख्य ज्वालामुखी विज्ञानी टेरेसिटो बैकोलकोल और अन्य अधिकारियों ने बताया कि ज्वालामुखी की राख एंटीक प्रांत सहित पश्चिम में 200 किलोमीटर से अधिक दूर तक समुद्री क्षेत्र में गिरी। राख के गुबार की वजह से दृश्यता कम हो गई और स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो गया।

## जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ से 10 लोगों की मौत

सुकाबूमि (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग लापता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुकाबूमी में बचाव अभियान प्रमुख लेफ्टिनेंट कर्नल युडी हरियांटो ने बताया कि पिछले सप्ताह से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदियां उफान पर है और पश्चिमी जावा प्रांत के सुकाबूमी जिले के 170 से अधिक गांवों में बाढ़ आ गई है, तथा कई जगह भूस्खलन हुआ है। हरियांटो ने बताया कि भूस्खलन, अचानक आई बाढ़ और तेज हवाओं ने 172 गांवों को तबाह कर दिया और 3,000 से ज्यादा लोगों को अस्थाई सरकारी आश्रयों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारियों ने लगभग।,000 लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी है क्योंकि खराब मौसम की वजह से 400 से ज्यादा मकानों को खतरा है।

## मैक्सिकोः 2021 में हुई बस दुर्घटना मामले में मानव तस्करी के आरोप पर ग्वाटेमाला के छह लोग गिरफ्तार

लारेडो (अमेरिका)। मैक्सिको में 2021 में हुए सेमी ट्रेलर ट्रक दुर्घटना मामले में ग्वाटेमाला के छह लोगों को मानव तस्करी के आरोप में सोमवार को ग्वाटेमाला और टेक्सास से गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका और ग्वाटेमाला के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में 50 से अधिक प्रवासियों की मौत हो गई थी। ट्रक में कम से कम 160 प्रवासी सवार थे, जिनमें से कई ग्वाटेमाला के रहने वाले थे। यह ट्रक दक्षिणी राज्य चियापास की राजधानी टक्सटला गुटिरेज में पैदल यात्रियों के लिए बने पुल के क हिस्से से टकरा गया था जिससे 50 से अधिक प्रवासियों की जान चली गई थी। आरोपियों पर षडयंत्र रचने, जीवन को खतरे में डालने, गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने और परिणामस्वरूप मृत्यु का आरोप लगाया गया।

# अच्छे पाठकों की मस्तिष्क संरचना अलग

**भाषा।** स्वीडन

**रीडिंग एजेंसी** के शोध में पाया गया है कि मनोरंजन के लिए पढ़ने वाले लोगों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। ब्रिटेन के 50 प्रतिशत वयस्कों का कहना है कि वे नियमित रूप से नहीं पढ़ते (2015 में यह संख्या 42 प्रतिशत थी) और 16-24 वर्ष की आयु के लगभग चार में से एक युवा का कहना है कि पढ़ना कभी भी उनका शौक नहीं रहा। लेकिन इसके क्या निहितार्थ हैं? क्या लोगों द्वारा पढ़ने के बजाय वीडियो को प्राथमिकता देने से हमारे मस्तिष्क या प्रजाति के रूप में हमारे विकास पर असर पड़ेगा? अच्छे पाठकों की मस्तिष्क संरचना वास्तव में किस प्रकार की होती है? न्यूरोइमेज में प्रकाशित मेरे नए अध्ययन में इन पर प्रकाश डाला गया है। मैंने।,000 से अधिक प्रतिभागियों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि अलग-अलग क्षमताओं वाले पाठकों की मस्तिष्क संरचना में अलग-अलग विशेषताएं थीं। जो लोग पढ़ने में अच्छे थे उनमें मस्तिष्क के बाएं हिस्से के दो क्षेत्रों की संरचना भिन्न थी, जो भाषा के लिए महत्वपूर्ण



हैं। इनमें से एक टेम्पोरल लोब (मस्तिष्क का हिस्सा) का अग्र भाग था। बायां टेम्पोरल पोल विभिन्न प्रकार की सार्थक सूचनाओं को जोड़ने और वर्गीकृत करने में मदद करता है। पैर जैसे शब्द का अर्थ समझने के लिए, यह मस्तिष्क क्षेत्र विभिन्न जानकारी को जोड़ता है, जो यह बताता है कि पैर कैसे दिखते हैं और कैसे चलते हैं। इसी तरह, दूसरा हिस्सा है हेशल गाइरस , जो ऊपरी टेम्पोरल लोब पर स्थित एक तह है, जिसमें कॉर्टेक्स (मस्तिष्क की सबसे बाहरी परत) स्थित होती है। बेहतर पढ़ने की क्षमताओं का संबंध मस्तिष्क के दाएं हिस्से की तुलना में बाएं हिस्से में टेम्पोरल लोब के बड़े अग्र भाग से पाया गया। इससे यह समझ में आता है कि एक बड़े मस्तिष्क क्षेत्र के अर्थ के लिए समर्पित होने से शब्दों को समझना और इसलिए पढ़ना आसान हो जाता है। आकार क्यों मायने रखता है- क्या मोटा होना हमेशा बेहतर होता है? जब कॉर्टेक्स संरचना की बात आती है, तो नहीं, ए जरूरी नहीं है। हम जानते हैं कि अधिकांश लोगों के बाएं गोलार्ध में श्रवण कॉर्टेक्स में अधिक माइलिन होता है। माइलिन एक वसायुक्त पदार्थ है जो तंत्रिका तंतुओं के लिए एक वाहक के रूप में कार्य करता है। यह तंत्रिका संचार की गति को बढ़ाता है और मस्तिष्क कोशिकाओं के स्तंभों को एक दूसरे से अलग भी कर सकता है। माना जाता है कि तंत्रिका स्तंभ छोटी प्रसंस्करण इकाइयों के रूप में कार्य करते हैं।तो क्या पतला होना बेहतर है? फिर से, जवाब है नहीं, ए जरूरी नहीं है। जटिल क्षमताएं जिनमें सूचना को एकीकृत करने की आवश्यकता होती है, उन्हें मोटे कॉर्टेक्स से लाभ मिलता है। सूचना को एकीकृत करने के अपने जटिल तरीके के कारण अग्र टेम्पोरल लोब वास्तव में सभी कॉर्टेक्स क्षेत्रों में सबसे मोटी संरचना है। ध्वनि विज्ञान एक अत्यधिक जटिल कौशल है, जहां विभिन्न ध्वनि और विशेषताओं को भाषण ध्वनियों में एकीकृत किया जाता है। इसका बाएं हेशल गाइरस के पास के क्षेत्र में एक मोटे कॉर्टेक्स के साथ संबंध प्रतीत होता है।

# भारतीय बल्लेबाजों ने लाल गेंद से अभ्यास किया



**एडीलेड।** गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में 10 विकेट से करारी हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में भारतीय बल्लेबाजों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी के लक्ष्य के साथ मंगलवार को यहां लाल गेंद से कड़े नेट सत्र में हिस्सा लिया।आस्ट्रेलिया की टीम शनिवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंच गई है लेकिन भारतीय टीम ने लाल गेंद के अपने कौशल को निखारने पर ध्यान देने के लिए यहीं रुकने का फैसला किया। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक तकनीक और गेंदों को छोड़ने पर ध्यान दिया।भारतीय टीम के अभ्यास का वीडियो साझा करते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर लिखा, अब आगे के बारे में सोचने का समय है। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी यहां एडीलेड में शुरू हो चुकी है। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक (52) के साथ सिर्फ 142 रन बना पाए हैं। वह अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और मंगलवार को उन्होंने भारतीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों का सामना करते हुए, जल्दी से जल्दी लय हासिल करने का लक्ष्य रखा।दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रोहित ने दो पारियों तीन और छह रन बनाए। वह पहली पारी में पगबाधा हुए जबकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उन्हें बोल्ड किया।पर्थ में पहले टेस्ट में शतक के साथ 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त करने वाले कोहली गुलाबी गेंद के टेस्ट में दोनों पारियों में विकेट के पीछे आउट हुए। उन्होंने पहली पारी में दूसरी स्लिप जबकि दूसरी पारी में विकेट को कैच थमाया।स्टार भारतीय बल्लेबाज कोहली ने पूरे जज्बे के साथ अभ्यास किया। उन्होंने नेट सत्र की शुरुआत में सावधानी बरती लेकिन फिर धीरे-धीरे लय में आ गए। लोकेश राहुल अधिक शांत दिखे। उन्होंने अपने डिफेंस पर अधिक ध्यान दिया जबकि ऋषभ पंत ने कुछ पिक अप शॉट खेले। शुरुआती टेस्ट में भारत की 295 रन की विशाल जीत में 161 रन की पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और भारतीय गेंदबाजों के सामने भी आक्रामक रुख अपनाया। गेंदबाजी इकाई में हर्षित राणा, आकाश दीप, यश दयाल और रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन तिकड़ी शामिल थी जबकि कुछ थ्रोडाउन विशेषज्ञ भी थे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी के साथ-साथ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने अधिक पसीना नहीं बहाया।भारत को बुधवार को ब्रिसबेन पहुंचना है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के सभी टिकट बिके

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन (बॉक्सिंग डे) के सभी टिकट बिक गए है जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की इस श्रृंखला के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है।टिकटों की यह भारी मांग ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला मे शानदार वापसी के बाद देखने को मिली है। भारत ने पर्थ मे खेला गया पहला टेस्ट मैच 295 रन से जीता था लेकिन ऑस्ट्रेलिया एडिलेड मे दूसरे टेस्ट मैच मे 10 विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने मे सफल रहा।बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले इन दोनो टीम के बीच शनिवार से ब्रिस्बेन मे तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के आम जनता के लिए उपलब्ध सभी टिकट बिक गए है। 24 दिसंबर को आम जनता के लिए कुछ और टिकट जारी किए जा सकते है।

# क्लीन स्वीप से बचने की कोशिश करेगा भारत

## ●ऑस्ट्रेलिया से तीसरा और अंतिम वनडे आज

भाषा। पर्थ

**पहले दो मैच में** करारी हार से आहत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप से बचने और अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। सात बार के विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया ने अभी तक तीन मैच की श्रृंखला में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा है जबकि भारत ने तीनों विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया है।दूसरे वनडे में रिकॉर्ड 122 रन की हार से भारत की कमजोरी का पता चलता है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम किसी भी समय 372 रन के लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी।भारत को सबसे अधिक निराश उसकी दो स्टार बल्लेबाजों कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना ने किया है।मंधाना ने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 17 रन ही बना पाई है। इस सलामी बल्लेबाज की निगाह फॉर्म में लौटने पर टिकी होगी।हरमनप्रीत अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रही है। उन्होंने दो मैच में 57 रन बनाए हैं। भारतीय टीम इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में जल्दी बाहर हो गया था और तब से हरमनप्रीत की बल्लेबाजी और कप्तानी पर नजर रखी जा रही है।लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर की गई शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने कुछ अलग संयोजन आजमाए लेकिन

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बंगाल के शमी पर रहेंगी नजरें

भाषा। बेंगलुरु

**टखने की** सर्जरी से उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बुधवार को जब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) टी20 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे तो उनके सामने बंगाल के लिए एक और प्रभावी प्रदर्शन के साथ अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को दूर करने की चुनौती होगी। बंगाल ने सोमवार को शमी के हरफनमौला खेल से चंडीगढ़ पर तीन रन की रोमांचक जीत से अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। शमी ने 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंद में नाबाद 32 रन बनाने के बाद चार ओवर में सिर्फ 25 रन खर्च कर एक सफलता हासिल की। उन्होंने इस दौरान 13 डॉट गेंदें डाली और अच्छी गति से गेंदबाजी की। चोट से वापसी के बाद शमी ने एक रणजी और आठ टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 64 ओवर की गेंदबाजी में 16 विकेट लिए हैं। बड़ौदा की टीम इस सत्र मे शानदार लय में है।

## केएसएलटीए ने पूर्व अध्यक्ष एसएम कृष्णा के निधन पर शोक व्यक्त किया

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) ने मंगलवार को अपने पूर्व अध्यक्ष एसएम कृष्णा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य संघ को वैश्विक टेनिस मानचित्र पर जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। केएसएलटीए के निवर्तमान अध्यक्ष और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने एक बयान में कहा, मुझे एसएम कृष्णा के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। केएसएलटीए और सभी टेनिस प्रशंसकों की ओर से मैं इस कठिन समय में एसएम कृष्णा के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, कृष्णा ने राज्य में टेनिस को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और केएसएलटीए को वैश्विक टेनिस मानचित्र पर स्थापित किया। उनका निधन टेनिस जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## आईसीसी ने सनी ढिल्लों पर छह साल का प्रतिबंध लगाया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अबुधाबी टी10 लीग में एक फ्रेंचाइजी के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों को मैच फिक्स करने के प्रयास के लिए मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। ढिल्लों पर पिछले साल आरोप लगाया गया था। उनका प्रतिबंध 13 सितंबर 2023 से लागू माना जाएगा जब उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था। आईसीसी ने बयान में कहा, सनी ढिल्लों को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है और उन्हें सभी तरह की क्रिकेट से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## पूजा ने राष्ट्रीय अंडर-18 रिकॉर्ड के साथ हेप्टाथलन का स्वर्ण पदक जीता

भुवनेश्वर। हरियाणा की पूजा ने मंगलवार को 39वी राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंडर-18 वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ हेप्टाथलन का स्वर्ण पदक जीता। कलिंगा स्टेडियम में स्वर्ण जीतने के दौरान पूजा ने राष्ट्रीय अंडर-18 महिला ऊंची कूद के रिकॉर्ड को 1.85 मीटर तक सुधारने के एक दिन बाद हेप्टाथलन में 5,102 अंक हासिल किए जो इस साल की शुरुआत में आर खातून द्वारा बनाए गए 4,357 अंक के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर था। तेलंगाना की श्रीतेजा थोलेम ने भी 5,087 अंक हासिल करके पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड मे सुधार किया लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा की खुशी ने 4,350 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप कल से

**नई दिल्ली।** शॉटगन स्पर्धाओं के साथ बृहस्पतिवार को यहां शुरू हो रही 67वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में रिकॉर्ड 13,522 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।शॉटगन (11 दिसंबर 2024 से 19 जनवरी 2025) और पिस्टल (13 दिसंबर 2024 से पांच जनवरी 2025) स्पर्धाओं का आयोजन यहां डॉ कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज मे होगा जबकि राइफल की राष्ट्रीय स्पर्धाएं 15 से 31 दिसंबर तक भोपाल की एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज मे होगी। ग्रुप दो और ग्रुप तीन के स्कीट निशानेबाजो के लिए आधिकारिक प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण बुधवार को आयोजित किया जाएगा जबकि क्वालीफिकेशन दौर बृहस्पतिवार से शुरू होंगे। ग्रुप एक के निशानेबाज 21 दिसंबर से रेंज में उतरेंगे।

# आजाद का आरोप, डीडीसीए ने पिछले साल बीसीसीआई से मिले 140 करोड़ का कुछ हिस्सा ही खर्च किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष पद के लिए इस सप्ताह होने वाले चुनावों में मौजूदा अध्यक्ष रोहन जेटली को चुनौती देने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने मौजूदा अधिकारियों पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मिले लगभग 140 करोड़ रुपए का केवल एक हिस्सा ही खर्च किया।पीटीआई द्वारा संपर्क करने के प्रयासों के बावजूद जेटली सहित डीडीसीए के मौजूदा पदाधिकारियों ने आजाद के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। डीडीसीए की बैलेंस शीट के अनुसार राज्य इकाई को पिछले वित्तीय वर्ष में बीसीसीआई से 70 करोड़ रुपए की अनुदान आय (अनुदान या सब्सिडी के रूप में प्राप्त धन) प्राप्त हुई जबकि आईपीएल आय, बीसीसीआई से मैच फीस और अंतरराष्ट्रीय मैचों की टिकट बिक्री सहित अन्य स्रोतों से उसे लगभग 67 करोड़ रुपए की कमाई हुई।आजाद ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, डीडीसीए को बीसीसीआई से प्रति वर्ष 140 करोड़ रुपए मिलते हैं, लगभग 12 करोड़ रुपए प्रति माह और 40 लाख रुपए प्रतिदिन। संघ को जो अनुदान मिला उसका कुप्रबंधन हुआ है। खातों का उचित तरीके से ऑडिट नहीं किया गया। क्रिकेट पर केवल सात करोड़ रुपए खर्च किए गए। बाकी पैसा कहां जा रहा है। डीडीसीए के चुनाव 13 से 15 दिसंबर तक होने हैं। नतीजे 16 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और बर्धमान-दुर्गापुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद आजाद ने जेटली को चुनाव से पहले स्वस्थ बहस के लिए आमंत्रित किया था लेकिन डीडीसीए के मौजूदा अध्यक्ष मंगलवार को इसके लिए नहीं पहुंचे।

# पर्थ में हार के बाद स्तब्ध थे खिलाड़ी, कमिंस के आक्रामक वापसी की : गिलक्रिस्ट




**एडिलेड।** महान विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि भारत के खिलाफ पर्थ टेस्ट में हार के बाद हुई आलोचना से ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी स्तब्ध थे, लेकिन कप्तान पैट कमिंस की नियंत्रित आक्रामकता के दम पर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी करने में सफल रहा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे मैच को 10 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला को।-। से बराबर किया। गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, आप उनके (कमिंस) जश्न से देख सकते हैं कि... उन्होंने जो भी विकेट लिया वह अपने जश्न में अधिक आक्रामक दिख रहे थे। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि उन्होंने बहुत खराब प्रदर्शन किया लेकिन पर्थ में हार के बाद खिलाडि़यों को थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और इससे वे बहुत निराश हुए होंगे। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, तो यह (एडिलेड में जश्न का तरीका) आपको दिखाता है कि उनके लिए इसके क्या मायने है। वे जानते थे कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस स्तर पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

## सिराज को समय से पहले जश्न मनाने से रोके भारत: टेलर

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि मोहम्मद सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की प्रवृत्ति है और भारतीय टीम मे उनके सीनियर साथियो को इस मुद्दे पर इस तेज गेंदबाज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना बुरा लगता है।टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियो की तरफ दौड़ पड़ते है।टेलर ने नाइन न्यूज़ से कहा, जहां तक मोहम्मद सिराज का सवाल है तो मै चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नही, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हे लगता है कि उन्होने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नही है और जश्न मनाना शुरू कर देते है। मुझे लगता है क यह उनके और खेल के लिए अच्छा नजारा नही होता है।

# विश्व शतरंज चैंपियनशिप: लिरेन के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेंगे गुकेश



**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश महत्वपूर्ण बढ़त गंवाने के बाद बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में जब गत चैंपियन डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उन्हें वापसी करने के अपने दृढ़ संकल्प पर भरोसा करना होगा।

सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे। इस 14 दौर के मुकाबले में 12 दौर के बाद स्कोर 6-6 से बराबर है और जो भी खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 तक पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा। अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो फिर टाइब्रेक का सहारा लिया जाएगा। गुकेश के पास 11वीं बाजी जीतने के बाद 7.5 के जादुई अंक तक पहुंचने का मौका था लेकिन वह अगली बाजी हार गए। भारतीय खिलाड़ी को अगली बाजी सफेद मोहरों से खेलनी है और पूरा विश्वास है कि क्लासिकल प्रारूप में खेले जा रहे इस मुकाबले की इस महत्वपूर्ण बाजी में वह आक्रामक रवैया अपनाएंगे।

# यह महत्वपूर्ण है कि खेल शिक्षा का हिस्सा बने क्योंकि यह हारने का महत्व सिखाता है: अगासी

**बेंगलुरू।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी ने मंगलवार को शिक्षा के हिस्से के रूप में खेलों को बरकरार रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल बच्चों को हारने का महत्व सिखाते हैं।अगासी बेंगलुरू में टीआईई ग्लोबल समिट 2024 में उत्कृष्टता की नींव के रूप में खेल और शिक्षा के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे।अगासी ने कहा, यहां तक कि जब आप असफल होते हैं तो आपको अगले दिन फिर से खेलना होता है। इसलिए खेल आपको यह सिखाते हैं कि जीतने और हारने पर ध्यान केंद्रित करना वास्तव में उस चीज से आपका ध्यान भटकाता है जिसके बारे में हमें सोचने की जरूरत है। हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि कैसे बेहतर होना है। वर्ष 2001 से वंचित तबके की शिक्षा में निवेश कर रहे अगासी ने साझा किया कि उन्होंने अमेरिका में लगभग 80,000 बच्चों के लिए 130 स्कूल बनाने में मदद की है। इस उपलब्धि का श्रेय वह चुनौतियों से आगे रहने के लिए खुद को प्रेरित करने को देते हैं।

# विमलेश ने झटके चार विकेट, दैनिक जागरण सेमीफाइनल में



## एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024.25

## एलएसजेए एकादश को 7 विकेट से हराया

**लखनऊ।** दैनिक जागरण ने विमलेश कुमार 4 विकेट की धारदार गेंदबाजी के बाद प्रहलाद सिंह मावड़ी नाबाद 48 की उम्दा पारी से एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग के चौथे दिन एलएसजेए एकादश को 7 विकेट से शिकस्त दी। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर आयोजित लीग में दैनिक जागरण ने ग्रुप बी में दो मैचों में दो जीत के चलते 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। एलएसजेए एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 100 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज विक्रम श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। शुभम ने 21 व एसएम अरशद ने 13 रन का योगदान किया। एलएसजेए की टीम दैनिक जागरण के विमलेश कुमार की गेंदबाजी के आगे बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। विमलेश कुमार ने 4 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। नीतेश श्रीवास्तवए प्रशांत चतुर्वेदी व आलोक मिश्रा को 1.1 विकेट मिले। जवाब में दैनिक जागरण ने 15ण्5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज प्रहलाद सिंह मावड़ी ने 42 गेंदों पर 5 चौके की सहायता से नाबाद 48 रन की उम्दा पारी खेली। प्रहलाद ने धर्मेंद्र पाण्डेय ;15द्ध के साथ पहले विकेट के लिए 38 रन व आलोक मिश्रा ;14द्ध के साथ दूसरे विकेट के लिए 22 रन की साझेदारी की। एलएसजेए एकादश से विक्रम श्रीवास्तव को दो व राहुल जॉय को एक विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दैनिक जागरण के विमलेश कुमार को मिला। दिन के दूसरे मैच में डीडी एआईआर एकादश वॉकओवर के सहारे विजेता बनीं। इस मैच में प्रतिद्वंद्वी अमर उजाला की टीम मैदान पर उपस्थित नहीं हो सकी थी जिसके बाद अंपायरों ने डीडी एआईआर एकादश को विजेता घोषित किया।

# कई खेलों में राष्ट्रीय लीग शुरू करने की तैयारी में खेल मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**देश में बड़ी** संख्या में मौजूद प्रतिभाओं को मौका देने के उद्देश्य से खेल मंत्रालय कई (लगभग एक दर्जन) राष्ट्रीय खेल लीग (एनएसएल) शुरू करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय का मानना है कि यह 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि हालांकि समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है लेकिन योजना प्रक्रिया और खेलों की पहचान का काम अग्रिम चरण में है तथा समय आने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सूत्र ने पीटीआई को बताया, सरकार अपने महत्वाकांक्षी खेलों इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल लीग (एनएसएल) शुरू करने की योजना बना रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण, लीग (आयोजक) और उस खेल के राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) को लीग शुरू करने से पहले एक साथ लाया जाएगा। सूत्र ने कहा, एनएसएल की शुरुआत के बाद प्रत्एक खेल में केवल एक लीग होगी। ऐसा नहीं होगा कि एनएसएफ. एक लीग का आयोजन करे और मंत्रालय दूसरी लीग का। एक अन्य सूत्र ने पीटीआई को बताया कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) और प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) जैसी स्थापित और लोकप्रिय लीग को नहीं छुआ जाएगा जिन्हें सरकारी कोष की आवश्यकता नहीं है। केवल वे लीग जो संघर्ष कर रही हैं या जो शुरू की गई थीं लेकिन वित्तीय मुद्दों के कारण अपना समर्थन नहीं कर सकीं, सरकार उन खेलों में लीग शुरू करेगी। उन खेल खेलों में प्रतिभा को खोजने का एक तरीका है। सूत्र ने उन खेलों का खुलासा करने से इनकार कर दिया जिनमें मंत्रालय लीग शुरू करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि यह जल्द ही किया जाएगा।

## जमीनी स्तर पर विकास, शासन, पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण 2036 से पहले प्रमुख मुद्दे: मांडविया



नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत को 2036 तक अगर एक मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभरना है तो उसे जमीनी स्तर पर विकास के सिद्धांतों को अपनाते हुए प्रतिभा पोषण के लिए श्रेणीबद्ध शासन प्रणाली तैयार करनी होगी। खेल मंत्री ने इसके साथ ही युवाओं को पेशेवर खिलाड़ी बनाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर भी जोर दिया। मांडविया वर्तमान में 2036 ओलंपिक खेलो तक भारत को एक खेल महाशक्ति के रूप मे उभरने के लिए मंच तैयार करने के लिए एक त्रि-आयामी रणनीति को आकार दे रहे है। भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को आशय पत्र प्रस्तुत किया है। मांडविया ने पीटीआई से खास बातचीत मे कहा, खेलो को आगे ले जाने के लिए खेल विकास, खेल प्रशासन और खेल पारिस्थितिकी तंत्र जरूरी है। अगर हम इन तीन चीजों को एक साथ लगाएंगे, तभी देश में खेल समृद्ध हो सकते है। उन्होंने कहा, खेल विकास के तहत हमें प्रतिभा को पहचानना होगा।

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी अपनी इस भूमिका को निभाएंगे। यह घोषणा अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से कुछ महीने पहले की गई है। अफगानिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इंग्लैंड के 43 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 मे अफगानिस्तान के मुख्य कोच का पद संभाला था। उनके मार्गदर्शन में टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रगति की है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ट्रॉट को अफगानिस्तान की टीम के साथ अगले साल के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता है। वह अफगानिस्तान क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रॉट की नियुक्ति के बाद से अफगानिस्तान ने 34 एकदिवसीय मैच खेले है, जिनमें से 14 में उसने जीत हासिल की है। इस दौरान अफगानिस्तान ने जो 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले उनमें से 20 में उसे जीत मिली। अफगानिस्तान की टीम अभी जिंबॉब्वे का दौरा कर रही है जहां वह तीन टी20, तीन वनडे और जो टेस्ट मैच खेलेगी। ट्रॉट वनडे श्रृंखला के लिए ही अपनी सेवाएं दे पाएंगे।

### लखनऊ के कंकन शम्सी, अशर अबरार, लराइब किदवई व वंश पंजवानी चौथे दौर में

लखनऊ। लखनऊ के कंकन शम्सीए अशर अबरारए लराइब किदवई व वंश पंजवानी और दिल्ली के युवा काशिफखान ने तनुज कोहली मेमोरियल नॉर्थ इंडिया ओपन स्नूकर टूर्नामेंट में तीसरे दौर में बेहतरीन खेल दिखाया और चौथे दौर में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के तत्वावधान में कोहली परिवार द्वारा प्रायोजित व ग्रीन बैज़ स्नूकर एकेडमी फैजाबाद रोड लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के तीसरे दौर के अन्य मुकाबलों में प्रयागराज के सृजन सिंहए दिल्ली के प्रतीक चौधरी व मफान खान और देहरादून के रोहित गर्ब्याल भी जीते।लखनऊ के सीनियर स्नूकर प्लेयर कंकन शम्सी ने 56 के अद्भुत ब्रेक से सभी को प्रभावित किया और बेस्ट.ऑफफाइव मैच में हरियाणा के शोकीन मोहम्मद को 3.1 से हराया। शम्सी ने दबाव में भी संयम से खेलते हुए उम्दा शॉट लगाते हुए जीत हासिल की। लखनऊ के ही एक अन्य प्रसिद्ध स्नूकर खिलाड़ी अशर अबरार ने असाधारण कौशल और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए देहरादून के अपने प्रतिद्वंद्वी आदित्य बिष्ट को एकतरफा 3.0 से हराया। अशर ने पूरे मैच में दवाव बनाए रखा जिसके चलते पिछले दौर में उम्दा खेल दिखाने वाले आदित्य आक्रामक रणनीति नहीं अपना सके। अशर ने सटीक और कई प्रभावशाली ब्रेक के समन्वयसे हर फ्रेम पर अपना दबदबा बनाया। दिल्ली के युवा काशिफखान ने लखनऊ के हिमांशु सचदेवा के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी की और मैच को 3.1 से जीता। हिमांशु सचदेवा को निर्णायक फ्रेम में चूकने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इसका काशिफने पूरा फायदा उठाया। कल टूर्नामेंट में चौथे दौर के मुकाबले खेले जाएंगे।

### अमेजन गेम्स ब्रांड्स से लोगो को जोड़ेगा

मुंबई। अमेजन इंडिया ने अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा की है। यह 24 दिसंबर 2024 तक खरीदारों को खुशी प्रदान करने के लिए एकदम तैयार है। सोच.समझकर विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में लेगो, हॉट व्हील्सए नर्फ, हैस्ब्रो, स्किलमैटिक्ए बार्बी और अन्य सहित 10,000 से ज्यादा टॉयज और गेम्स ब्रांड्स के 16 लाख प्रोडक्ट्स का विस्तृत चयन प्रदर्शित किया गया है। यह स्टोर परिवारों और उपहार देने वालों के लिए गिफ्ट देने के अनुभव को और बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह हॉलिडे सीजन में प्रत्येक उपहार को यादगार बनाने के लिए खुशियां और एकजुटता साथ में लाता है। राजर्षि गुइनए डायरेक्टरए बुक्सए टॉयज एंड गेम्स, अमेजन इंडिया ने कहा कि अमेज़न इन पर हॉलिडे टॉय लिस्ट्ष् के 8वें संस्करण को पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही ह जो आपकी उपहार देने की सभी जरूरतों के लिए आपका भरोसेमंद डेस्टिनेशन है। जैसे-जैसे छुट्टियों का मौसम नजदीक आ रहा ह, ऐसे में हॉल को टॉयज और गेम्स के साथ सजाने का एकदम सही समय है, जो मौसम के जादू को बढ़ाते हैं। हॉलिडे थीम्ड बोर्ड गेम्स से लेकर रचनात्मक क्राफ्ट्स और स्टेम एक्टिविटीज तक हमारा सोच.समझकर विशेषरूप से तैयार किया गया विस्तृत चयन बच्चों और वयस्कों दोनों को खुश करता है। हमारे ब्रांड पार्टनर्स हाई क्वालिटी टॉयज और गेम्स का विस्तृत चयन प्रदान करते हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि आपको अविस्मरणीय पल बनाने के लिए एकदम सही उपहार मिलें।

### वोल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल

ब्रिस्बेन। भारत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के पहले जो मैच मे शानदार प्रदर्शन करने वाली 21 वर्षीय जॉर्जिया वोल को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम मे शामिल किया गया है। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज वोल ने भारत के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच मे नाबाद 46 रन बनाकर पदार्पण किया था। उन्होंने इसके बाद अगले मैच में शतक (101) बनाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया मे यह मैच 122 रन से जीत कर तीन मैचो की एकदिवसीय श्रृंखला मे 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसके साथ ही न्यू साउथ वेल्स ब्रेकर्स के वर्तमान मुख्य कोच गावन ट्विनिंग को अगले दो वर्षो के लिए महिला टीम के साथ क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग के लिए पूर्णकालिक सहायक कोच के रूप मे नियुक्त करने की भी पुष्टि की।

### विश्व कप 2034 की सऊदी अरब की मेजबानी पर मोहर लगाएगा फीफा

जिनेवा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा बुधवार को अपनी विशेष बैठक में 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबान के रूप में सऊदी अरब के दावे पर अंतिम मोहर लगाएगा। इसके अलावा 2030 मे होने वाले विश्व कप का आयोजन तीन महाद्वीप और छह देश मे करने के फैसले की भी पुष्टि की जाएगी। इस विश्व कप की मेजबानी तीन देशों स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को सौंपी गई है लेकिन इसके तीन मैच दक्षिण अमेरिकी देशों में खेले जाएंगे।उरुग्वे ने 1930 में पहले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। वह 2030 मे होने वाले विश्व कप के पहले मैच की मेजबानी भी करेगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह अभी इसी देश मे आयोजित किया जाएगा।

### खो-खो विश्वकप से पहले प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी मे अगले महीने होने वाले खो-खो विश्वकप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुआ।इस शिविर के लिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को चुना गया है। शिविर मे प्रदर्शन के आधार पर ही 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो-खो विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।